स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बृहस्पतिवार
23 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष 9
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 331 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

इस टीम में हार के डर के लिए कोई जगह नहीं है: श्रेयस अय्यर



### राम मंदिर ट्रस्ट का बड़ा फैसला

# नए सीईओ की नियुक्ति तक पांच संत संभालेंगे कमान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बुधवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। ट्रस्ट ने स्पष्ट किया कि नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति में अभी लगभग एक महीने का समय लग सकता है। तब तक मंदिर के प्रशासनिक और धार्मिक कार्यों की जिम्मेदारी संतों की समिति संभालेगी। ट्रस्ट के अनुसार, धार्मिक समिति का गठन गोविंद गिरी की अध्यक्षता में किया गया है। समिति में स्वामी रामानंद दास, महंत राजकुमार दास, स्वामी विश्वप्रसन्न तीर्थ, स्वामी कमलनयन दास, स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती और महंत दिनेंद्र दास शामिल हैं। यह समिति नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति तक मंदिर के संचालन और धार्मिक व्यवस्थाओं की देखरेख करेगी। बैठक में राम मंदिर में चढ़ावे की गणना में सामने आई अनियमितताओं और कथित चोरी के मामले पर भी चर्चा हुई। ट्रस्ट ने बताया कि इस



मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। साथ ही, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का भी संज्ञान लिया गया। ट्रस्ट ने बताया कि चढ़ावा गणना कक्ष सहित पूरे मंदिर परिसर में लगे बंद परिपथ दूरदर्शन कैमरों (सीसीटीवी) की निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है।
सुरक्षा अधिकारियों को इन कैमरों की सीधी निगरानी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सोने और चांदी के चढ़ावे की मात्रा तथा शुद्धता की जांच के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की टकसाल के साथ पहले से चल रही व्यवस्था जारी रखने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। बैठक के दौरान चढ़ावे की गणना प्रक्रिया में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की कथित लापरवाही पर भी न्यासियों ने नाराजगी जताई। ट्रस्ट ने बैंक के साथ वर्तमान कार्यप्रणाली और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना समाप्त की जा सके।

### डॉ. कृष्ण मोहन संभालेंगे महासचिव का कार्यभार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बुधवार को मणिराम दास छावनी में हुई महत्वपूर्ण बैठक करीब ढाई घंटे तक चली। बैठक में ट्रस्ट के प्रशासनिक और संगठनात्मक मामलों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक समाप्त होने के बाद ट्रस्ट ने अंतरिम व्यवस्था के तहत डॉ. कृष्ण मोहन को महासचिव का कार्यभार सौंपने का निर्णय लिया। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि डॉ. कृष्ण मोहन अगले आदेश तक महासचिव की जिम्मेदारी निभाएंगे। नियमित महासचिव की नियुक्ति को लेकर फिलहाल कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने की।

### नीट को लेकर प्रदर्शन पर केन्द्र सरकार और विपक्ष में घमासान

# 'छात्रों को गुमराह कर रहा विपक्ष'

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि दिल्ली में जारी विरोध-प्रदर्शन गंभीर चिंता का विषय हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश के छात्रों और युवाओं को कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए एक राजनीतिक औज़ार के रूप में इस्तेमाल करने का प्रयास कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने

#### राजनाथ बोले- उनकी हर चिंता सुनना हमारी जिम्मेदारी

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार विद्यार्थियों और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनके कल्याण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों की हर चिंता को सुनना और उसका समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार छात्रों और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा उनके कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार युवाओं के प्रति संवेदनशील है और यह सुनिश्चित करेगी कि किसी के साथ, खासकर छात्रों के साथ कोई अन्याय न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के कुछ नेता जनता के बीच बनावटी गुस्सा पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भारत के जागरूक, परिपक्व और विवेकशील युवा ऐसे भ्रामक प्रयासों को भली-भांति समझते हैं और वे प्रगति, विकास तथा राष्ट्रनिर्माण के मार्ग को ही चुनेंगे। राजनाथ ने कहा कि हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि किसी भी व्यक्ति, विशेषकर हमारे छात्रों और युवाओं के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न हो। विपक्ष के कुछ नेताओं द्वारा जान-बूझकर पैदा किया गया गुस्सा केवल जनता, विशेषकर हमारे बच्चों और युवाओं को भ्रमित करने और गुमराह करने का एक असफल प्रयास है। उन्होंने कहा कि युवाओं की भावनाओं और उनकी चिंताओं के प्रति हम पूरी तरह संवेदनशील हैं।

## प्रधानमंत्री छात्रों से माफी मांगें

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले और छात्रों के विरोध प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है। इसी क्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने छात्रों के समर्थन में केंद्र सरकार पर जबरदस्त हमला बोला है। राहुल गांधी ने 20 जुलाई को हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज पर सवाल उठाए। राहुल ने कहा- सवाल यह है कि यह क्यों हुआ? इस दौरान राहुल गांधी ने केंद्र सरकार के सामने तीन मांगें रखी हैं। पहली और पूरी तरह से जायज मांग यह है कि धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा मंत्री के तौर पर नाकाम रहे हैं और उन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, उन्हें उनके पद से हटाया जाए। यह 100 फीसदी जायज मांग है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने भारत और दुनिया को दिखा दिया है कि वे इस सिस्टम को चलाने में अक्षम हैं। एक के बाद एक परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं। दूसरी मांग यह है कि जिन लोगों ने हमारे छात्रों पर हिंसा की है, चाहे आदेश देने वाले हों या उसे अंजाम देने वाले, उन सभी को जवाबदेह ठहराया जाए। तीसरी बात यह है कि जो व्यक्ति इस पूरे सिस्टम को चला रहा है और जो आखिरकार इन सबके लिए जिम्मेदार है, उसमें इतनी शालीनता होनी चाहिए कि वह जो कुछ हुआ है, उसके लिए छात्रों से माफी मांगे।

**राहुल ने केंद्र सरकार के सामने रखीं तीन मांगे**
**प्रदर्शन को दिया समर्थन**

#### 'चर्चा में जितेंद्र सिंह की कोई जरूरत नहीं'

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के बयान पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, हम छात्रों के आंदोलन का पूरा समर्थन कर रहे हैं। हम इसका पूरा समर्थन कर रहे हैं... इस चर्चा में जितेंद्र सिंह की कोई जरूरत नहीं है। वह एक गैर-जरूरी व्यक्ति हैं। वह जो चाहें कह सकते हैं। वह इस चर्चा का एक गैर-जरूरी हिस्सा हैं। चर्चा बहुत सीधी-सी है। छात्रों की मांगें साफ हैं। पहली मांग है कि धर्मेंद्र प्रधान को हटाया जाए। दूसरी मांग है कि जिन लोगों ने छात्रों के साथ मारपीट की, उन्हें सजा दी जाए। तीसरी मांग है कि प्रधानमंत्री छात्रों से माफी मांगें।



### नीट पेपर लीक पर पटना में भी उग्र प्रदर्शन

**पटना।** पटना के जेपी गोलंबर पर पेपर लीक के विरोध और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्रों का प्रदर्शन उग्र हो गया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प व पथराव के बाद हालात नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछार की। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। जेपी गोलंबर पर प्रदर्शन खत्म करने के कुछ घंटे के अंदर ही सभी आइसा के बैनर तले सभी छात्र डाकबंगला चौराहे पर पहुंच गए और राजभवन की ओर बढ़ने की कोशिश करने लगे। इस बीच पटना पुलिस की टीम में डाकबंगला चौराहे पर बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया।

## छात्रों के मुद्दे पर राजनीति ठीक नहीं, हम नीट पर चर्चा को तैयार : नड्डा

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि छात्रों में मुद्दे पर राजनीति ठीक नहीं है। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी इस मुद्दे पर राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। उन्हें छात्र हितों की चिंता नहीं है।
जेपी नड्डा ने कहा कि पेपर लीक मुद्दे पर सरकार चर्चा के लिए तैयार है। चर्चा के लिए सदन सबसे उपर्युक्त स्थान है। हम शिक्षा पर चर्चा के लिए तैयार हैं। नड्डा ने कहा कि आरोप-प्रत्यारोप की जगह हम चर्चा चाहते हैं। छात्रों के मुद्दे पर सरकार गंभीर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जो छात्रों की मांग है, सबसे पहले मैं कहूंगा कि इसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। ये एक गहन समस्या है और इस समस्या का गहनता से चर्चा करने की आवश्यकता रहती है। नड्डा ने कहा

#### विपक्ष का विपक्ष पर हमला

कि मैं आज यहां ये भी कहना चाहूंगा कि शाम 4 बजे विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें उन्होंने लगभग 150 पेपर लीक के बारे में चर्चा की। ये जांच का विषय है और इसके लिए सरकार हर बात का जवाब जनता के सामने रखेगी। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को दिल्ली में चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर गंभीर चिंता जताई और विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह इसे अपने राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि वह सड़कों के बजाय संसद में मुद्दा उठाए। रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि कुछ विपक्षी नेता लोगों, खासकर युवाओं को गुमराह करने के लिए बनावटी गुस्सा दिखा रहे हैं। हम युवाओं की भावनाओं और चिंताओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील हैं। संसद का सत्र चल रहा है और सरकार ने हर मुद्दे पर सार्थक चर्चा करने की इच्छा जाहिर की है। लोकतंत्र में चर्चा के लिए संसद ही सही मंच है। अगर विपक्ष जनहित के मुद्दे उठाने के प्रति गंभीर है, तो उसे मानसून सत्र को सुचारु रूप से चलने देना चाहिए।

## बात करनी है तो सरकार जंतर-मंतर आए : सीजेपी

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी ने बुधवार को सरकार की बातचीत की पेशकश ठुकरा दी। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि वे बातचीत के लिए किसी के घर या दफ्तर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर सरकार बातचीत करना चाहती है तो जंतर-मंतर आए या उसके आसपास किसी जगह पर बैठक करे। अभिजीत दीपके ने सोनम वांगचुक से अनशन खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को उनकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी का शांतिपूर्ण प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। उधर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन का आज 33वां दिन था। बुधवार सुबह से हजारों प्रदर्शनकारी यहां मौजूद हैं। इस बीच सुरक्षा कारणों से दिल्ली के 16 मेट्रों स्टेशन बंद कर दिए गए है। सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि बुधवार सुबह दिल्ली पुलिस ने उन्हें बताया कि जेपी नड्डा उनसे बात करना चाहते हैं और उन्हें उनके आवास पर बुलाया गया था।

#### लाठीचार्ज पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

सुप्रीम कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी समर्थकों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया है। बुधवार को एक वकील ने सीजेआई की अगुआई वाली 3 जजों की बेंच के सामने जनहित याचिका लगाई थी। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हमें वीडियो देखने में कोई रुचि नहीं है। हमारे पास उन्हें देखने का समय नहीं है। जब वकील ने छात्रों के साथ मारपीट के वीडियो देखने का दूसरी बार अनुरोध किया तो सीजेआई ने कहा, 'हमारा और अपना समय बर्बाद मत कीजिए।'

## अस्पताल से सोनम वांगचुक की सरकार को चिट्ठी



**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षा सुधार की मांग को लेकर अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक ने अस्पताल से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को पत्र लिखकर

#### शर्तों के साथ अनशन खत्म करने की जताई तैयारी

कहा है कि यदि सरकार कुछ प्रमुख मांगों पर भरोसा देती है, तो वह अपना अनशन समाप्त करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आंदोलन में शामिल छात्रों और युवाओं की सुरक्षा, पेपर लीक से प्रभावित परिवारों को न्याय तथा शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग दोहराई।
अपने पत्र में सोनम वांगचुक ने बताया कि बीती रात अस्पताल में केंद्रीय मंत्रियों जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने इस मुलाकात के लिए दोनों नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया है। वांगचुक ने कहा कि पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को पर्याप्त मुआवजा दिया जाए। साथ ही इस पूरे मामले पर संसद में सार्थक चर्चा कराई जाए और जवाबदेही तय करने के लिए शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर भी विचार किया जाए। उन्होंने 20 जुलाई को आयोजित चलो संसद मार्च का उल्लेख करते हुए कहा कि पुलिस की सख्ती और बल प्रयोग के बावजूद प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा।

### कल्याण बनर्जी लोकसभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद कल्याण बनर्जी को पूरे मानसून सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्हें असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए निलंबित किया गया। यह कार्रवाई तब हुई, जब आरोप है कि बनर्जी ने टीएमसी के बागी सांसद को 'चोर' कहा। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के बीच स्थगित हुई। फिर सदन के अंदर टकराव की स्थिति बन गई।'

## हत्या के आरोपी नाबालिग पर चलेगा बालिग जैसा केस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर कानूनी शर्त पूरी होती हो तो हत्या के आरोपी नाबालिग पर बालिग की तरह मुकदमा चलाया

#### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी- जघन्य अपराध पर कोई रियायत नहीं!

जा सकता है क्योंकि किशोर न्याय कानून (जेजे एक्ट) के तहत ऐसा अपराध जघन्य अपराध माना जाता है।
जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने यह बात एक नाबालिग की अपील को खारिज करते हुए कही। यह अपील पटना हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ थी जिसमें एक लड़के की हत्या के मामले में उस नाबालिग पर बालिग की तरह मुकदमा चलाने की इजाजत दी गई थी। नाबालिगों पर बालिगों की तरह मुकदमा चलाने के कानूनी ढांचे को स्पष्ट करने वाले इस फैसले में शीर्ष अदालत ने कहा, हत्या (भादसं की धारा 302) को किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत जघन्य अपराध के तौर पर वर्गीकृत किया जाना चाहिए। इस मामले में आरोपी नाबालिग पर बिहार में एक लड़के का गला रेतने का आरोप था।
नाबालिग की उम्र 16 साल है। हाईकोर्ट ने कहा था कि अपीलकर्ता पर बालिग की तरह मुकदमा चलाने की जरूरत है और उसी के अनुसार किशोर न्याय बोर्ड को मामले का ट्रायल



नियमित कोर्ट में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया गया था। इस कानूनी लड़ाई का मुख्य आधार सजा तय करने की परिभाषाओं से जुड़ी एक तकनीकी बात थी। जेजे एक्ट के तहत, जघन्य अपराध वे होते हैं जिनमें कम से कम सात साल या उससे ज्यादा सजा का प्रावधान होता है। नाबालिग के वकील का तर्क था कि चूंकि भारतीय दंड संहिता की धारा 302 में मौत या उम्रकैद की सजा का प्रावधान है, लेकिन इसमें स्पष्ट रूप से कम से कम शब्द का इस्तेमाल नहीं किया गया है, इसलिए हत्या को जघन्य के बजाय गंभीर अपराध के तौर पर वर्गीकृत किया जाना चाहिए। पीठ की ओर से फैसला लिखते हुए जस्टिस पारदीवाला ने कहा, उम्रकैद, जरूरी तौर पर, हत्या के लिए कम से कम सजा है क्योंकि अदालतें धारा 302 के तहत दोषी ठहराए जाने पर उम्रकैद से कम सजा नहीं दे सकतीं। इसलिए इसे जघन्य अपराध के तौर पर वर्गीकृत किया जाएगा।

### वांगचुक से मिलने पहुंचे विपक्षी सांसदों को पुलिस ने रोका

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक से मिलने पहुंचे विपक्षी सांसदों को पुलिस ने रोक दिया। जिसके बाद आप सांसद संजय सिंह समेत सभी नेता मेदांता के गेट पर धरने पर बैठ गए। संजय सिंह ने कहा- इतिहास में पहली बार सुन रहे हैं कि अस्पताल में भर्ती किसी मरीज से लोगों को मिलने से रोका जा रहा है। हम सोनम वांगचुक से मिलने आए हैं। दरअसल 55 विपक्षी सांसदों ने वांगचुक को पत्र लिखकर अनशन खत्म करने की अपील की है। इनमें आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल , समाजवादी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के 15 सांसद शामिल हैं। वांगचुक पिछले 25 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। उन्हें पहले जंतर-मंतर से दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था।

### पीएम मोदी से मिले शरद पवार

**नई दिल्ली।** एनसीपी (एसपी) चीफ शरद पवार ने बुधवार सुबह पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मौके पर सुप्रिया सुले भी उनके साथ रहीं। यह मुलाकात संसद भवन में हुई। शरद पवार ने मोदी को एक पत्र भी सौंपा। दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई? अभी इसका ब्योरा सामने नहीं आया है। एक दिन पहले शरद पवार जंतर-मंतर पर चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी (केजेपी) के प्रदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने अभिजीत दिपके से मुलाकात की थी। शरद पवार की मोदी से मुलाकात ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। परिसीमन बिल पर बीजेपी को एनसीपी (एसपी) के 8 सांसदों का समर्थन चाहिए।

### फेमा केस में ललित मोदी को राहत

**नई दिल्ली।** आईपीएल-2009 को साउथ अफ्रीका में आयोजित कराने से जुड़े 15 साल पुराने फेमा मामले में पूर्व आईपीएल चेयरमैन ललित मोदी को बड़ी राहत मिली है। स्मगलर्स एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनिपुलेटर्स एक्ट (सफेमा) के तहत अपीलेट ट्रिब्यूनल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का उन पर लगाया जुर्माना रद्द कर दिया है। यह मामला 2009 में लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा कारणों से आईपीएल का दूसरा सीजन दक्षिण अफ्रीका में आयोजित कराने से जुड़ा है। ईडी का आरोप था कि बीसीसीआई ने आईपीएल 2009 के आयोजन के लिए करीब 4.98 करोड़ अमेरिकी डॉलर (243 करोड़ रुपए से अधिक) भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्व अनुमति के बिना विदेश भेजे थे।




रणनीति — इन दवाओं का उत्पादन अपने देश के भीतर चाहते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

# जेनेरिक दवाओं पर 200 प्रतिशत तक टैरिफ लगाएंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि अमेरिका अगस्त 2028 से विदेश से आयात होने वाली जेनेरिक

#### भारत पर भी इसका होगा असर


दवाओं पर भारी आयात शुल्क (टैरिफ) लगाएगा। उन्होंने कहा कि इस कदम का मकसद जेनेरिक दवाओं का उत्पादन अमेरिका के भीतर कराना है। इस फैसले का असर भारत पर पड़ सकता है, क्योंकि भारत अमेरिका को जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्यातक है।



ट्रंप ने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर कहा कि 1 अगस्त 2026 से अमेरिका में आने वाली सभी जेनेरिक दवाओं पर अगले दो साल तक टैरिफ शून्य फीसदी रहेगा। इसके बाद एक साल के लिए इसे 100 फीसदी कर दिया जाएगा। उसके बाद यह बढ़ाकर 200 फीसदी कर दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि 1 अगस्त 2026 से अमेरिका में लाई जाने वाली सभी जेनेरिक दवाओं पर अगले दो साल तक शून्य फीसदी आयात शुल्क रहेगा। इसके बाद एक साल के लिए यह 100 फीसदी होगा और उसके बाद 200 फीसदी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है, ताकि जेनेरिक दवाओं का उत्पादन फिर से अमेरिका में शुरू हो। उन्होंने कहा कि जो कंपनियां तय समय के भीतर अमेरिका में कारखाने और जरूरी उपकरण नहीं लगाएंगे, उन्हें इस नीति के तहत दंड का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप ने कहा कि इस नीति का मकसद अमेरिका के लोगों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने यह भी कहा कि पेटेंट वाली, ब्रांडेड और नई दवाओं से जुड़ी मौजूदा नीति में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और वह पहले की तरह जारी रहेगी।

#### भारत का अमेरिका को दवाओं का कितना निर्यात है

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 में भारत ने अमेरिका को 9.7 अरब अमेरिकी डॉलर की दवाओं का निर्यात किया। यह भारत के कुल वैश्विक दवा निर्यात 25.8 अरब अमेरिकी डॉलर का 36 प्रतिशत था। भारत को अक्सर दुनिया की दवा दुकान कहा जाता है, क्योंकि वह दुनिया के कई देशों को जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराता है।





# एसआरएमयू दीक्षांत समारोह : 7,519 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय (एसआरएमयू) का भव्य दीक्षांत समारोह बुधवार को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मुख्य सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में वर्ष

### ■ 405 मेधावियों को पदकों से किया गया सम्मानित

2021-22 से 2024-25 तक के 7,519 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपाधियां प्रदान की गईं। वहीं शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 405 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिनमें 232 स्वर्ण पदक, 165 रजत पदक तथा 8 कुलाधिपति एवं प्रति-कुलाधिपति पदक शामिल रहे। समारोह के मुख्य अतिथि डेक्कन कॉलेज (मानित विश्वविद्यालय), पुणे के कुलाधिपति एवं आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसर प्रो. (डॉ.) भूषण पटवर्धन तथा विशिष्ट अतिथि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के पूर्व महानिदेशक एवं पूर्व राजदूत अखिलेश मिश्रा रहे। कार्यक्रम की



अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति इं. पंकज अग्रवाल ने की। इस अवसर पर प्रति-कुलपति इं. पूजा अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी, शैक्षणिक सलाहकार आरुषी अग्रवाल सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह का सबसे प्रेरणादायी पहलू यह रहा कि वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक के सभी आठ प्रतिष्ठित कुलाधिपति एवं प्रति-कुलाधिपति पदक छात्राओं ने अपने नाम किए। कुलाधिपति पदक से आद्या शर्मा, खुशी बुद्धराज, ऋति जैन और मुस्कान बुद्धराज को सम्मानित किया गया, जबकि प्रति-कुलाधिपति पदक प्रणीता यादव, सौम्या सिंह, श्रेया श्रीवास्तव और राहत परवीन को प्रदान किए गए। विश्वविद्यालय ने इसे छात्राओं की प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रतीक बताया। मुख्य अतिथि प्रो. भूषण पटवर्धन ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, अनुशासन और ज्ञान-साधना का उत्सव है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा, आत्मसम्मान और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि युवा नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी ने विश्वविद्यालय की चार वर्षीय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2021-22 में जहां विश्वविद्यालय में 4,764 विद्यार्थी अध्ययनरत थे, वहीं वर्ष 2024-25 तक यह संख्या बढ़कर 10,444 हो गई। वर्तमान में करीब 12 हजार विद्यार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य केवल प्रवेश संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं, नैतिक मूल्य और नेतृत्व क्षमता से समृद्ध करना है। कुलाधिपति इं. पंकज अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अर्जित ज्ञान का उपयोग केवल व्यक्तिगत सफलता के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और मानवता के कल्याण के लिए भी होना चाहिए।

# गोरखपुर मंडल में पर्यटन विकास को नई रफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गोरखपुर मंडल में पर्यटन, संस्कृति और धर्मार्थ कार्यों से जुड़ी विकास परियोजनाओं की दो दिवसीय समीक्षा

### ■ 77 करोड़ की परियोजनाओं की समीक्षा

एवं स्थलीय निरीक्षण किया गया। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के तहत प्रस्तावित 30 पर्यटन, तीन धर्मार्थ कार्य विभाग तथा तीन सांस्कृतिक परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। इन पर्यटन परियोजनाओं की अनुमानित लागत करीब 77 करोड़ रुपये है। अमृत अभिजात ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि पर्यटन विकास से जुड़े सभी प्रोजेक्ट केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि तय समयसीमा के भीतर धरातल पर उतरें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परियोजना की नियमित निगरानी की जाए और गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव ने गोरखा युद्ध स्मारक, गौरव संग्रहालय तथा परमहंस योगानंद जी की जन्मस्थली पर चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों ने परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। दूसरे दिन उन्होंने बुद्ध संग्रहालय का भी निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप गोरखपुर में विकसित किए जा रहे गौरव संग्रहालय और गोरखा युद्ध स्मारक को दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। गौरव संग्रहालय में वैदिक काल से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक के इतिहास को सात आधुनिक दीर्घाओं के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। वहीं गोरखा युद्ध स्मारक में गोरखा सैनिकों के शौर्य और भारतीय सेना में उनके योगदान को डिजिटल गैलरी, ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति तथा इंटरैक्टिव प्रदर्शन के जरिए दर्शाया जाएगा। बैठक में बुद्ध पर्यटन सर्किट के विस्तार पर भी विशेष जोर दिया गया। इसके तहत कुशीनगर में विपश्यना केंद्र, बुद्ध गमन मार्ग के छह प्रमुख पड़ावों का विकास, कपिलवस्तु में आधुनिक पर्यटक सुविधाओं का निर्माण तथा महराजगंज के देवदह में पर्यटन विकास से जुड़े प्रस्तावों की समीक्षा की गई। इसके अलावा धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए कसया, बड़हलगंज और पडरौना के प्राचीन रामलीला मैदानों के विकास, विस्तार और सौंदर्यीकरण की योजनाओं पर भी चर्चा हुई। स्थानीय धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए बेहतर बुनियादी सुविधाएं विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि उत्तर प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिल सके।

## खबर एक नजर

### महिला सशक्तिकरण के लिए किया जागरूक



**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** गांधी भवन स्थित करण भाई सभागार में मंगलवार को शक्ति वेलफेयर फाउंडेशन का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। संस्थापक अधिवक्ता सुधा दुबे ने बताया कि संस्था महिलाओं के सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक और विधिक सशक्तिकरण के लिए कार्य करेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी संतोष यादव, विशिष्ट अतिथि बी.एन. यादव तथा संचालक पं. मनीष महाजन मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों में संरक्षक मनीष महाजन, अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा, महासचिव उदय प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव निसार अहमद, कोषाध्यक्ष विशाल दुबे, विधिक सलाहकार अमर सिंह बघेल, बाराबंकी महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनू शर्मा, लखनऊ महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सरिता वैश्य, समन्वयक एवं मीडिया प्रभारी आयशा तथा संगठन सचिव मनीष सिंह चौहान का परिचय कराया गया और सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ हुआ।

### अंतरराष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में सीएमएस छात्रों ने जीते 8 मेडल

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा 4 व 5 के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 गोल्ड, 3 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज सहित कुल 8 मेडल जीते। गोल्ड मेडल आदित्य जैन और शरण्य त्रिपाठी, सिल्वर हार्दिक थामा, कार्तिकेय शुक्ला व चेरिश कटिहार तथा ब्रॉन्ज ईशान सिद्धार्थ, सानवी त्रिपाठी और युविका वर्मा ने हासिल किया। सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि भाषा भारती परिषद, दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में कई देशों के छात्रों ने हिस्सा लिया। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कार्यकर्ता के घर पहुंचे शिवपाल

**लिया स्वास्थ्य का हाल-चाल**



**स्वतंत्र भारत मलिहाबाद।** मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पं मलहा के मजरा हसन खेड़ागांव में अपने पुराने कार्यकर्ता दिनेश कुमार यादव भौकाली ( ग्राम प्रधान ) के यहाँ शनिवार को पहुंचे । दिनेश भौकाली बीते दिनों से टाइफाइड होने से शरीर में खून की कमी आ गई थी जिससे वह अस्वस्थ चल रहे थे जानकारी मिलते ही सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश सरकार में रहे कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव अपने पुराने कर्मठ कार्यकर्ता दिनेश भौकाली के घर पहुंचे। जहां पर उन्होंने स्वास्थ्य का कुशलछेम की जानकारी हासिल की।और उन्हें स्वस्थ होने की कामना की। वैसे फिर हाल भौकाली वर्तमान समय में स्वस्थ हैं, शिवपाल सिंह जी उनके पारिवारिक जनों से भी भेंट करते हुए रूबरू हुए । हालांकि दिनेश भौकाली समाजवादी पार्टी के कर्मठ नेता रहे पूर्व विधायक पूर्व मंत्री स्वर्गीय गौरीशंकर के समय के कार्यकर्ता रहे हैं उनका नाम भौकाली शब्द गौरी शंकर जी ने ही रखा था।

### किसानों से खेत की मेड़ पर एक पेड़ लगाने की अपील

**स्वतंत्र भारत, इटौंजा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता रामदेव तिवारी ने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि वे मां के नाम एक वृक्ष अभियान के तहत अपने खेत की मेड़ पर एक पेड़ अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि खेत की मेड़ पर पेड़ लगाने से भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहती है, वर्षा और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है तथा पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। साथ ही यह आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित और सुरक्षित वातावरण तैयार करने में सहायक होगा।

### तहसील मार्ग पर झाड़-झंखाड़ से आवागमन बाधित, ग्रामीणों ने सफाई की मांग की

**स्वतंत्र भारत, इटौंजा।** शिवपुरी से बीकेटी तहसील जाने वाले मुख्य मार्ग पर उगे झाड़-झंखाड़ से आवागमन प्रभावित हो गया है। झाड़ियां सड़क के आधे हिस्से तक फैल गई हैं, जिससे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के प्रति नाराजगी जताते हुए जल्द सफाई कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह तहसील जाने का प्रमुख मार्ग है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं। झाड़ियों के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सड़क किनारे उगी झाड़ियों को तत्काल हटवाने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

### नेटवर्क विस्तार पर चर्चा

**स्वतंत्र भारत निलमथा।** तटिया नगर, सैदपुर में प्रीमियम मोटरसाइकिलों की डीलरशिप में बिक्री, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। यह उत्तर प्रदेश में कंपनी का दूसरा आउटलेट है। एएआरआई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास झबख ने बताया कि नई डीलरशिप के जरिए टियर-2 और टियर-3 शहरों के ग्राहकों तक बेहतर सेवाएं पहुंचाई जाएंगी। इस केंद्र पर बेनेली, कीवे और मोटो वॉल्ट इंडिया की प्रीमियम मोटरसाइकिलें उपलब्ध होंगी।

# सोसाइटियों में शुरू हुई पीएनजी गैस आपूर्ति

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी की कई आवासीय सोसाइटी और रिहायशी क्षेत्रों में पाइप से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति शुरू हो गई है। इसके साथ ही सरकार के निर्देशों के अनुसार अधिसूचित क्षेत्रों में रहने वाले सभी

### ■ तीन महीने के भीतर करना होगा आवेदन

रसोई गैस उपभोक्ताओं को नोटिस जारी होने के तीन महीने के भीतर पाइप गैस कनेक्शन के लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा। गैस वितरण कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था केवल उन क्षेत्रों में लागू होगी, जहां पाइप गैस की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। जिन इलाकों में अभी यह सुविधा नहीं पहुंची है, वहां के उपभोक्ताओं पर यह नियम लागू नहीं होगा। कंपनी ने ऐसे उपभोक्ताओं से जल्द आवेदन करने की अपील की है, जिन्होंने अभी तक पाइप गैस कनेक्शन के लिए प्रक्रिया पूरी नहीं की है। आवेदन की समयसीमा समाप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सकती है। निर्देशों के अनुसार जिन उपभोक्ताओं के पास पाइप गैस और रसोई गैस, दोनों के कनेक्शन हैं, उन्हें पाइप गैस कनेक्शन सक्रिय होने के बाद अपना रसोई गैस कनेक्शन सरेंडर करना होगा। इससे एक ही घर में दो घरेलू गैस कनेक्शन रखने की व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। पाइप गैस कनेक्शन के लिए आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पूरी की जा सकती है। इसके अलावा उपभोक्ता अपने नजदीकी गैस वितरक से आवश्यक दस्तावेज और स्थानांतरण वाउचर भी प्राप्त कर सकते हैं। गैस वितरण कंपनी का कहना है कि पाइप गैस व्यवस्था से उपभोक्ताओं को सिलिंडर की बुकिंग, डिलीवरी और बदलवाने की परेशानी से राहत मिलेगी। साथ ही घरों तक लगातार गैस आपूर्ति सुनिश्चित होने से सुविधा और सुरक्षा दोनों में सुधार होगा।

# सरोजनीनगर में 652 बूथ अध्यक्षों का सम्मान

## राष्ट्र की मजबूती के लिए भाजपा सरकार जरूरी : राजेश्वर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 652 बूथ अध्यक्षों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि राष्ट्र की एकता, सुरक्षा और सशक्त भविष्य के लिए उत्तर प्रदेश और केंद्र, दोनों स्तरों पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार आवश्यक है। उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं को संगठन की सबसे मजबूत कड़ी बताते हुए आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि समान नागरिक संहिता, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों और क्षेत्रवार असंतुलित जनसंख्या वृद्धि जैसे विषयों पर प्रभावी नीति और ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है। उनका कहना था कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है और विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं, इसलिए सुशासन की इस यात्रा को आगे बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का नेतृत्व ईमानदार है और उसकी विचारधारा राष्ट्र प्रथम पर आधारित है। राष्ट्र को मजबूत बनाए रखने के लिए सनातन संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना को भी सशक्त करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से राज्य और केंद्र में भाजपा सरकार का बने रहना जरूरी है। विधायक ने सरोजनीनगर के बूथ अध्यक्षों की सराहना करते हुए कहा कि चुनावी सफलता की असली नींव बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कहा कि सरोजनीनगर के बूथ अध्यक्षों ने अनुशासन, समर्पण और अथक मेहनत के बल पर संगठन को मजबूती प्रदान की है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य गोविंद शुक्ला ने प्रत्येक बूथ अध्यक्ष से कम से कम 10 नए सदस्य जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा किए गए विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी प्रत्येक परिवार तक पहुंचाई जानी चाहिए। कार्यक्रम में सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी 652 बूथ अध्यक्ष शामिल हुए। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, पूर्व सांसद पूर्णिमा वर्मा, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पुष्कर शुक्ला, राजेंद्र वाजपेयी, संजय लोधी, रामाशंकर त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य पर किया जागरूक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** विश्व आईवीएफ दिवस के अवसर पर विशेषज्ञों ने कहा कि गर्भधारण में परेशानी का सामना कर रहे दंपतियों को इलाज में देरी करने के बजाय समय रहते फर्टिलिटी विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए। बदलती जीवनशैली, बढ़ती उम्र में शादी और पैरेंटहुड, तनाव, मोटापा, नींद की समस्या और अस्वस्थ खानपान को फर्टिलिटी से जुड़ी परेशानियों के बढ़ते कारणों में बताया गया। नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी की फर्टिलिटी एक्सपर्ट डॉ. सईदा वसीम ने कहा कि कई दंपति लंबे समय तक खुद प्रयास करते रहते हैं और अप्रमाणित सलाह पर भरोसा करते हैं। समय पर जांच से समस्या के कारण की पहचान कर उपचार की दिशा तय करने में मदद मिल सकती है। गोमती नगर स्थित फर्टिलिटी स्पेशियलिस्ट डॉ. स्वर्णिमा सक्सेना ने कहा कि हर दंपति की स्थिति अलग होती है, इसलिए उपचार भी व्यक्तिगत जरूरत के अनुसार होना चाहिए।

## टीकों के प्रति विश्वास बढ़ाने पर राज्य स्तरीय तकनीकी बैठक



**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) उत्तर प्रदेश और डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (आरएमएलआईएमएस) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को उत्तर प्रदेश में टीकों के प्रति विश्वास सुदृढ़ीकरण विषय पर राज्य स्तरीय तकनीकी परामर्श बैठक आयोजित हुई। बैठक में एनएचएम की मिशन निदेशक एवं सचिव डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि एनएफएचएस-6 के अनुसार प्रदेश में 12 से 23 माह के बच्चों का पूर्ण टीकाकरण कवरेज बढ़कर 81.4 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रभावी संवाद और जनजागरूकता पर जोर दिया। आरएमएलआईएमएस के निदेशक डॉ. सी.एम. सिंह, महाप्रबंधक (नियमित टीकाकरण) डॉ. मनोज शुक्ल और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने भी टीकाकरण संबंधी भ्रांतियों को दूर करने और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता बताई। बैठक में केजीएमयू, एम्स रायबरेली, एएमयू, विभिन्न मेडिकल कॉलेजों, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, यूएनडीपी, जेएसआई, सीफार, यूपीटीएसयू और ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने टीकों के प्रति जनविश्वास मजबूत करने और हर पात्र बच्चे तक टीकाकरण पहुंचाने का संकल्प लिया।

## बंथरा में ओमकारा ट्राइडेंट फाउंडेशन कार्यालय का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर क्षेत्र के सिकंदरपुर में वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर के सामने मंगलवार को ओमकारा ट्राइडेंट फाउंडेशन के कार्यालय का उद्घाटन पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। संस्थापक एवं सचिव प्रियंका सिंह ने बताया कि फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच, प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही योग को बढ़ावा देगा तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए भी कार्य करेगा। इस अवसर पर ओमप्रकाश पांडेय, हरीश कुमार, अवधेश चौहान, रवि प्रकाश सिंह (प्रिंस), मुन्ना सिंह अवधूत, हरिओम, इकबाल प्रधान, मानवेंद्र, अजय भदौरिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## क्वीन मेरी अस्पताल के आईसीयू में एसी खराब होने पर शासन सख्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीन मेरी अस्पताल) की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में

### ■ केजीएमयू से तलब की रिपोर्ट

एयर कंडीशनर खराब होने के मामले को शासन ने गंभीरता से लिया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने पूरे मामले की जांच के आदेश देते हुए केजीएमयू प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। बताया गया कि आईसीयू में एसी खराब होने से भर्ती गंभीर प्रसूताओं और अन्य मरीजों को भीषण उमस और गर्मी का सामना करना पड़ा। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे संवेदनशील वार्डों में तापमान नियंत्रित रहना बेहद आवश्यक होता है। एसी बंद रहने से संक्रमण का खतरा बढ़ने के साथ ही वेंटिलेटर और अन्य जीवनरक्षक उपकरणों के सुचारु संचालन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। मामला शासन के संज्ञान में आने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद केजीएमयू प्रशासन ने आनन-फानन में खराब एसी को ठीक कराया, जिससे आईसीयू की शीतलन व्यवस्था बहाल हो सकी। इस घटना के बाद केजीएमयू प्रशासन ने क्वीन मेरी अस्पताल के अन्य वार्डों की एयर कंडीशनिंग व्यवस्था की भी समीक्षा शुरू कर दी है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न उत्पन्न हो। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि गंभीर मरीजों के उपचार से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# रतौली तिराहे के गड्ढों ने रोकी रफ्तार, विभागीय लापरवाही से लगा भीषण जाम

## टोल बचाने को रोड पर भारी वाहनों का बढ़ा दबाव

**स्वतंत्र भारत सरोजनीनगर।** रतौली तिराहे पर सड़क की बदहाल स्थिति और बड़े-बड़े गड्ढों के कारण मंगलवार को यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। बुधवार दोपहर एक भारी वाहन गहरे गड्ढे में फंस जाने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कई किलोमीटर तक भीषण जाम लग गया। राहगीरों और वाहन चालकों को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल दीपक सिंह तथा बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शाम लगभग सात बजे फंसे वाहन को निकलवाकर यातायात को धीरे-धीरे सामान्य कराया। पुलिसकर्मियों की सक्रियता से हालात पर नियंत्रण पाया जा सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि रतौली तिराहे की सड़क लंबे समय से जर्जर है। बरसात में गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अनुमान नहीं लग पाता, जिससे आए दिन वाहन फंसने, दुर्घटनाएं होने और जाम की स्थिति बनती रहती है। कई बार शिकायत के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे संबंधित विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्रवासियों का यह भी कहना है कि लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड रोड बनने के बाद बड़ी संख्या में भारी वाहन और ट्रेलर टोल शुल्क बचाने के उद्देश्य से जुनाबगंज से मुड़कर रतौली चौराहा होते हुए किसान पथ का उपयोग कर रहे हैं। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से पहले से जर्जर सड़क और अधिक क्षतिग्रस्त हो रही है तथा जाम और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और यातायात पुलिस से मांग की है कि रतौली तिराहे की सड़क की तत्काल मरम्मत कर गड्ढों को भरा जाए। साथ ही टोल बचाने के लिए इस मार्ग का उपयोग करने वाले भारी वाहनों पर प्रभावी निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि अनावश्यक दबाव कम हो और आम लोगों को जाम व दुर्घटनाओं की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। जिम्मेदार विभागों की जवाबदेही तय करते हुए शीघ्र समाधान की भी मांग उठाई गई है।

## आरटीओ कार्यालय की कार्यप्रणाली पर फिर उठे सवाल

**स्वतंत्र भारत सरोजनीनगर।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय के सारथी भवन की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आरोप है कि जहां आम आवेदकों को अपने कार्य के लिए


### ■ आम आवेदकों को इंतजार और कथित दलालों की सक्रियता चर्चा में

घंटों लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ता है, वहीं कुछ कथित दलालों एवं अराजक तत्वों का आरआई (संभागीय निरीक्षक) कक्ष में निर्बाध आना-जाना बना रहता है। इससे कार्यालय की पारदर्शिता और निष्पक्ष कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों का दावा है कि इन लोगों के माध्यम से कुछ कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाते हैं, जबकि सामान्य आवेदकों को अनावश्यक रूप से प्रतीक्षा करनी पड़ती है। हालांकि इन आरोपों की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। गौरतलब है कि पूर्व में शिकायतों के बाद जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने आरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण भी किया था। इसके बावजूद यदि इस प्रकार की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, तो प्रशासनिक व्यवस्था की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। अब आम नागरिकों की अपेक्षा है कि संबंधित अधिकारी पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएं और यदि आरोप सही पाए जाएं तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कार्यालय में पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि सभी आवेदकों को बिना किसी भेदभाव के समयबद्ध सेवाएं मिल सकें।

## बूथ अध्यक्ष भाजपा की सबसे बड़ी ताकत: स्वतंत्र देव सिंह

**स्वतंत्र भारत, मोहनलालगंज।** सत्य शिव रिजॉर्ट में बुधवार को भाजपा का विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विधायक अमरेश कुमार रावत और जिलाध्यक्ष विजय मौर्य के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ हैं और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विधायक अमरेश कुमार रावत ने प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने का आह्वान किया, जबकि जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने आगामी चुनावों में बूथ स्तर पर संगठन को और सशक्त करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में संगठन विस्तार और चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। इस अवसर पर चंद्रा रावत, ओम प्रकाश शुक्ला, विनय वर्मा, अशोक तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



स्वतंत्र भारत

# बूथ अध्यक्षों को सीएम योगी का चुनावी मंत्र

## सपा-कांग्रेस पर बोला हमला, बोले- जो बूथ जीतेगा, वही चुनाव जीतेगा

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्षों को संगठन मजबूत करने और बूथ स्तर पर सक्रिय रहने का मंत्र दिया। गोरखपुर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दोनों दल झूठे नैरेटिव और भ्रम फैलाने की राजनीति करते हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी सत्य, विकास और जनकल्याण की राजनीति करती है।योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित गोरखपुर शहर और गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों के 892 बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष विपक्ष की ÷शरारती साजिशों÷ और नकारात्मक प्रचार से सतर्क रहें तथा जनता के बीच




सरकार की उपलब्धियों को लेकर लगातार संवाद बनाए रखें।मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में नौकरी हो या सरकारी योजनाओं का लाभ, हर जगह ÷सैफई सिंडिकेट÷ का प्रभाव दिखाई देता था। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय एक विशेष वर्ग और समूह का वर्चस्व था, जबकि वर्तमान सरकार ने पारदर्शी व्यवस्था स्थापित की है।उन्होंने कहा कि विपक्ष का सिद्धांत एक झूठ को बार-बार बोलकर उसे सच साबित करने का है, जबकि भारतीय जनता पार्टी सत्य और विश्वास की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि समाज में सत्य और असत्य, देव और दानव जैसी दो प्रवृत्तियां हमेशा रहती हैं और भाजपा हमेशा सत्य, धर्म और जनकल्याण के साथ खड़ी रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर, महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे महापुरुषों को उचित सम्मान नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने इन महापुरुषों के सम्मान में अनेक कार्य किए, जबकि विपक्ष ने जिन्ना का महिमामंडन किया।उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने आरक्षण और आर्थिक सहायता जैसे मुद्दों पर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले किसानों को भड़काने की कोशिश की गई और अब छात्रों को आंदोलन के नाम पर भड़काया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ता इन प्रयासों को बेनकाब करें और जनता के बीच सही जानकारी पहुंचाएं।मुख्यमंत्री ने बूथ अध्यक्षों को संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए कहा कि चुनाव की वास्तविक लड़ाई बूथ पर लड़ी जाती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷मेरा बूथ सबसे मजबूत÷ मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि जो बूथ जीतेगा, वही चुनाव भी जीतेगा।

# कार्यरत प्राइमरी शिक्षकों को बड़ी राहत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश के कार्यरत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए उनके लिए विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। सुप्रीम कोर्ट

### ■ सरकार कराएगी विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा

द्वारा प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने के बाद शासन ने इस दिशा में कार्रवाई तेज कर दी है। बेसिक शिक्षा विभाग ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा के आयोजन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जल्द शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।
बेसिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव अवधेश कुमार तिवारी की ओर से जारी पत्र के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से प्रदेश के कुल 1,42,818 कार्यरत शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। इनमें 64,062 प्राथमिक स्तर के शिक्षक, 76,256 उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षक तथा 2,500 विशेष शिक्षक शामिल हैं। इन सभी शिक्षकों के लिए अलग से विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, ताकि वे न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक पात्रता पूरी कर सकें और उनकी सेवाओं पर किसी प्रकार का संकट न आए। शासन ने शिक्षा सेवा चयन आयोग से कहा है कि परीक्षा कराने की पूरी कार्ययोजना तैयार कर जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। कार्ययोजना में परीक्षा की संभावित तिथि, आवेदन प्रक्रिया, परीक्षा केंद्र, मूल्यांकन व्यवस्था तथा परिणाम घोषित करने की समय-सीमा सहित सभी बिंदुओं का उल्लेख किया जाएगा। योजना मिलने के बाद शासन परीक्षा कार्यक्रम को अंतिम रूप देगा। गौरतलब है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर प्रभावित शिक्षक लंबे समय से सरकार से विशेष व्यवस्था करने की मांग कर रहे थे। इस संबंध में विभिन्न शिक्षक संगठनों ने लगातार प्रदर्शन और आंदोलन किए। संसद के मानसून सत्र के दौरान भी इस मुद्दे को उठाकर कार्यरत शिक्षकों को राहत देने की मांग की जा रही है। सरकार के इस फैसले को लाखों शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसी बीच, बेसिक शिक्षा विभाग ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के निर्देशों के अनुपालन में दंपती शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादलों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 5 अगस्त कर दी है। शासन ने सभी जिलों को निर्देश दिया है कि पात्र शिक्षक-शिक्षिकाओं को निर्धारित तिथि तक आवेदन का अवसर दिया जाए, ताकि कोई भी पात्र अभ्यर्थी आवेदन से वंचित न रहे। वहीं, 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण से जुड़ी गड़बड़ियों के मामले में भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रस्तुत सूची को अंतिम मानने से इनकार करते हुए सभी पक्षों को वर्ष 2020 से अब तक की पूरी घटनाक्रम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। अदालत के इस रुख के बाद भर्ती प्रक्रिया से जुड़े अभ्यर्थियों की निगाहें अब अगली सुनवाई पर टिकी हैं।

# 10 मिनट में होगी कैंसर फैलाने वाले 45 खतरनाक रसायनों की पहचान

## लखनऊ के संस्थान ने विकसित की नई तकनीक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी स्थित भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने ऐसी नई जांच तकनीक विकसित की है, जिससे 10 मिनट से भी कम समय में कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों से जुड़े 45 खतरनाक रसायनों की बेहद सूक्ष्म मात्रा का पता लगाया जा सकेगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह तकनीक लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ी उपलब्धि साबित होगी।
संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. डी.के. पटेल और उनकी टीम ने एक वैश्विक कंपनी के सहयोग से यह तकनीक विकसित की है। इसके माध्यम से भोजन, पीने के पानी और रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं में मौजूद खतरनाक रसायनों की बहुत कम मात्रा की भी सटीक पहचान की जा सकेगी। ये रसायन नॉन-स्टिक बर्तनों, प्लास्टिक की बोतलों, खाने की पैकिंग, पिज्जा के डिब्बों, सौंदर्य प्रसाधनों, कपड़ों, रंग और आग बुझाने वाले फोम समेत अनेक उत्पादों में इस्तेमाल किए जाते हैं। ये आसानी से नष्ट नहीं होते, इसलिए लंबे समय तक पर्यावरण और मानव शरीर में बने रहते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार इनसे कैंसर, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी और कई अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि दूषित पेयजल, प्लास्टिक की बोतलों, खाने की पैकिंग और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के माध्यम से ये रसायन शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। ऐसे में इनकी समय रहते पहचान बेहद आवश्यक है। संस्थान ने पीने के पानी से इन रसायनों को हटाने की नई तकनीक भी विकसित की है। इसे व्यावसायिक उपयोग के लिए एक कंपनी को उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है, जिससे भविष्य में लोगों को अधिक सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। संस्थान के निदेशक डॉ. भास्कर नारायण ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सहयोग से भारत में उपभोक्ता वस्तुओं में इन रसायनों की मौजूदगी, उनके उत्पादन, आयात, निर्यात और उपयोग का वैज्ञानिक अध्ययन किया जा रहा है। इस अध्ययन के आधार पर भविष्य में इनके लिए राष्ट्रीय मानक और नियम तैयार करने में मदद मिलेगी। वर्ष 1965 में लखनऊ में स्थापित भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान देश की प्रमुख वैज्ञानिक संस्थाओं में शामिल है। यह संस्थान औद्योगिक और पर्यावरणीय रसायनों के मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव, खाद्य सुरक्षा तथा जल और मिट्टी के प्रदूषण से जुड़े विषयों पर लंबे समय से शोध कर रहा है।

# मुख्यमंत्री आवास घेरने जा रहे अजय राय समेत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय समेत सैकड़ों कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को बुधवार को पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च

### ■ देर शाम इको गार्डेन से रिहा

के दौरान हिरासत में ले लिया। कांग्रेस का आरोप है कि पार्टी के शांतिपूर्ण प्रदर्शन को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया और बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोकते हुए बसों में बैठाकर इको गार्डेन ले जाया गया। देर शाम सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को रिहा कर दिया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी बयान के अनुसार, पार्टी कार्यकर्ता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे थे। कांग्रेस का कहना है कि



यह प्रदर्शन केंद्र और प्रदेश सरकार के कथित तानाशाही रवैये, नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आयोजित किया गया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी लगभग 12 वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद विपक्ष की तरह व्यवहार कर रही है।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन की कोशिश और पार्टी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। अजय राय ने दावा किया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कांग्रेस मुख्यालय आने की सूचना मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ता गांधीवादी तरीके से कार्यालय में उनका इंतजार कर रहे थे, लेकिन भाजपा नेता वहां नहीं पहुंचे। कांग्रेस ने अपने बयान में मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी और अन्य कांग्रेस सांसदों के साथ कथित पुलिस कार्रवाई का भी उल्लेख किया। पार्टी ने आरोप लगाया कि इस घटना से देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष है और इसी के विरोध में प्रदेश में आंदोलन तेज किया गया। अजय राय ने यह भी आरोप लगाया कि अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान और चढ़ावे से जुड़े कथित अनियमितताओं के मामलों से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों, युवाओं और आम जनता के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगी तथा न्याय मिलने तक आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। प्रदर्शन में पूर्व मंत्री डॉ. सी.पी. राय, पूर्व विधायक श्यामकिशोर शुक्ल, पूर्व विधायक इंदल रावत, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. उमाशंकर पांडेय, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, जिलाध्यक्ष रुद्रदमन सिंह बबलू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री डॉ. सी.पी. राय ने बताया कि इको गार्डेन में हिरासत में लिए गए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय समेत सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को देर शाम रिहा कर दिया गया।

## मानसून एक बार फिर सक्रिय

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** देशभर में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार 22 जुलाई को उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात समेत 14 राज्यों में भारी बारिश और तेज आंधी की संभावना है। कई क्षेत्रों में हवा की रफ्तार 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन की सलाह का पालन करने की अपील की है। किसानों को भी खेतों में काम करते समय विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।
**यूपी में कई जिलों में भारी बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट**–उत्तर प्रदेश में मेरठ, गौतमबुद्ध नगर, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, झांसी, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, बांदा, प्रयागराज, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, आजमगढ़ और गोरखपुर सहित कई जिलों में भारी बारिश और तेज आंधी की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। लखनऊ का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

## आठ घरों में पकड़ी गई बिजली चोरी,एफआईआर दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** वर्टिकल व्यवस्था के अन्तर्गत बुधवार को अधिशासी अभियंता रेड असेसमेंट एण्ड कलेक्शन अमौसी क्षेत्र के द्वारा विद्युत चोरी रोकथाम व लाइन लॉस को कम करने के लिए पूर्व चयनित फीडरों में विभागीय टीम/विजलेंस टीम द्वारा सघन मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया, जिसमें 21 सयोजनों को चेक किया गया। इसमें से एक उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी करता मिला। जिसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लखनऊ मध्य क्षेत्र के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र-चैपटिया के अंतर्गत 1000 केवीए तिकुनिया एवं 400 केवीए तिकुनिया पार्क ट्रांसफॉर्मर का ऑयल लीकेज ठीक करने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही मध्य क्षेत्र के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र-घंटाघर से निर्गत 11 केवी दुर्गा देवी मार्ग फीडर पर घंटाघर पार्क के पास 750 केवीए का ट्रांसफार्मर (सीएसएस)स्थापित है जिसका लोड चेक किया गया, लोड सही पाया गया। (आर-201, वाई-188 एवं बी-196) इसके अलावा 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र तालकटोरा के क्षेत्र में परिवर्तक व निकटतम पोल पर आच्छादित बेलों व पेड़ो की शाखाओं की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। यही नहीं ठाकुरगंज क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत चोरी की रोकथाम एवं राजस्व संरक्षण के लिए विशेष मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया, जिसमें 5 उपभोक्ताओं के घर विद्युत चोरी पकड़ी गई। इनके विरूद्ध विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गोमती नगर क्षेत्र में प्रातःकाल रेड टीम द्वारा उपकेन्द्र शिवपुरी से पोषित मटियारी चौराहा तथा चिनहट क्षेत्र में उपभोक्ताओं के मीटरों एवं परिसरों का सघन निरीक्षण एवं चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 23 उपभोक्ताओं के परिसरों को चेक किया गया। चेकिंग अभियान में 2 उपभोक्ता के द्वारा विद्युत का अवैध रूप से उपभोग करते पाये गये।

# केजीएमयू के लारी में अब 24 घंटे खुलेगा एचआरएफ स्टोर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी ओपीडी परिसर स्थित हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) स्टोर अब

### ■ मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

सप्ताह के सातों दिन चौबीसों घंटे संचालित किया जाएगा। स्टोर पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध होगी। नई व्यवस्था लागू होने से ओपीडी में आने वाले मरीजों और अस्पताल में भर्ती रोगियों को किसी भी समय आवश्यक दवाएं आसानी से मिल सकेंगी।
केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने स्टोर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य मरीजों को बेहतर, सुलभ और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। चौबीसों घंटे स्टोर संचालित होने से मरीजों और उनके परिजनों को काफी सुविधा मिलेगी। अब तक रात के समय स्टोर बंद होने के कारण तीमारदारों को अस्पताल के बाहर स्थित मेडिकल स्टोरों से अधिक कीमत पर दवाएं खरीदनी पड़ती थीं। कई बार रात में आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने में भी कठिनाई होती थी। नई व्यवस्था से मरीजों को उपचार स्थल पर ही समय पर दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी और अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि पहले यह स्टोर प्रतिदिन लगभग 150 से 200 मरीजों को सेवाएं देता था। स्टोर का विस्तार करने के बाद इसकी क्षमता बढ़ाकर प्रतिदिन 800 से 1,000 मरीजों तक कर दी गई है। इससे अधिक संख्या में मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। एचआरएफ के अध्यक्ष प्रो. कुमार शांतनु ने कहा कि लारी अस्पताल में लगातार बढ़ रहे मरीजों के दबाव को देखते हुए स्टोर का विस्तार आवश्यक था। वहीं, कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. ऋषि सेठी ने कहा कि लारी ओपीडी में आने वाले अधिकांश मरीज गंभीर हृदय रोगों से पीड़ित होते हैं। ऐसे मरीजों के लिए समय पर दवाएं मिलना बेहद जरूरी होता है। चौबीसों घंटे स्टोर खुला रहने से मरीजों और उनके परिजनों को उपचार स्थल के निकट ही आवश्यक दवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे इलाज में किसी प्रकार की देरी नहीं होगी।

# दंपति शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादलों के लिए आवेदन शुरू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत दंपति शिक्षकों के लिए

### ■ 5 अगस्त तक कर सकेंगे अप्लाई

अंतर्जनपदीय तबादलों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में परिषद ने दंपति शिक्षकों से स्थानांतरण के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक शिक्षक-शिक्षिकाएं 5 अगस्त 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, इस बार भी तबादले के लिए ऑफलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। यानी शिक्षकों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भरकर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से जमा करना होगा। ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था नहीं की गई है। यह व्यवस्था उन दंपति शिक्षकों को राहत देने के उद्देश्य से की गई है, जो वर्तमान में अलग-अलग जिलों में तैनात हैं और पारिवारिक कारणों से एक ही जिले में नियुक्ति चाहते हैं। परिषद आवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार उनकी जांच कर स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी करेगा। परिषद ने सभी संबंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) को निर्देश जारी कर आवेदन प्राप्त करने और समयबद्ध तरीके से अग्रेषित करने को कहा है। पात्र दंपति शिक्षकों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है। बताया गया है कि आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्त निर्धारित की गई है। इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इसलिए इच्छुक शिक्षकों को समय रहते आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा करना होगा।

# देश के 65 प्रतिशत मोबाइल फोन का निर्माण उत्तर प्रदेश में

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश देश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का सबसे बड़ा केंद्र बनकर तेजी से उभर रहा है। वर्तमान में देश में बनने वाले लगभग 65 प्रतिशत मोबाइल फोन का निर्माण उत्तर प्रदेश में हो रहा है। नोएडा और ग्रेटर

### ■ इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का सबसे बड़ा केंद्र बना प्रदेश

नोएडा को केंद्र बनाकर विकसित औद्योगिक तंत्र ने प्रदेश को वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के पुर्जों के निर्माण और निर्यात में भी उत्तर प्रदेश लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।औद्योगिक विकास विभाग के अनुसार नोएडा और ग्रेटर नोएडा में अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां मोबाइल फोन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्माण कर रही हैं। इसके कारण उत्तर प्रदेश आज देश के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण




केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है।प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के पुर्जों के निर्माण में भी अग्रणी बनकर उभरा है। देश में बनने वाले कुल इलेक्ट्रॉनिक्स पुर्जों में लगभग 55 प्रतिशत का उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। यहां मुद्रित परिपथ, प्रदर्शन पटल, संधारित्र तथा अन्य महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स पुर्जों का बड़े पैमाने पर निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही घरेलू उपयोग के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण में भी प्रदेश लगातार अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।इस उपलब्धि के पीछे प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन और उद्योग अनुकूल नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति-2017 तथा उसके बाद किए गए संशोधनों और इलेक्ट्रॉनिक्स पुर्जा विनिर्माण नीति-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में 75 से अधिक कंपनियों ने 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।उत्तर प्रदेश ने अर्धचालक निर्माण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। इस क्षेत्र में 32,146 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं। जेवर के निकट स्थापित होने वाला प्रदर्शन नियंत्रक चिप निर्माण संयंत्र इस दिशा में प्रदेश की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल है।प्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में भी लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2015 में जहां इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात नगण्य था, वहीं वर्ष 2022-23 में यह बढ़कर 2.58 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो देश के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का 16.65 प्रतिशत है। इसके बाद भी निर्यात में लगातार वृद्धि जारी रही और वर्ष 2024-25 में केवल स्मार्टफोन का निर्यात 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।प्रदेश में मजबूत डिजिटल व्यवस्था भी इस औद्योगिक विकास को गति दे रही है। उत्तर प्रदेश में 1.85 लाख से अधिक जन सेवा केंद्र संचालित हैं, जिनके माध्यम से नागरिकों को 314 से अधिक ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं प्रदेश में 24 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन उपभोक्ता होने के कारण घरेलू बाजार भी लगातार विस्तार कर रहा है। विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचा, उत्कृष्ट सड़क और परिवहन संपर्क, मजबूत माल परिवहन व्यवस्था तथा कुशल मानव संसाधन के कारण नोएडा आज मोबाइल फोन, एलईडी दूरदर्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स पुर्जों, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तथा लिथियम-आयन बैटरी निर्माण का प्रमुख केंद्र बन चुका है।प्रदेश सरकार की नई इलेक्ट्रॉनिक्स पुर्जा विनिर्माण नीति-2025 तथा अर्धचालक नीति-2024 के माध्यम से इस क्षेत्र को और अधिक गति दी जा रही है। साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन अधिगम, रोबोटिकी, मानव रहित विमान, स्वचालन तथा उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे भविष्य की प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भी निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है।सरकार का मानना है कि इन पहलों से प्रदेश में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में उत्तर प्रदेश की भागीदारी और मजबूत होगी तथा बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश न केवल देश के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका बनाए रखेगा, बल्कि भारत को वैश्विक प्रौद्योगिकी महाशक्ति बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# कार्मिकों की कमी से चौपट हुई बिजली व्यवस्था

## विद्युत आपूर्ति संबंधी 41% शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के बाद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि 1 अप्रैल से 19 जुलाई तक प्रदेश में विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा से स्पष्ट हुआ है कि बड़े पैमाने पर संविदा कर्मियों की छंटनी का सीधा असर उपभोक्ताओं को मिली बिजली सेवा पर पड़ा।
बिजली उपलब्ध होने के बावजूद फॉल्टों का समय से निस्तारण नहीं हो सका, जिससे भीषण गर्मी में लाखों उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी। इस प्रकार के निर्णय से निश्चित तौर पर तकनीकी विभाग में अकुशलता जग जाहिर हो गई। उपभोक्ता परिषद द्वारा खुलासा किए गए रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि में पूरे प्रदेश में विद्युत आपूर्ति संबंधी 45,91,692 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 45,87,165 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इनमें 27,09,239 (59.00%) शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर हुआ, जबकि 18,77,926 (40.90%) शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के बाद किया गया। वर्तमान में 4,527 शिकायतें लंबित हैं। अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रत्येक विद्युत उपकेंद्र पर 24 घंटे में तीन गैंग कार्य करती हैं। यानी 8 घंटे की शिफ्ट में केवल एक गैंग और एक उपकेंद्र से कई फीडर संचालित होते हैं। संविदा कर्मियों की कमी के कारण एक साथ कई स्थानों पर ब्रेकडाउन होने पर समयबद्ध तरीके से फॉल्ट दूर नहीं किए जा सके। इसका परिणाम यह हुआ कि बिजली उपलब्ध होने के बावजूद उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति नहीं मिल सकी।
उन्होंने कहा कि विभाग ने संविदा कर्मियों की छंटनी कर अल्पकालिक आर्थिक बचत तो कर ली, लेकिन इसके बदले प्रदेश के उपभोक्ताओं, व्यापारियों, किसानों और उद्योगों को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। परिषद ने सरकार से मांग की है कि पर्याप्त संख्या में संविदा कर्मियों की तत्काल तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो सके।



# ट्रांसजेंडरों के अधिकारों और पशु क्रूरता निवारण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की ओर से पुलिसकर्मियों को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम-1960 के संबंध में जागरूक करने के लिए संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को संगोष्ठी सदन, रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ अमरेंद्र कुमार सेंगर के निर्देशन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) अपर्णा कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) अमित कुमावत और पुलिस उपायुक्त (महिला अपराध व सुरक्षा) ममता रानी चौधरी के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त (महिला अपराध) शाहिदा नसरीन के पर्यवेक्षण में संचालित किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानों में नियुक्त उपनिरीक्षकों और महिला आरक्षियों सहित कुल 70 पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम-2019 और नियमावली-2020 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक देविका देवेन्द्र एस मंगलामुखी, स्टेट एग्जीक्यूटिव मेम्बर एवं एडवाइजर, उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड ने पुलिसकर्मियों को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों और उनके संरक्षण से जुड़े कानूनी पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया।प्रशिक्षण में पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के साथ सम्मानजनक, संवेदनशील और मानवीय व्यवहार किया जाए। साथ ही उनसे संबंधित शिकायतों और मामलों में संवेदनशीलता के साथ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। पुलिसकर्मियों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम-1960 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। पशुओं के प्रति होने वाली क्रूरता को रोकने, शिकायत मिलने पर प्रभावी और विधिसम्मत कार्रवाई करने तथा पशु संरक्षण से जुड़े कानूनी दायित्वों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने के साथ-साथ पशु क्रूरता से संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक और प्रशिक्षित करना है, ताकि पुलिसिंग को और अधिक मानवीय एवं प्रभावी बनाया जा सके।

# नाराज होकर भागी युवती को मिशन शक्ति टीम ने सकुशल परिजनों से मिलाया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** थाना निगोहां की मिशन शक्ति टीम ने घर से नाराज होकर निकली 20 वर्षीय युवती को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवती के मिलने से परेशान परिवार को बड़ी राहत मिली।

जानकारी के अनुसार 21 जुलाई 2026 की शाम मिशन शक्ति टीम निगोहां कस्बा क्षेत्र में नियमित भ्रमण पर थी। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने टीम को सूचना दी कि माँ भगवती वस्त्रालय के पास एक युवती काफी समय से अकेली बैठी है और परेशान दिखाई दे रही है। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति टीम मौके पर पहुंची और युवती से बातचीत कर जानकारी ली। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस टीम उसे थाना निगोहां लेकर आई, जहां उससे आवश्यक पूछताछ कर उसके परिजनों के बारे में जानकारी जुटाई गई और उन्हें सूचना दी गई। युवती के परिजन थाना निगोहां पहुंचे। युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री जनपद रायबरेली स्थित घर से 21 जुलाई की सुबह करीब 7 बजे बिना बताए निकल गई थी। उन्होंने बताया कि घर में रखे 50 रुपये नहीं मिलने को लेकर उसके दादा ने उससे पूछताछ की थी, जिससे नाराज होकर वह घर छोड़कर चली आई थी। मिशन शक्ति टीम ने युवती की काउंसलिंग कर उसे समझाया और पहचान व अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे सकुशल उसके पिता को सौंप दिया।युवती के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने थाना निगोहां पुलिस और मिशन शक्ति टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और मानवीय कार्यशैली की सराहना की।

## शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, स्कूटी बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** थाना महानगर पुलिस टीम ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक एक्टिवा स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 22 जुलाई 2026 को वादी संतोष बाजपेयी निवासी टिकैत राय तालाब कॉलोनी, राजाजीपुरम, लखनऊ ने थाना महानगर में तहरीर दी थी कि उनकी स्कूटी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। इस मामले में थाना महानगर पर मुकदमा बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।गोमती रिवर फ्रंट के किनारे खाटू श्याम मंदिर के पास से आरोपी मनोज वर्मा पुत्र मिहीलाल, निवासी आलमनगर, लखनऊ को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी संख्या यूपी 32 जीजे 0293 बरामद कर ली। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने महानगर स्थित मायरा यूनिसेक्स सैलून, विज्ञानपुरी के सामने से एक्टिवा स्कूटी चोरी की थी और उसे बेचने की फिराक में था। इससे पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना महानगर में संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।


**सूचना**

संदीप कुमार पुत्र राम राज, निवासी मसिका, बजहा, यादव नगर, नैनी, प्रयागराज के ड्राइविंग लाइसेंस संख्या UP 70 20060030105 SANDEEP KUMAR YADAV दर्ज हो गया है। आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में SANDIP KUMAR (संदीप कुमार) दर्ज है। जबकि दोनों व्यक्ति एक ही हैं। ड्राइविंग लाइसेंस में दर्ज नाम को आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में लिखित नाम के अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस पर अंकित किया जाए।

सी.आर.- 814/D

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पुत्री का सही नाम आर्ची गुप्ता (ARCHI GUPTA) पुत्री देवराज गुप्ता (DEVRAJ GUPTA ) है, जो कि उसके शैक्षिक अभिलेख एवं जन्म प्रमाण-पत्र में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या- ×××× ××××2072 में उसका नाम अरुचि गुप्ता अंकित हो गया है, जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम आर्ची गुप्ता पुत्री देवराज गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाये।

एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

देवराज गुप्ता पुत्र संजय कुमार गुप्ता पता-128/121 शिवशक्ति अपार्टमेंट फ्लेट नं0-S - 2 दूसरा फ्लोर, के-ब्लाक, किदवई नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश पिन कोड-208011

सी.आर.- 814/D

**NOTICE**

I Mu Tauqueer Khan My daughter's name is Sana uruj. Due to my mistake in filling out the educational form of my daughter, Sana Uruj, his Mother's name was written incorrectly, and hence it is also registered as the wrong name in the school record.The name of the Mother is wrongly written as Shaeshta khan, but the correct name is SHAISTA. **Adress-Mircha, Dildar Nagar, Ghazipur,(uttar pradesh), pincode-232326**

सी.आर.- 813/D

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), मध्य क्षेत्र, लखनऊ**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 60/अधी.अभि.(तक.)/2025-26 पत्रांक-4109 दि. 11.07.2026

कार्य का नाम: 33 के0वी0, मध्य क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत उपकेन्द्र-नाकाघाट एवं रामाग्राम के अधीन हरदोई रोड बसंतकुंज योजना पर लाईन शिफ्टिंग का कार्य।

ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रु0 3540.00 | धरोहर राशि रु० 11,000.00

ई-निविदा की अन्तिम तिथि: 07.08.2026

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

**लखनऊ नगर निगम**

टी.एन. मार्ग, लालबाग, लखनऊ ई-मेल-mnkol@nic.in

पत्र सं.: D-419/EE-6/पीएमएवाई/2026/ दिनांक: 22.07.2026

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत पारा (Para) परियोजना के उन समस्त आवंटियों/आवेदकों को सूचित किया जाता है, जिनका ऑनलाइन पोर्टल पर अटैचमेंट (लिंकिंग) कतिपय तकनीकी कारणों या प्रपत्र विसंगतियों से वर्तमान में लंबित (Pending) है। नगर निगम लखनऊ एवं डूडा (DUDA) द्वारा की गई संयुक्त समीक्षा के उपरांत ऐसे समस्त आवेदकों को पूर्व में भी डाक के माध्यम से सूचित किया जा चुका है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पुनः निर्देशित किया जाता है कि नीचे दी गई सूची में सम्मिलित सभी आवंटी/आवेदक अपने नाम के सम्मुख अंकित लंबित होने के कारण (DUE अटैचमेंट रीजन) का अवलोकन कर तत्काल सुसंगत साक्ष्यों के साथ नीचे दिए गए पते पर संपर्क स्थापित करें: संपर्क स्थान: कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-6 घंटाघर के सामने हुसैनाबाद नगर निगम लखनऊ।

**लंबित अटैचमेंट वाले आवेदकों की विसंगति सूची:**

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | आवंटित फ्लैट | मोबाईल नंबर | DUE अटैचमेंट रीजन (लंबित होने का कारण) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JULI DEVI | AJEET | D-305 | 8172884689 | family member Attached |
| 2 | SHIV SHANKAR SINGH | | E-214 | 9451836092 | family member Attached |
| 3 | GOPI BIKA | BAHADUR BIKA | F-214 | 7269091164 | 1344 kankaha Attached already benefited |
| 4 | ANURADHA | | D-425 | 9559387274 | Aadhar No / Other ID is already exist |
| 5 | Vandana Gupta | PANKAJ KUMAR | D-225 | 7007175339 | Awadh Vihar Yojna, Sector-7A Already benefited |
| 6 | Rajani Pandey | | D-416 | 9451505620 | HOF |
| 7 | SYAM NARAYAN | LATE UDAYRAJ | D-103 | 7570019596 | HOF |
| 8 | MADAN CHANDRA KAHAR | Pancham Lal | F-312 | 7080993214 | HOF |
| 9 | PREETI GAUTAM | RAM SWAROOP | D-302 | 8303463494 | HOF |
| 10 | PRIYA SRIVASTAVA | | F-318 | 9335726784 | not interested / cancel |
| 11 | Rita | | F-413 | 7275646760 | not interested / cancel |
| 12 | Arbaaz Ahmad | mohd shakeel | E-208 | 9695598825 | Beneficiary or family member already benefited / Data missing |
| 13 | SANJAY KUMAR | ISHWARDEEN | D-217 | 8181884117 | |
| 14 | SANDEEP KUMAR CHAURASIA | MEWALAL CHAURASIA | D-209 | 941512446 | |

सूची में अंकित सभी आवंटी स्वयं उपस्थित होकर अपने लंबित अटैचमेंट की स्थिति को ठीक कराकर PMAY PORTAL पर ऑनलाइन अटैचमेंट कराना सुनिश्चित करें। **महत्वपूर्ण चेतावनी:** यदि आपके द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर संपर्क कर अटैचमेंट की प्रक्रिया पूर्ण नहीं कराई जाती है, तो आपका आवंटन स्वतः निरस्त माना जाएगा और आरक्षित सूची से आपके स्थान पर अन्य पात्र व्यक्ति का चयन कर लिया जाएगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व स्वयं आपका होगा। **विशेष सूचना:** जिन ऑटंटी विगत आवेदक ने अभी तक आवंटन पत्र प्राप्त नहीं किया है, वे अति शीघ्र आवंटन पत्र अधिशासी अभियंता, जोन-6, घंटाघर के सामने कार्यालय से प्राप्त कर लें, अन्यथा आपका आवंटन निरस्त कर अन्य आवेदकों को आवंटित करने की नियमानुसार कार्यवाई की जाएगी।

(सहायक नगर आयुक्त)
नगर निगम लखनऊ

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा**

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T07, Date 20.07.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। क्र.सं.- 1. कार्य का नाम- पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत सिवान यार्ड के मॉडिफिकेशन कार्य के संबंध में 25 के.वी. विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंस नं. :- SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T07, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:- ₹ 3,58,19,065.41, धरोहर राशि रुपया में:- ₹ 7,16,400.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:- शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:- 10.08.2026 upto 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधि- 9 माह, • खुली ई-निविदा दिनांक 10.08.2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी पूजाधि/विद्युत-89 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाब्ता दीवानी सन् 1908)**
**वाद सं0 13 सन् 2025 जिला-खीरी**
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय, मुकाम मोहम्मदी-खीरी**

मुद्दई
डॉ0 राजेश खरे बनाम इन्द्रजीत सिंह आदि
मुद्दालेह
1-इन्द्रजीत सिंह उर्फ बी0पी0 सिंह पुत्र छविनाथ निवासी आवास विकास कालोनी, खीरी रोड शहर व
जिला-लखीमपुर खीरी, वर्तमान पता D2/342 वास्तुखण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
2-रामलखन पण्डित पुत्र नामालूम रोडवेज बस स्टेशन, मोहम्मदी प्रभारी निवासी ग्राम-न्यूली, परगना व तहसील-मोहम्मदी, जिला-लखीमपुर खीरी।

बाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत मुकदमा की लिहाज आपको हुक्म होता है कि आज तारीख 04 माह 08 सन् 2026..... ई0 बवक्त...10 बजे..... बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात बाकई
से बाकिफकिया गया हो और जो कुछ अमूर, अहम मुतालिक मुकदमों का जबाव दे सके, हाजिर हूजिए और जबाबदेही दावा की कीजिए और हर माह वही तारीख जो आपको हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवाज के लिए हुई है, आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताइद अपनीदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसे रोज पेश कीजिए।
और आपको इत्तिला दी जाती है कि अर बरोज मसकूर आप हाजिर न होते तो मुकदमा बगैर हाजिर मसमूअ और फैसला होगा।
मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज तारीख 18 माह 07 सन् 2026 ई0 को जारी किया गया।
**ता0पेशी 04-08-2026**
**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) महोदय, मोहम्मदी-खीरी**

सी.आर.- 812/D-CN

**श्री देवराज सिंह महिला महाविद्यालय**
**आही, जमुआँ बाजार, मीरजापुर**
**प्रबंधक- अजय कुमार**
**मो.नं0- 9807869982**

पत्रांक: मेमो/2026 दिनांक: 22.07.2026

**सूचना**

माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर से सम्बद्धता प्राप्त श्री देवराज सिंह महिला महाविद्यालय आही, जमुआ बाजार, मीरजापुर के संचालन हेतु प्रबन्ध समिति के चयन हेतु आवेदन आमन्त्रित किये जा रहे हैं। प्रबन्ध समिति पूर्ण रूप से अवैतनिक होगा।

अन्तिम तिथि- 28.07.2026

**अध्यक्ष**
देवराज सिंह परमार्थिक ट्रस्ट
आही, जमुआँ बाजार मीरजापुर

सी.आर.- 816/D

**सूचना**

मेरे पैन कार्ड AFAPR 8171G में पिता का नाम त्रुटिवश पुरुषोत्तम राय के स्थान पर प्रसिद्ध नरायन राय और मेरी जन्मतिथि 10.03.1970 के स्थान पर 11.3.1970 अंकित हो गई है। मुन्नी राय पत्नी श्रीप्रकाश राय, सी 3849/2 मिनी एलआईजी सेक्टर 10 आवास एवं विकास कालोनी राजाजीपुरम लखनऊ।

सी.आर.- 817/L-38

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिग्नल एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली/टेंडर/21/2026-27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अंतर्गत प्रयाग (PRG) और अयोध्या कैंट (AYC) रेलवे स्टेशनों पर लगे इंटीग्रेटेड पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम - लेक. एक.आई.ई.एम. की मरम्मत और व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सी.ए.एम.सी.) – तीन वर्षों का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 39,24,652.50/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 78,500.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.08.2026 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती हैं। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू. सं.: 106-टेली/टेंडर/21/2026-27 दिनांक 21.07.2026 2514/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**NORTHERN RAILWAY**

**e-Tender Notice**

Sr. Divisional Electrical Engineer/General, Hazratganj, DRM office, Lucknow for & on behalf of President of India, invites open Tender through online (e-tendering) for the following work:

| | |
|---|---|
| e-tender N.I.T. No | 1218-Sr.DEE-NR-LKO-2nd Call Dated: 22.07.2026 |
| Name of work | Electrical Work in Connection with Provision of Relay Hut for Gate Signaling at Non Interlocked Level Crossing gates (TVU between 10,000 and 20,000) over Lucknow Division. |
| Approximate Cost | Rs. 80,47,880.73/- (Rupees Eighty Lacs Forty Seven Thousand Eight Hundred Eighty and Seventy Three Only) |
| Tender Cost | NIL |
| Earnest Money | Rs. 1,61,000/- (Rupees One Lac Sixty One Thousand Only) |
| Completion period | 09 Months |
| Last Date & Time of Submission & opening of e-Tender | 13.08.2026 upto 15:00 & opening on the same day after 15:00 Hrs. in office of Sr. Divisional Electrical Engineer (G), Northern Railway, Hazratganj, Lucknow |
| Validity of offer | 60 days from the date of opening of the Tender. |
| Northern Railway Website | Additional relevant information may be checked on the website www.ireps.gov.in |

Notice No. 1218-Sr.DEE-NR-LKO-2nd Call Dated: 22.07.2026 2518/2026

Serving Customers With A Smile

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

पत्र सं. E/WB/Ayur/Homeo/Pt.II/26 दिनांक : 22.07.2026

विषय:- कर्मचारी कल्याण निधि उ.रे. के लखनऊ मंडल में संविदा के आधार पर (अंशकालिक, मानदेय आधारित) अनारक्षित आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक व्यवसायी/चिकित्सकों का लगाया जाना जिसमें अ.जा./अ.ज.जा./पिछड़ा वर्ग के आवेदक भी आवेदन कर सकेंगे।

उपरोक्त संदर्भ में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्रांक दिनांक 03.07.26 को अधिसूचना जारी की गई थी जिसमें आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों के डिग्री के लिए S no - 02 में अथवा अंकित होना चाहिए था लेकिन त्रुटि वश एवं अंकित हो गया था जिसको सही करके अथवा कर दिया गया है जिसको अथवा ही माना जावे।

| आयुर्वेदिक चिकित्सक | होम्योपैथिक चिकित्सक |
|---|---|
| 1. आवेदक के पास इंडियन मेडिसिन सेंट्रल एक्ट 1970 धारा 48 के तहत मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / राज्य चिकित्सा बोर्ड/काउंसिल/फैकल्टी का चार वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा होना अनिवार्य होगा। 2. सेंट्रल रजिस्टर आफ इंडियन मेडिसिन अथवा स्टेट रजिस्टर आफ इंडियन मेडिसिन में नामांकन। 3. आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं उपचार के क्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव आवश्यक है(E)(W)89/WE115 dated 03.10.1989 (RBE No. 250/89) | 1. आवेदक के पास इंडियन मेडिसिन सेंट्रल एक्ट 1970 की धारा 48 के तहत मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / राज्य चिकित्सा बोर्ड / काउंसिल / फैकल्टी की बी.एम. एस की डिग्री (होम्योपैथी) / DHM/DHS/DMS होम्योपैथी /BMBS/04 वर्षीय MHMS या GSMS की डिग्री होनी चाहिए। साथ ही इंटर्नशिप भी पूर्ण होनी चाहिए। 2. सेंट्रल रजिस्टर आफ इंडियन मेडिसिन अथवा स्टेट रजिस्टर आफ इंडियन मेडिसिन में नामांकन। 3. डिप्लोमा धारकों के पास कम से कम 1.5 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए (E)(W) 2012/PNM/NFIR/5 dated 24.01.2014 (RBE No. 13/2014) |

आगे की सूचना यथावत रहेगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2513/26

**कार्यालय, नगर पंचायत, तमकुहीराज जनपद-कुशीनगर, उ0प्र0।**

पत्रांक 297/न0पं0त0म0/2026-27 दिनांक 22.07.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद-कुशीनगर द्वारा ई-प्रोक्योरमेंट सूचना के माध्यम से "15वां वित्त आयोग" (अनटाइड ग्रांट) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराया जाना है। कराये जाने वाले कार्यों हेतु (टेक्निकल एवं फाइनेन्शियल) ई-निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर आनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की समस्त कार्यवाही वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर किया जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी ई-निविदा वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

**निविदा की तिथि व समय का विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 22.07.2026 (05:00 PM) |
| 2. | ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 22.07.2026 (05:00 PM) |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 22.07.2026 (05:00 PM) |
| 4. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि व समय | 11.08.2026 (01:00 PM) |
| 5. | ई-निविदा खोले जाने की तिथि व समय | 11.08.2026 (03:00 PM) |

**अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद-कुशीनगर।** **अध्यक्ष नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद-कुशीनगर।**

**कार्यालय, नगर पंचायत, तमकुहीराज जनपद-कुशीनगर, उ0प्र0।**

पत्रांक 296(I)/न0पं0त0म0/2026-27 दिनांक 22.07.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद-कुशीनगर द्वारा ई-प्रोक्योरमेंट सूचना के माध्यम से "मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना" (CM-NSY) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराया जाना है। कराये जाने वाले कार्यों हेतु (टेक्निकल एवं फाइनेन्शियल) ई-निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर आनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की समस्त कार्यवाही वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर किया जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी ई-निविदा वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

**निविदा की तिथि व समय का विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 22.07.2026 (05:00 PM) |
| 2. | ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 22.07.2026 (05:00 PM) |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 22.07.2026 (05:00 PM) |
| 4. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि व समय | 11.08.2026 (01:00 PM) |
| 5. | ई-निविदा खोले जाने की तिथि व समय | 11.08.2026 (03:00 PM) |

**अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद-कुशीनगर।** **अध्यक्ष नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद-कुशीनगर।**

**सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाब्ता दीवानी सन् 1908)**
**अदालत श्रीमान सिविल जज (सी0डी0) महोदय लखीमपुर-खीरी**
**नम्बर मुकदमा प्रा0दी0सं0-377/2016**
**तारीख पेशी-27.07.2026**

हा0 इलाही बक्श बनाम संजय माथुर आदि
1. शरद माथुर पुत्र महेश चन्द माथुर निवासी व जिला फरीदाबाद
2. दीपा माथुर पुत्री महेश चन्द माथुर निवासी लखनऊ (उ0प्र0)
3. नीता माथुर पुत्री महेश चन्द माथुर निवासी हैदराबाद जिला हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)
4. गीता माथुर पुत्री महेश चन्द माथुर निवासी कानपुर (उ0प्र0)

वाजेह हो कि उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश बावत की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आज बतारीख 25 माह 07 सन् 2026 ई0 बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से वाकिफ कियागया हो और कुछ अमूर, अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके हाजिर हूजिये और जवाबदेही दावा कीजिए और हर माह वही तारीख जो आपको हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवाब के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताइद अपनी देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होते तो मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा।
मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख माह 25-7 सन् 2026 को जारी किया गया।

न्यायालय

सी.आर.- 808/D-CN

**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सूचना**

मैंने अपना नाम रिदा से बदलकर रिदाअनीस रखलिया है भविष्य में मुझे रिदाअनीस के नाम से जाना व पहचाना जाए। रिदाअनीस पुत्री सैय्यदअनीसअहमद नि,मो.मकाननंबर, 170, बाडूजईद्वितीय, शाहजहांपुर।

सी.आर.- 807/D-25

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र हरिशचन्द्र को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बंधविच्छेद कर लिये है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। रामसरन पुत्र जयराम नि. गढ़ीपश्चिमी थाना कांट, शाहजहांपुर।

सी.आर.- 807/D-26

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 0854944 वर्ष 2007,इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 0545664 वर्ष 2009 का मूलप्रमाणपत्र व अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है अरुणकुमार पुत्र छेदालाल नि.ग्रा.अकबरी खुदागंज , शाहजहांपुर।

सी.आर.- 807/D-25

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने पुत्री मन्नत कुलसुम को गलत कृत्यों के कारण चलअचल संपत्ति से बेदखलकर सम्बंधविच्छेद कर लिए । वह अपने कृत्य की स्वयं जिम्मेदार होगी। शारिकखान पुत्र सलीमखान नि,मो झण्डाकलाँ थाना सदरबाजार, शाहजहांपुर।

सी.आर.- 807/D-26

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम मंजू देवी पत्नी श्री जय प्रकाश सिंह है। मेरा प्लाट गाटा न0 409, क्षेत्रफल-2800 sqft, ग्राम - सरथुवा, तहसील - मोहनलालगंज लखनऊ में है, इसका सेल डीड पेपर वास्तव में खो गया है। किसी अन्य के द्वारा इसका उपयोग अवैध होगा।

सी.आर.- 811/L-34

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री का नाम ALISHA ZAREEN से बदलकर नया नाम MAHAM FATIMA रख दिया है। भविष्य में नये नाम से जाना व पहचाना जाये। ZOHAIB AHMED KHAN, Add.- 110/45 NAYA GAON LATOUCHE East Road Lucknow.

सी.आर.- 809/L-29

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD IRFAN AHMAD था। जिसे बदलकर MOHD IRFAN AHMAD रख लिया है। अब मुझे MOHD IRFAN AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o NISAR AHMAD, Add.- MOHALLA KILA HATA TEHSEEL- NANPARA, DIST- BAHRAICH- 271865 (U.P.) INDIA

सी.आर.- 810/D-34

# पुलिस मुठभेड़ में गौ तस्कर घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गोंडा के नवाबगंज थाना पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक शातिर

### एक अन्य गिरफ्तार, १० गौवंशीय पशु बरामद

अंतरजनपदीय गौ तस्कर घायल हो गया, जबकि उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, डीसीएम वाहन, बलेनो कार, मोटरसाइकिल और 10 गौवंशीय पशु बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में नवाबगंज पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अय्याज पुत्र मोईद निवासी जगनपुर, थाना रौनाही, जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 21 जुलाई को सूचना मिली थी कि कुछ गौ तस्कर बलेनो कार से आगे चलकर डीसीएम वाहन में गौवंशीय पशुओं को भरकर तस्करी के लिए ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने गड़ेरियन पुरवा-कोल्हमपुर रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास चेकिंग शुरू की। इस दौरान संदिग्ध बलेनो कार को रोककर चालक अय्याज को गिरफ्तार किया गया। वहीं डीसीएम वाहन से 10 गौवंशीय पशु बरामद हुए, जिन्हें रस्सियों से बांधकर ले जाया जा रहा था। फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस और एसओजी टीम ने नगवा मोड़ से गंगाराम चौराहा जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी मोफीद पुत्र जमील के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल गोंडा में भर्ती कराया गया। उसके कब्जे से .315 बोर का तमंचा, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस और सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी अय्याज ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित गिरोह के रूप में गौवंशीय पशुओं की तस्करी करता था। गिरोह के सदस्य रात में पशुओं को एकत्र कर डीसीएम वाहन में भरते थे और पुलिस से बचने के लिए आगे-आगे कार से रेकी करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नवाबगंज थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



# 43 प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर्स ने किया यूपी-112 मुख्यालय का भ्रमण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी,

### –समझी आपातकालीन सेवाओं की आधुनिक कार्यप्रणाली

### –डीजी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए

लखनऊ में चल रहे डिप्टी कलेक्टर्स के 90वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बुधवार को 43 प्रशिक्षु अधिकारियों ने यूपी-112 मुख्यालय का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य भविष्य के प्रशासनिक अधिकारियों को प्रदेश की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली और यूपी-112 की कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था। बुधवार को दोपहर करीब 2:45 बजे यूपी-112 मुख्यालय पहुंचे प्रशिक्षु अधिकारियों का स्वागत कर उन्हें मुख्यालय के विभिन्न अनुभागों का भ्रमण कर आपातकालीन सेवाओं की तकनीकी व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षु अधिकारियों ने सबसे पहले कॉल टेकिंग सेंटर का निरीक्षण किया। यहां उन्हें आपातकालीन कॉल प्राप्त करने की प्रक्रिया, कॉल फ्लो और अन्य सहयोगी डेस्कों की कार्यप्रणाली के बारे में बताया गया। प्रशिक्षु अधिकारियों ने डीएस हॉल का भ्रमण किया, जहां उन्हें सीएडी एप्लीकेशन और कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। मुख्यालय स्थित प्रज्ञा कक्ष में प्रशिक्षु अधिकारियों को यूपी-112 की कार्यप्रणाली पर विशेष प्रस्तुति दिखाई गई। इस अवसर पर महानिदेशक (डीजी) यूपी-112 विनोद कुमार सिंह ने प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर्स से सीधा संवाद किया और उनके सवालों के जवाबी संबोधन के दौरान आपातकालीन सेवाओं में त्वरित प्रतिक्रिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय को प्रभावी शासन व्यवस्था के लिए आवश्यक बताया। सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

## खबर एक नज़र

### राजकीय बाल गृह पढ़ने गई तीन छात्राएं लापता

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** नोएडा जिले में थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सेक्टर 51 स्थित प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय होशियारपुर में पढ़ने गई राजकीय बालगृह में रहने वाली तीन नाबालिक बच्चियां लापता हो गई है। इस मामले में राजकीय बाल गृह के प्रभारी ने थाना सेक्टर 49 में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बालिकाओं की देख रेख के लिए लगाई गई दो सहायिकाओं के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह की मीडिया प्रभारी ने बताया कि सेक्टर 62 स्थित राजकीय बाल गृह के प्रभारी अनूदिता सिंह ने बुधवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके यहां उत्तर प्रदेश के 19 जनपदों से 10 से 18 वर्ष की उम्र की बालिकाएं आवासित की जाती हैं। वर्तमान में संस्था में 157 बालिकाएं आवासित है, जिसमें से 36 निराश्रित बालिकाएं हैं।उन्होंने बताया कि इनमें से तीन बालिकाओं को जिनकी उम्र 10 से 13 वर्ष के बीच में है। मंगलवार को एक बस में बैठाकर पढ़ने के लिए सेक्टर 51 स्थित प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय भेजा गया था। वहां से तीनों बालिकाएं लापता हो गई हैं। उन्होंने बताया कि उनकी देखरेख जिम्मेदारी संस्था की हेल्पर सरिता और मनीषा की थी, जो स्कूल में मौजूद थी। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस की तीन टीमें बनाकर किशोरियों की तलाश की जा रही है।

### मादक पदार्थ की तस्करी में एंबुलेंस का प्रयोग



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** नोएडा के थाना फेस- एक पुलिस ने मंगलवार की बीती रात को एक सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 64 किलो गांजा बरामद किया है। यह गांजा एंबुलेंस में भरकर लाई जा रही थी। अपर पुलिस उपायुक्त मनीषा सिंह ने बताया कि थाना फेस-एक पुलिस ने बीती रात को एक सूचना के आधार पर ओमवीर सिंह को गिरफ्तार किया है।

### पुलिस मेडिकल कराने लाई बच्चे को गार्डों ने पीटा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित बलरामपुर अस्पताल में 15 साल के बच्चे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि अस्पताल में तैनात सिक्योरिटी गार्डों ने बच्चे की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें गार्ड मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं।वीडियो सामने आने के बाद बाद मामला स्वास्थ्य विभाग तक पहुंच गया। डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने घटना का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक रात दो बजे मदेयगंज चौकी से पुलिस कुल 5 लोगों को मेडिकल कराने लाई थी। इनमें 2 लोगों का मेडिकल हो गया था, जबकि 3 का पेपर न होने के चलते होना बाकी रह गया। पुलिस इन्हें इमरजेंसी में भी छोड़कर चली गई। इसी बीच सुबह किसी बात को लेकर इन तीनों का विवाद डॉ. सुरूर अली से हो गया इसके बाद मौके जब गार्ड्स पहुंचे तो कहासुनी बढ़ गई देखते ही देखते मारपीट होने लगी।

**3 दिन में जांच रिपोर्ट सबमिट करने के निर्देश**

डिप्टी सीएम ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को मामले की गंभीरता को देखते हुए खुद मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन दिन के अंदर जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मारपीट से संबंधित वीडियो का संज्ञान लेते हुए महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को प्रकरण की जांच के आदेश दिए गए हैं।

### संदिग्धावस्था में विवाहिता की मौत



**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** ठाकुरगंज कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर में शादी के 6 वर्षों बाद एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार का कहना है कि दामाद ने मंगलवार शाम फोन करके बताया बेटी ने जहर खा लिया है। जब परिवार लखनऊ पहुंचा तो देखा सिर व नाक से खून निकल रहा था। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही सूरज आरती के साथ मारपीट करता था और उसे प्रताड़ित करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मंताबिक रामनगर माल निवासी परमेश्वर ने बताया, उन्होंने अपनी बेटी आरती की शादी 8 दिसंबर 2020 को ठाकुरगंज के राजा विहार निवासी सूरज उर्फ गोलू से की थी। सूरज सफाईकर्मी है। दंपती के दो बच्चे हैं, जिनमें चार वर्षीय बेटा शिवांश और पांच महीने की एक बेटी है।

# यूपी में कई जगह प्रदर्शन, पुलिस मुख्यालय से नजर रख रहे डीजीपी राजीव कृष्ण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** दिल्ली छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के

### –प्रदेश की कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस सड़कों पर

विरोध में बुधवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में कांग्रेस और समाजवादी पार्टियों के कार्यकर्ताओं का विरोध -प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।

प्रदेश की कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस सड़कों पर है। वही, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण पुलिस मुख्यालय से प्रदेश की ताजा हालात पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। उनके साथ प्रदेश के कानून एवं व्यवस्था (एडीजी) अमिताभ यश के अलावा वरिष्ठ पुलिस अफसर भी मौजूद हैं। पुलिस मुख्यालय के कंट्रोल रूम से उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, सुरक्षा स्थिति पर नजर रख रहे हैं। जिलों से जुड़े पुलिस अफसरों से फीडबैक लिया जा रहा है तो उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए जा रहे हैं। डीजीपी का कहना है कि किसी भी हालत में प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगड़नी नहीं चाहिए।

# संपत्ति विवाद में बेटों ने माता-पिता की हत्या की



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जनपद गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के वीर नगर मोहल्ले में पारिवारिक विवाद में एक दंपति की जान चली गई। पुलिस ने इस मामले में उनके दोनों बेटों को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। घटना सोमवार देर रात करीब दो बजे की है।

डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने मंगलवार को बताया कि डायल-112 पर मध्य रात्रि को पुलिस को सूचना मिली कि बुजुर्ग पति-पत्नी को उनके बेटों ने बेरहमी से मारापीटा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पति-पत्नी को उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी मौत हो गई। उनकी पहचान गंगाशरण (56) और उनकी पत्नी विमलेश (54 ) के रूप में हुई। उन्होने बताया कि पहले मृतक दंपति के दोनों बेटों दीपक और ललित के बीच में संपत्ति विवाद को लेकर मारपीट हो रही थी। इस दौरान बीच-बचाव करने आए माता-पिता के साथ भी दोनों मारपीट करने लगे। उन्होने पति- पत्नी को धक्का दे दिया। जिसमें वे सिर के बल गिर गए और उनको गंभीर चोट आई। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। दोनों बेटों को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। दोनों बेटे शराब पीने के आदी हैं।

# यूपी कारागार एवं यूपीएसईएफएस के बीच एमओयू



**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** कारागार मुख्यालय में कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं व उत्तर प्रदेश राज्य फोरेंसिक विज्ञान संस्थान के बीच शैक्षणिक, अनुसंधान एवं क्षमता निर्माण के क्षेत्र में सहयोग के लिए एमओयू (महत्वपूर्ण समझौता) हुआ। यूपीएसईएफएस के निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने कहा कि भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली वर्तमान समय में एक ऐतिहासिक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। एक ओर कारागारों को केवल दंड देने वाले संस्थान के बजाय सुधार गृह के रूप में स्थापित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों ने न्याय व्यवस्था की सोच को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि अब हमारी व्यवस्था 'दंड से न्याय' की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन में फॉरेंसिक विज्ञान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वैज्ञानिक साक्ष्यों के माध्यम से निर्दोष व्यक्तियों को गलत दोषसिद्धि से बचाने तथा दोषियों के विरुद्ध प्रभावी दोषसिद्धि सुनिश्चित करने में फॉरेंसिक की निर्णायक भूमिका है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार फॉरेंसिक क्षमताओं के निरंतर विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश राज्य फोरेंसिक विज्ञान संस्थान की स्थापना की गई। उन्होंने संस्थान की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, डिजिटल फॉरेंसिक, साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध जांच की बढ़ती आवश्यकता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि यह एमओयू दोनों संस्थानों के बीच प्रशिक्षण, अनुसंधान, अध्ययन, कार्यशालाओं, विशेषज्ञ व्याख्यान, इंटर्नशिप, पाठ्यक्रम विकास एवं संयुक्त शोध को बढ़ावा देगा। विभाग की आधुनिक प्रयोगशालाओं एवं विशेषज्ञता का लाभ कारागार विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिलेगा, जिससे उनकी व्यावसायिक क्षमता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं साक्ष्य-आधारित कार्य संस्कृति को सुदृढ़ किया जा सकेगा। वहीं डीजी, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,पी.सी. मीना ने कहा कि यह एमओयू दोनों संस्थानों के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। इससे कारागार प्रशासन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान आधारित निर्णय प्रक्रिया तथा आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यूपीएसईएफएस के साथ यह सहयोग कारागार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कौशल विकास, नवाचार, क्षमता निर्माण तथा अनुसंधान को नई गति देगा और अंततः राज्य की न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने में सहायक होगा।

# वृद्ध ने 19वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** नोएडा जिले में सेक्टर 39 थाना क्षेत्र के सेक्टर 100 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले बुजुर्ग ने मानसिक तनाव के चलते मंगलवार की बीती रात को छत से कूदकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर 39 के थाना प्रभारी डीपी शुक्ल ने बताया कि रमेश चंद्र खन्ना (81) सेक्टर 100 स्थित लोटस स्पेसिया सोसाइटी में रहते थे। बीती रात को उन्होंने अपने फ्लैट के 19वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर लिया।

# डीजीपी ने प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों को दिए सुशासन व पुलिस-प्रशासन समन्वय के मंत्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पुलिस मुख्यालय में बुधवार को प्रान्तीय सिविल सेवा (पीसीएस) के 90वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 41 प्रशिक्षु अधिकारियों ने

### –प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ४१ प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत शिष्टाचार भेंट की

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डीजीपी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशासनिक दायित्वों, जनसमस्याओं के समाधान और पुलिस-प्रशासन के बेहतर समन्वय के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया।






पुलिस महानिदेशक ने प्रशिक्षु पीसीएसअधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद वे विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे, जिसमें उपजिलाधिकारी (एसडीएम) का पद जनसरोकारों से सीधे जुड़ा हुआ अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने कहा कि एक सक्षम और संवेदनशील प्रशासनिक अधिकारी के रूप में पुलिस समेत अन्य विभागों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर जनसमस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी होगी। डीजीपी ने कहा कि प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल ही सुशासन, प्रभावी कानून-व्यवस्था और जनता के विश्वास की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी कार्यालय आम जनता की समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण का प्रमुख केंद्र होता है। उन्होंने भूमि विवाद और भू-स्वामित्व से जुड़े मामलों को संवेदनशील बताते हुए कहा कि आम नागरिक के लिए उसकी जमीन केवल संपत्ति नहीं बल्कि उसके जीवनयापन, सम्मान और भविष्य का आधार होती है। इसलिए ऐसे मामलों में निष्पक्षता, संवेदनशीलता और समयबद्ध कार्रवाई बेहद जरूरी है। पुलिस महानिदेशक ने प्रशिक्षु अधिकारियों को जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि शिकायत समाधान एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसके लिए नियमित समीक्षा और निगरानी आवश्यक है। उन्होंने खाद, बीज, बिजली, सिंचाई और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान में एसडीएम की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे अपनी प्रतिभा और क्षमता का उपयोग पूरी निष्ठा, ईमानदारी और दक्षता के साथ शासकीय दायित्वों को निभाने में करें तथा जनहित को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दें। भेंटवार्ता के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने डीजीपी से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे, जिनका उन्होंने जवाब दिया और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रशिक्षु अधिकारी सुश्री सोनाली सिंह ने उत्तर प्रदेश पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए डीजीपी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। वहीं डीजीपी की ओर से भी प्रशिक्षु अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों ने पुलिस मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेंटर, कंट्रोल रूम, साइबर क्राइम मुख्यालय, जीआरपी मुख्यालय और यूपी-112 मुख्यालय का भ्रमण किया तथा वहां की कार्यप्रणाली और आधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।



# ग्रीन एनर्जी उत्पादन बढ़ाकर वैश्विक नेतृत्व करेगा उत्तर प्रदेश : एके शर्मा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को बायोएनर्जी एवं स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में बुधवार को इन्वेस्ट यूपी सभागार, लखनऊ में इंडिया बायोएनर्जी एंड टेक एक्सपो की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय स्टेकहोल्डर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने की। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, निवेश संभावनाओं, उद्योग सहभागिता तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की व्यापक समीक्षा की गई।बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा आशीष गोयल, उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण के निदेशक रविंद्र सिंह, सचिव पंकज सिंह, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि तथा बायोएनर्जी क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ एवं स्टेकहोल्डर्स उपस्थित रहे।इस अवसर पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज ऊर्जा परिवर्तन, हरित विकास और निवेश का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रदेश को बायोएनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, कंप्रेस्ड बायोगैस (छ्रङ्ख), एथेनॉल, बायोडीजल, सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल , वेस्ट-टू-एनर्जी तथा अन्य हरित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने का सशक्त मंच बनेगा। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित अर्थव्यवस्था होने के कारण उत्तर प्रदेश के पास कृषि अपशिष्ट का विशाल भंडार उपलब्ध है। वर्तमान में लगभग 17 मिलियन टन कृषि अपशिष्ट में से केवल 5 मिलियन टन का ही उपयोग हो रहा है। इसकी क्षमता का पूर्ण उपयोग कर प्रदेश ग्रीन एनर्जी उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी बायोएनर्जी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को अग्रणी बनाना है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में इस क्षेत्र में लगातार प्रभावी प्रयास किए गए हैं तथा समय की आवश्यकता के अनुरूप नीतियों को और अधिक सशक्त एवं अद्यतन किया जाएगा।मंत्री शर्मा ने सभी विभागों, उद्योग संगठनों एवं स्टेकहोल्डर्स से समन्वित प्रयास करते हुए आयोजन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो प्रदेश में निवेश, रोजगार सृजन, तकनीकी नवाचार तथा सतत विकास को नई गति देगा और उत्तर प्रदेश को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में नई पहचान प्रदान करेगा।बैठक में बताया गया कि 11 से 13 अगस्त, 2026 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला ढ्ढक्चश्वञ्ज श्व×श्चश 2026 उत्तर प्रदेश सरकार एवं क्क्तश्वष्ठ द्वारा इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी (ढ्ढस्नत्रश्व) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में देश-विदेश के नीति-निर्माता, वैज्ञानिक, उद्योगपति, निवेशक एवं ऊर्जा विशेषज्ञ भाग लेंगे।एक्सपो के दौरान 25 से अधिक सम्मेलन सत्र, 120 से अधिक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय वक्ताओं के संबोधन, 150 से अधिक प्रदर्शकों की भागीदारी तथा हजारों प्रतिनिधियों एवं व्यावसायिक आगंतुकों की भागेदारी होगी।

## कांवड़ यात्रा के दौरान न हो बिजली सुरक्षा में चूक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने कांवड यात्रा सहित सभी धार्मिक आयोजनों के दौरान बिजली आपूर्ति में विद्युत सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखने की हिदायत दी है। उन्होंने निर्बाध बिजली आपूर्ति के साथ ही विद्युत दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों-अभियंताओं को मरम्मत संबंधी कार्य को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। डा. गोयल ने कहा कि विद्युत व्यवस्था संबंधी कार्यों के बारे में जन प्रतिनिधियों को भी बताया जाए।शक्तिभवन से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बिजली कंपनियों (डिस्काम) की बिजली आपूर्ति, बिल वसूली, बिजली चोरी रोकने व कराए जा रहे कार्यों आदि की समीक्षा करते हुए अध्यक्ष ने कहाकि वर्षा में बिजली आपूर्ति पर विशेष सतर्कता बरतें।कार्रवाई की दी चेतावनीअधिकारी क्षेत्र में रहें और अनुरक्षण के कार्य सुनिश्चित करने के साथ ही किसी भी कारण से स्थानीय दोष को न्यूनतम समय में ठीक कर बिजली आपूर्ति बनाए रखें। किसी तरह की सामग्री खरीदने के लिए अधिशासी अभियंताओं को पूरे अधिकार एवं धनराशि दी गयी है। अधीक्षण अभियंताओं को भी ट्रांसफार्मर का ध्यान रखने का निर्देश देते हुए कहा कि खराब होने पर उनके खिलाफ भी कार्यवाई की जाएगी।अध्यक्ष ने कहा कि अस्थायी कनेक्शन देने में हीला-हवाली के मामलों में जांच कर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपकरण पहनकर ही अनुरक्षण के कार्य किए जाएं ताकि दुर्घटनाएं न हों। बैठक में कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मध्यांचल डिस्काम के एमडी से मिला कर्मचारी मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल चन्द्र प्रकाश अवस्थी 'बब्बू 'राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के नव पदस्थ प्रबंध निदेशक संदीप भागिया से मिला। प्रतिनिधि मंडल में छोटे लाल दीक्षित, केंद्रीय मुख्यमहा, इं. मोहन जी श्रीवास्तव(केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष), सरजू प्रसाद त्रिवेदी(प्रान्तीय उपाध्यक्ष),पीसी वर्मा(केंद्रीय मंत्री एवं शक्ति भवन मुख्यालय शाखा अध्यक्ष),सुशील शुक्ल,केंद्रीय पदाधिकारी,अजय अवस्थी, मीडिया प्रभारी एवं सुरेश शाह केंद्रीय पदाधिकारी अभय सिंह यादव कार्यालय कर्मचारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।प्रबंध निदेशक का स्वागत केंद्रीय अध्यक्ष ने पुष्प गुच्छ देकर किया। प्रबंध निदेशक ने संक्षिप्त मुलाकात में भरोसा दिलाया कि जो भी समस्या है उसे मुझे सीधे बतायें और कहा कि कोशिश करूंगा कि आप द्वारा बताए गई समस्याओं का उचित समाधान करने का हर सम्भव प्रयास करूंगा। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को शीघ्र ही विस्तृत बातचीत करने का प्रस्ताव भी दिया।

## विश्व रैंकिंग कुश्ती में मानसी ने जीता रजत पदक



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की अन्तर्राष्ट्रीय महिला कुश्ती खिलाड़ी सुश्री मानसी ने बुडापेस्ट, हंगरी में चल रहे 4वीं विश्व रैंकिंग कुश्ती-2026 के 62 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर देश, भारतीय रेल एवं पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल का गौरव बढ़ाया है।महिला कुश्ती खिलाड़ी सुश्री मानसी की इस उपलब्धि पर मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बधाई दी और कहा की मंडल प्रशासन खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इसी सहयोग का परिणाम है कि लखनऊ मंडल के खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार पदक जीतकर भारतीय रेल का गौरव बढ़ा रहे हैं।इस उपलब्धि के लिए मंडल क्रीड़ाधिकारी धनन्जय मिश्रा, मण्डल क्रीड़ा सचिव उदित मिश्रा तथा अन्य पदाधिकारियों ने भी बधाई दी।

# स्टेशनों पर स्वच्छता जागरुकता अभियान व रैली का आयोजन




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर के निर्देशानुसार तथा मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/ईएनएचएम, फ्रेट एवं डीएम महेंद्र सिंह के नेतृत्व में यांत्रिक विभाग के ईएनएचएम अनुभाग द्वारा आज लखनऊ मंडल के लखनऊ जंक्शन, ऐशबाग, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद एवं गोरखपुर स्टेशनों पर 'स्वच्छता जागरूकता अभियान एवं रैली' का आयोजन किया गया।आयोजित रैली के दौरान जन-जागरूकता संदेश, उद्घोषणाएं एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियां आयोजित कर यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों को जागरूक किया गया। इस दौरान यात्रियों को रेलवे परिसरों में स्थित खान-पान स्टॉलों एवं स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म आदि पर कूड़ा न फैलाने के लिये प्रेरित किया गया। यात्रियों को प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रेलवे परिसरों में कुड़ा फैलाने पर ऐन्टीलिटरिंग पेनाल्टी के बारे मे यात्रियों को जानकारी दी गई। स्टेशन परिसर में सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों से अपील की जा रही है कि स्टेशन पर पान खाकर इधर उधर न थूके व परिसर को साफ सुथरा रखने में सहयोग दें। पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस प्रकार के अभियान निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

# जून में ३२६७३ मेगावाट के साथ बिजली आपूर्ति में देश में शीर्ष पर यूपी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ता परिषद ने राज्य सभा में बिजली की अधिकतम मांग पर पेश रिपोर्ट के हवाले से दावा किया है कि यदि पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए तो सबसे अधिक बिजली की मांग व आपूर्ति के रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश में बनेंगे।अप्रैल और मई में महाराष्ट्र ने बिजली की अधिकतम आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाया, जून के प्रोविजनल आंकड़ों में यूपी पहले स्थान पर है।परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि अप्रैल, मई और जून की गर्मी के दौरान राज्यों द्वारा किए जा रहे बिजली आपूर्ति के दावों के बीच राज्यसभा में प्रस्तुत की गई पावर सप्लाई पोजीशन की रिपोर्ट ने स्थिति स्पष्ट कर दी है।रिपोर्ट के अनुसार, अधिकतम मांग के दौरान सबसे अधिक बिजली आपूर्ति करने वाले राज्यों में महाराष्ट्र ने अप्रैल व मई में रिकॉर्ड बनाया था। जून में यूपी शीर्ष पर रहा।महाराष्ट्र ने अप्रैल में 32,161 व मई में 32,317 मेगावाट अधिकतम मांग को पूरा किया। उत्तर प्रदेश ने अप्रैल में 29,475 और मई में 31,824 मेगावाट की अधिकतम मांग को पूरा करके दूसरा स्थान हासिल किया।अप्रैल में राज्य 457 मेगावाट तथा जून में 524 मेगावाट की अधिकतम मांग पूरी नहीं कर सका। जून के प्रोविजनल आंकड़ों में राज्य ने 32,673 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग पूरी कर देश में पहला स्थान प्राप्त किया। इस महीने महाराष्ट्र 31,273 मेगावाट की आपूर्ति कर दूसरे स्थान पर रहा।

# मन के मौसम' काव्य संग्रह का विमोचन

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को पर्यटन भवन के सभागार में लेखिका रुचि चौहान के प्रथम काव्य संग्रह 'मन के मौसम' का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने लेखिका को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह काव्य संग्रह नारी मन की कोमल भावनाओं, संवेदनाओं और जीवन के विविध अनुभवों का सशक्त साहित्यिक दस्तावेज है, जो समाज विशेषकर महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।पर्यटन मंत्री ने कहा कि 'मन के मौसम' में नारी हृदय की सूक्ष्म भावनाओं, मिलन, वियोग, पीड़ा, संघर्ष, शोषण और जीवन के अनेक अनछुए पहलुओं को अत्यंत सरल एवं प्रभावशाली भाषा में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि लेखिका का शब्द चयन सराहनीय है और कई कविताओं में भावनाएं शब्दों के साथ सहज रूप से बहती हुई प्रतीत होती हैं।उन्होंने कहा कि यह रुचि चौहान का पहला काव्य संग्रह है, लेकिन उनकी लेखनी में परिपक्वता और संवेदनशीलता स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में लेखिका का साहित्यिक संसार और विस्तृत होगा तथा वे नारी जीवन से जुड़े संघर्ष, सामाजिक विडंबनाओं और संवेदनशील विषयों को अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगी। उन्होंने पुस्तक के व्यापक रूप से लोकप्रिय होने और अधिक से अधिक पाठकों तक पहुंचने की शुभकामनाएं भी दीं।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री स्वाति सिंह ने कहा कि नारी सृजन की प्रतीक है और उसके बिना समाज की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि मां, बहन और पत्नी जैसे अनेक रूपों में नारी समाज को दिशा और गति प्रदान करती है। साहित्य के माध्यम से महिलाओं की भावनाओं और संघर्षों को अभिव्यक्ति मिलना समाज के लिए सकारात्मक संदेश है।विख्यात कवि पंकज प्रसून ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'मन के मौसम' में प्रेम, विरह, संघर्ष और मानवीय संवेदनाओं को अत्यंत मार्मिक और प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया गया है। उन्होंने लेखिका की साहित्यिक प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम का संचालन लेखिका के पति डी.एस. चौहान ने किया।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार, वरिष्ठ नेता अशोक सिंह, डॉ. संग्राम सिंह सहित नाबार्ड परिवार के सदस्य, शिक्षक, साहित्य प्रेमी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पुस्तक के साहित्यिक पक्षों पर भी चर्चा हुई तथा उपस्थित लोगों ने लेखिका को उनके प्रथम काव्य संग्रह के प्रकाशन पर शुभकामनाएं दीं।

## अनुचर को न्याय दिलाने के लिये ढोल मजीरा लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे ठाकुर प्रेमनन्दवंशी

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष मांगों के समर्थन में ढोल मजीरा बजाकर अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। आवाज सुनकर अधिकारी, सुरक्षाकर्मी चौक गये। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के मंडल महासचिव एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ठाकुर प्रेम नंदवंशी ने जिलाधिकारी से मांग किया कि कृषि विद्यालय, भारत नगर, तेंनुआ, हरैया में अनुचर पद पर कार्यरत मनोज कुमार वर्मा के कथित उत्पीड़न, लंबित वेतन एवं ग्रेच्युटी के भुगतान, सेवा बहाली तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाय। डीएम के निर्देश पर न्यायिक मजिस्ट्रेट शत्रुघ्न पाठक ने ठाकुर प्रेम नंदवंशी से कहा कि 15 दिन के भीतर समस्या का निस्तारण करा दिया जायेगा। ठाकुर प्रेम नंदवंशी ने कहा कि जब अधिकारी आवाज को नहीं सुन रहे हैं तो उन तक अपनी बात पहुंचाने के लिये उन्हें ढोल मजीरे लेकर पहुंचना पड़ा। कहा कि यदि 15 दिन के भीतर अनुचर मनोज कुमार वर्मा की समस्याओं का समाधान न हुआ तो वे पुनः आन्दोलन को बाध्य होंगे।भारत सिंह कृषि विद्यालय, भारत नगर, तेंनुआ, हरैया में अनुचर पद पर कार्यरत मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा कई वर्षों से उनका शारीरिक, मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न किया जा रहा है। उनका वेतन लंबे समय से लंबित है तथा लगभग दस वर्षों से ग्रेच्युटी का भुगतान भी नहीं किया गया। इसके अलावा सेवा बहाली के मामले में भी उन्हें न्याय नहीं मिल सका है। वेतन और ग्रेच्युटी की मांग करने पर उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा कथित रूप से सेवा बहाली के बदले अवैध धनराशि की मांग की गई।

# उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन को नई मजबूती, अडानी स्किल्स एंड एजुकेशन के साथ समझौता

## युवाओं को देश-विदेश में मिलेंगे रोजगार के अवसर

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के युवाओं को देश और विदेश में बेहतर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत सेवायोजन विभाग और अडानी स्किल्स एंड एजुकेशन के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य युवाओं के कौशल अंतर को दूर कर उन्हें स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।यह समझौता 20 जुलाई को बापू भवन स्थित सचिवालय सभागार में श्रम एवं सेवायोजन तथा समन्वय मंत्री अनिल राजभर और राज्यमंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।एमओयू पर सेवायोजन विभाग की निदेशक नेहा प्रकाश और अडानी स्किल्स एंड एजुकेशन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुधान्वा किमाने ने हस्ताक्षर किए।मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को देश और विदेश की रोजगार आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। इसके तहत विभिन्न देशों और राज्यों में रोजगार की मांग का सर्वेक्षण, प्रतिष्ठित कंपनियों को सूचीबद्ध करना, युवाओं के कौशल अंतर की पहचान कर उसे दूर करना, विदेशी रोजगार के लिए भाषा प्रशिक्षण, प्रस्थान-पूर्व उन्मुखीकरण तथा रोजगार मिलने के बाद भी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।उन्होंने बताया कि मिशन के अंतर्गत अब तक 6,004 निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजा जा चुका है, जो विभाग की एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा 1,336 निर्माण श्रमिकों को प्रशिक्षण के बाद इजराइल भेजने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं 245 नवीनीकरण (रेनोवेशन) क्षेत्र के श्रमिकों को भी इजराइल भेजने की कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास केवल विदेशों में रोजगार दिलाना ही नहीं, बल्कि प्रदेश में प्रतिष्ठित कंपनियों के माध्यम से भी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। अडानी समूह के साथ हुआ यह समझौता उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# बीबीएयू में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए छात्रावास आवेदन शुरू

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए छात्रावास आवंटन की आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है, ताकि छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की जा सके।विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, छात्रावास आवेदन का आवेदन प्रपत्र का संपर्क सूत्र नवप्रवेशित विद्यार्थियों के विश्वविद्यालय में पंजीकृत ई-पत्र पते पर भेज दिया गया है। सभी पात्र विद्यार्थियों को 26 जुलाई सायं 6 बजे तक आवेदन प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूरी करनी होगी।विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि यदि किसी विद्यार्थी को आवेदन का संपर्क सूत्र अपने ई-पत्र में दिखाई नहीं देता है, तो वह अनचाहे संदेश (स्पैम) वाले फोल्डर की भी जांच अवश्य कर ले। कई बार तकनीकी कारणों से संदेश उसी फोल्डर में पहुंच जाते हैं।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा केवल बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ही उपलब्ध कराई गई है।विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुए समय रहते आवेदन करने का आग्रह किया है। प्रशासन का कहना है कि समय सीमा के भीतर आवेदन प्राप्त होने पर छात्रावास आवंटन की आगामी प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरी की जा सकेगी और विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही विद्यार्थियों से अपने पंजीकृत ई-पत्र पते पर विश्वविद्यालय की ओर से भेजी जा रही सूचनाओं पर नियमित रूप से नजर बनाए रखने की भी अपील की गई है।

## आशियाना में चेन स्नेचिंग का खुलासा, पुलिस ने शातिर लुटेरे को दबोचा

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राजधानी के आशियाना क्षेत्र में महिला से चेन छीनने की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लूटी गई सोने की चेन का एक हिस्सा भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी लूट और चोरी की कई घटनाओं में जेल जा चुका है तथा उसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।पुलिस के मुताबिक 14 जुलाई 2026 को शोभित सरन ने आशियाना थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 26 जून की रात करीब 9:47 बजे वह अपनी पत्नी को चिकित्सक के यहां से दिखाकर स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मानसरोवर योजना स्थित पार्क संख्या-10 के पास मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाश उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर आशियाना थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध की पहचान की गई। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 21 जुलाई की रात करीब 11:30 बजे रमाबाई अंबेडकर मैदान रिंग रोड स्थित रोड से राज रावत (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने खर्च पूरे करने के लिए रात के समय मोबाइल और सोने की चेन झपटने की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटी गई सोने की चेन का लगभग 1.680 ग्राम वजन का टुकड़ा बरामद किया है।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/[illegible], मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-13-[illegible]-लखनऊ-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ/उत्तर रेलवे (NR) मंडल में OHE के [illegible] 105 वर्ग मिमी G [illegible] को 160 वर्ग मिमी G [illegible] में परिवर्तित करना। |
| अनुमानित लागत | ₹6,45,41,766.72/- |
| बयाना राशि | ₹12,90,800/- |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 14.08.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं। |
| पात्रता मापदण्ड | [illegible] |

[illegible] Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE.
3. [illegible]

नोट: [illegible] www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.-टीआरडी-13-[illegible]-लखनऊ-26 दिनांक: 21.07.2026
2521/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संविदा कर्मियों को आउटसोर्स निगम में शामिल करने की मांग

## सीएम की घोषणाओं से बिजलीकर्मियों को वंचित रखना अन्यायपूर्ण : संघर्ष समिति



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आउटसोर्स सेवा निगम को सुदृढ़ बनाने, उसके प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने तथा 20 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने के निर्णय का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेश के ऊर्जा निगमों में कार्यरत हजारों संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों को आज भी आउटसोर्स सेवा निगम के दायरे से बाहर रखा गया है। इसके चलते मुख्यमंत्री द्वारा आउटसोर्स सेवा निगम के लिए की जा रही कल्याणकारी एवं विकासात्मक घोषणाओं का कोई लाभ बिजली क्षेत्र के संविदा कर्मियों को नहीं मिल पा रहा है।संघर्ष समिति ने कहा कि समिति द्वारा लगातार यह मुद्दा उठाए जाने के बावजूद उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मियों को आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल करने के लिए तैयार नहीं है। जबकि प्रदेश सरकार द्वारा अप्रैल 2026 में स्पष्ट कर दिया गया है कि ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मियों को आउटसोर्स सेवा निगम से अलग रखने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने शासन को पत्र लिखकर ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मियों को आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल न किए जाने का आग्रह किया था, लेकिन शासन द्वारा इस पर स्पष्ट मत दिए जाने के बाद भी प्रबंधन अपनी हठधर्मिता पर अड़ा हुआ है और संविदा कर्मियों को निगम के लाभों से वंचित रखे हुए है।संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण की नीतियों के कारण पहले ही बड़ी संख्या में संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त की जा चुकी हैं। जो कर्मचारी कार्यरत हैं, वे अत्यंत कम वेतन पर कठिन परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं। अब उन्हें आउटसोर्स सेवा निगम से मिलने वाले सामाजिक एवं आर्थिक लाभों से भी वंचित रखना उनके साथ गंभीर अन्याय है।संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया है कि वे ऊर्जा निगम प्रबंधन को तत्काल निर्देश दें कि प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों को उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल किया जाए। साथ ही उन्हें निगम के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने वाले सभी लाभ तत्काल प्रदान किए जाएं।

# अखिलेश यादव ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को संसद परिसर के बाहर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए नीट-2026 पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि पेपर लीक से देश के लाखों युवा प्रभावित हुए हैं और यह किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश के छात्रों का मुद्दा है।पहले दें धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा अखिलेश यादव ने कहा, 'विपक्ष की वही मांग है कि पहले धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हो और फिर प्रदर्शनकारी छात्रों की मांग मानी जाए। 150 से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं। नौजवान इनसे पीड़ित हैं। यह हम सभी का मुद्दा है, इसमें किसी पार्टी की बात नहीं है। छात्र और नौजवान अपने आप आ रहे हैं। हमें उनकी आवाज उठानी पड़ेगी।' उन्होंने कहा कि विपक्ष छात्रों के मुद्दे पर सरकार को जवाबदेह बनाने के लिए लगातार आवाज उठाता रहेगा।मांगें क्यों नहीं मानी जा रहीं: डिंपल यादव समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'सोशल मीडिया पर दिख रहा है कि पुलिस का बच्चों के प्रति क्या रवैया रहा। सरकार उनकी मांग क्यों नहीं मान रही है? सरकार जवाब क्यों नहीं दे पा रही है? इनके कोई सांसद आकर छात्रों से बात क्यों नहीं कर रहे हैं?' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी बात सुनने से बच रही है।

# पूर्वोत्तर रेलवे में होम्योपैथी एवं आयुर्वेदिक ओपीडी सेवा प्रारंभ



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल कार्यालय के नवीन ईजीआरएस कक्ष में डॉ. एसए खान, अंशकालिक होम्योपैथिक चिकित्सक, बादशाहनगर तथा डॉ. आरके सिंह, अंशकालिक आयुर्वेदिक चिकित्सक, बादशाहनगर सप्ताह में एक दिन नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगे। डॉ. एसए खान प्रत्येक बृहस्पतिवार को तथा डॉ. आरके सिंह प्रत्येक शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक मण्डल कार्यालय स्थित ईजीआरएस सेल में उपस्थित रहकर कर्मचारियों को होम्योपैथी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराएंगे। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया कि यह व्यवस्था मंडल चिकित्सालय, बादशाहनगर में कार्यरत चिकित्सकों द्वारा मंडल कार्यालय के लगभग 500 कर्मियों को कार्यस्थल पर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए की गयी है। इससे कर्मचारियों का समय बचेगा, उनकी चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंच आसान होगी तथा कार्य के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाएं भी अधिक सुलभ होंगी।लखनऊ मण्डल द्वारा की गई यह पहल कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता का परिचायक है। कर्मचारियों एवं विभिन्न यूनियन प्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए मण्डल रेल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कार्यालय-नगर पंचायत तमकुहीराज जनपद-कुशीनगर

पत्रांक 296/न०पं०त०म0/2026-27 दिनांक 22.07.2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तमकुहीराज में **"मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (CM-VNY)"** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों के लिए समस्त पंजीकृत ठेकेदारो/अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो से निविदा/कोटेशन **दिनांक-22.07.2026 से दिनांक 11.08.2026 को अपराहन 01:00 बजे तक** कार्यालय नगर पंचायत तमकुहीराज में रखे निविदा बाक्स में आमंत्रित किया जाता है। समस्त डाली गयी निविदा उक्त तिथि को ही **अपराह्न 03:00 बजे** ठेकेदार/फर्मो या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र के साथ पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा प्रपत्र के साथ जमानत धनराशि नगद/एन०एस०सी०/के०वी०पी०/एफ०डी०आर० जमा रसीद द्वारा जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तमकुही राज के पक्ष में बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा फार्म नगद मूल्य पर नगर पंचायत तमकुही राज के कार्यालय लिपिक से **दिनांक 11.08.2026 को** कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कराये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्नवत है :-

**कराये जाने वाले निर्माण कार्यो का विवरण**

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत एफ०डी०आर०/ राष्ट्रीय बचत पत्र/टी०डी०आर० | निविदा प्रपत्र मूल्य +18% G.S.T. | कार्य पूर्ण करने का समय | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0-5 में चित्रांश अल्ट्रासाउण्ड से अजय के घर तक सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 500000.00 | 50000.00 | 500+90 =590.00 | 03 दिन | मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (CM-VNY) |

नियम एवं शर्तें :-

1. निविदादाता के न्युनतम दरों की स्थिति में भी उसकी निविदा निरस्त की जा सकती है।
2. कार्य संतोषजनक पाये जाने की स्थिति में जमानत धनराशि वापस की जाएगी।
3. दी गयी समयावधि के अनुसार ठेकेदार यदि कार्य पूर्ण नही करता है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. निविदा प्रपत्र पर ओवर राईटिंग मान्य नही होगा।
5. शासन/प्रशासन/निकाय द्वारा जारी आदेशो का पालन करना होगा।
6. सशर्त निविदा मान्य नही होगा।
7. कार्यादेश के तुरन्त बाद नियमानुसार अपने स्वयं के व्यय से देय स्टाम्प पेपर पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
8. निविदा के साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र एवं श्रम विभाग पंजीयन का समयावधि के अन्दर स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. आयकर विभाग द्वारा 3 वर्ष का आई०टी०आर० संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. कार्य समाप्ति के पश्चात ठेकेदार/फर्म की जमानत धनराशि निदेशालय के शासनादेश दिनांक-06.01.2021 पत्र सं0-TC/314/2020-21 के अनुरूप वापसी व मैनडेटरी टेस्ट में सही पाये जाने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
11. फर्म द्वारा किसी भी प्रकार का तथ्य छुपाने की स्थिति में उनकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत तमकुही राज**
**जनपद-कुशीनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत तमकुही राज**
**जनपद-कुशीनगर**

## कार्यालय, नगर पंचायत तमकुहीराज जनपद-कुशीनगर, उ0प्र0

पत्रांक 294/न०पं०त०म0/2026-27 दिनांक 21.07.2026

### सामान्य निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तमकुहीराज में 15वीं वित्त आयोग (अनटाइड ग्रान्ट) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों के लिए समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो से निविदा/कोटेशन **दिनांक 21.07.2026 से दिनांक 10.08.2026 को अपराहन 01.00 बजे तक** कार्यालय नगर पंचायत तमकुहीराज में रखे निविदा बाक्स में आमन्त्रित किया जाता है। समस्त वाली गयी निविदा उक्त तिथि को ही **अपराह्न 03.00 बजे** ठिकेदार/फर्मो या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र के साथ पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा प्रपत्र के साथ जमानत धनराशि नगद/एन०एस०सी०/के०वी०पी०/एफ०डी०आर० जमा रसीद द्वारा जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तमकुहीराज के पक्ष में बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा फार्म नगद मूल्य पर नगर पंचायत तमकुहीराज के कार्यालय लिपिक से **दिनांक-10.08.2016** को कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कराये जाने वाले कार्यों का विवरण निम्नवत है –

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत एफ०डी०आर०/ राष्ट्रीय बचत पत्र/टी०डी०आर० | निविदा प्रपत्र मूल्य +18% G.S.T. | कार्य पूर्ण करने का समय | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड सं0-4 गाँधी नगर में डॉ० डी०के० गुप्ता क्लिनिक से भोला के घर तक सी०सी० सड़क व आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 500000.00 | 50000.00 | 500+90 =590.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 2 | वार्ड सं0-4 गाँधी नगर में नवसाद के घर से मोहन के घर तक सी०सी० सड़क व आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 659000.00 | 65900.00 | 659+119 =778.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 3 | वार्ड सं0-5 गोविन्द नगर में उर्मिला वर्मा के घर से हरिलाल के घर तक सी०सी० सड़क व आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 474000.00 | 47400.00 | 474+85 =559.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 4 | वार्ड सं0-5 गोविन्द नगर में शिवनाथ गुप्ता के घर से रमावती गिरी के घर तक सी०सी० सड़क व आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 864000.00 | 86400.00 | 864+156 =1020.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 5 | वार्ड सं0--5 गोविन्द नगर में सीमा राय के घर से राजकिशोर के घर तक सी०सी० सड़क का निर्माण कार्य। | 321000.00 | 32100.00 | 321+58 =379.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 6 | वार्ड सं0-5 गोविन्द नगर में शकीम के घर से मोहम्मद इारुन के घर तक सी०सी० सड़क आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 604000.00 | 60400.00 | 604+109 =713.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 7 | वार्ड सं०-6 रामजानकी नगर में कृष्णा गुप्ता के घर से कागेश्वर के घर तक सी०सी० सड़क व आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 486000.00 | 486000.00 | 486+87 =573.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 8 | वार्ड सं0-8 राम जानकी नगर में तरया रोड से अनवारूल के घर तक सी०सी० सड़क व आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 646000.00 | 64600.00 | 646+116 =762.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 9 | वार्ड सं0-9 तिलक नगर में पुलिया से संदीप के घोठा तक सी०सी० सड़क व आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 606000.00 | 60600.00 | 606+109 =715.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 10 | वार्ड सं0-9 तिलक नगर में एन०एच० 28 से ओमप्रकाश चौहान के घर तक सी०सी० सड़क व आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 729000.00 | 72900.00 | 729+131 =860.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 11 | वार्ड नंबर सं0-10 भगत सिंह नगर में कन्हैया प्रसाद के घर से बहारन के घर तक सी०सी० सड़क व आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 625000.00 | 62500.00 | 625+113 =738.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 12 | वार्ड सं0-12 मालवीय नगर में एन०एच० 730 से नेशनल स्कूल तक सी०सी० सड़क का निर्माण कार्य | 920000.00 | 92000.00 | 920+166 =1086.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 13 | वार्ड सं0-13 शास्त्री नगर में हीरा चौहान के घर से हरिशंकर के घर तक सी०सी० सड़क व आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 943000.00 | 94300.00 | 943+170 =1113.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 14 | वार्ड सं0-14 चन्द्रशेखर आजाद नगर में मुख्तार के घर से सुरेश बैठा के घर तक सी०सी० सड़क व आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 557000.00 | 55700.00 | 557+100 =657.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 15 | वार्ड सं0-14 चन्द्रशेखर आजाद नगर में अंगद खरवार के घर से मिथलेश के घर तक सी०सी० सड़क व आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 706000.00 | 70600.00 | 706+127 =833.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) |
| 16 | वार्ड सं0-14 चन्द्रशेखर आजाद नगर में दुर्गा मंदिर से मेन रोड तक सी०सी० सड़क व आर०सी०सी० नाली का निर्माण कार्य। | 590000.00 | 59000.00 | 590+106 =696.00 | 03 दिन | 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट)/राज्य वित्त अयोग |

नियम एवं शर्तें :-

1. निविदादाता के न्युनतम दरों की स्थिति में भी उसकी निविदा निरस्त की जा सकती है।
2. कार्य संतोषजनक पाये जाने की स्थिति में जमानत धनराशि वापस की जाएगी।
3. दी गयी समयावधि के अनुसार ठेकेदार यदि कार्य पूर्ण नही करता है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. निविदा प्रपत्र पर ओवर राईटिंग मान्य नही होगा।
5. शासन/प्रशासन/निकाय द्वारा जारी आदेशो का पालन करना होगा।
6. सशर्त निविदा मान्य नही होगा।
7. कार्यादेश के तुरन्त बाद नियमानुसार अपने स्वयं के व्यय से देय स्टाम्प पेपर पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
8. निविदा के साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र एवं श्रम विभाग पंजीयन का समयावधि के अन्दर स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. आयकर विभाग द्वारा 3 वर्ष का आई०टी०आर० संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. कार्य समाप्ति के पश्चात ठेकेदार/फर्म की जमानत धनराशि निदेशालय के शासनादेश दिनांक-06.01.2021 पत्र सं0-TC/314/2020-21 के अनुरूप वापसी व मैनडेटरी टेस्ट में सही पाये जाने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
11. फर्म द्वारा किसी भी प्रकार का तथ्य छुपाने की स्थिति में उनकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत तमकुही राज**
**जनपद-कुशीनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत तमकुही राज**
**जनपद-कुशीनगर**

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## आर्थिक नीतियां

अर्थव्यवस्था किसी भी देश के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण विषय है। इसमें जितनी ज्यादा संभावनाएं होती हैं, उतना ही जोखिम एवं जटिलताएं भी रहती हैं। नीति निर्धारकों का कौशल इसमें होता है कि इन दोनों पक्षों के बीच किस सीमा तक संतुलन बना पाने में वे सफल हो पाते हैं। भारत के साथ भी ऐसा ही है। देश के नौ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि जून महीने में बढ़ कर पांच माह के उच्च स्तर पांच प्रतिशत पर पहुंच गई। यह तेजी मुख्यतः सीमेंट, बिजली और लौह अयस्क उत्पादन में बढ़ोतरी से आई। लेकिन जून में ही कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और उर्वरक के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई। अर्थव्यवस्था के एक हिस्से का यह ऐसा मिश्रित प्रदर्शन है कि जिसमें वृद्धि भी है और गिरावट भी। किंतु इससे संभावनाएं खत्म नहीं हो जातीं क्योंकि सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इसीलिए प्रख्यात अर्थशास्त्री और देश के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति वी सुब्रमण्यम का विचार है कि भारत कारोबार करने और वित्त पोषण लागत कम करने के लिए संरचनात्मक सुधारों में तेजी लाकर आठ से नौ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर प्राप्त कर सकता है। उन्होंने भूमि, श्रम और पूंजी जैसे कारक बाजारों में सुधारों के साथ-साथ न्यायिक और नौकरशाही सुधार लागू करने पर भी जोर दिया है। सुब्रमण्यम का कहना है कि भारत की व्यापक आर्थिक बुनियाद मजबूत है और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से निकट भविष्य में अर्थव्यवस्था को सहारा मिलेगा। उनका मानना है कि सात से नौ फीसद वृद्धि तक पहुंचाने वाली अगली लहर भूमि, श्रम और पूंजी जैसे कारक बाजारों के साथ न्यायिक और नौकरशाही सुधार की होगी जो कारोबार और वित्त पोषण की लागत कम करें। वास्तव में सुब्रमण्यम की बात कई दृष्टियों से तर्कसंगत है। चूंकि अर्थव्यवस्था एक निरंतर क्रियाशील रहने वाली व्यवस्था है इसलिए इसकी विषमताओं के प्रति सजग और सतर्क रहना सबसे जरूरी हो जाता है। यह इसलिए भी ध्यान रखने वाली बात है क्योंकि इसके विभिन्न अंगों को प्रभावित करने वाले कारक और परिस्थितियां हमेशा मौजूद रहते हैं जिनको अनुकूल बनाए रखना ही होता है। जून में जिन बुनियादी क्षेत्रों में वृद्धि दर्ज की गई, उनमें पहले झटके भी लग चुके हैं लेकिन सही निर्णयों के कारण सही रास्ते पर आ सके। इसलिए उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न करने वाले क्षेत्रों की गतिविधियों की प्रति गंभीरता से सावधानी बरती जाए तो उनकी स्थिति भी बेहतर हो जाएगी। यानी असली जरूरत अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक सुधार की प्रक्रिया को जारी रखने की है। यह तभी संभव है जब आर्थिक नीतियों का निर्माण व्यापक अध्ययन के साथ किया जाए।

## नकली दवाइयां

साधारण से लेकर गंभीर-असाध्य बीमारियों में दवाइयां संजीवनी का काम करती हैं। बरसों तक किसी रोग से परेशान व्यक्ति दवा से ही ठीक होते हैं। चूंकि दूषित पर्यावरण और दोषपूर्ण जीवन शैली एवं गलत आदतों के कारण बीमारियों का प्रसार ज्यादा हो रहा है तो दवाइयों पर निर्भरता भी बढ़ती जा रही है। लेकिन हाल के वर्षों के दौरान दवाइयों का शुद्ध होना एक समस्या बन गया है। इसका कारण नकली दवाइयों का फलता-फूलता कारोबार है। यह ऐसी पहेली है जिसमें यह समझा ही नहीं जा सकता कि जो दवाई खरीदी जा रही है, वह असली है या नकली। इसके खिलाफ तमाम कार्रवाइयां की गईं लेकिन अन्य गलत धंधों की तरह इसके ऊपर भी रोक नहीं लग सकी और यह धड़ल्ले के साथ जारी है। नकली दवाइयों के कारोबारियों ने अब पुलिस, एसटीएफ और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की पकड़ से बचने के लिए एक नया तरीका निकाला है। ये कारोबारी अब असली दवाइयों की खेप के साथ थोड़ी-थोड़ी मात्रा में नकली दवाइयां मिला कर बाजारों में पहुंचा रहे हैं। इससे संदेह तो कम होता ही है, जांच एजेंसियों के लिए नकली माल की पहचान कर पाना भी कठिन गया है। यही वजह है कि अक्सर ऐसी दवाइयां मेडिकल स्टोर्स तक पहुंच भी जा रही हैं। इनकी पहचान केवल प्रयोगशाला जांच से ही संभव है। यह खेल एक अच्छा खासा नेटवर्क का रूप ले चुका है जो प्रदेश के कई हिस्सों में सक्रिय है। यही चिंता का मुख्य कारण है क्योंकि ऐसे संगठित नेटवर्क के जरिए अलग-अलग वाहनों और माध्यमों से दवाइयों की खेप भेजी जाती है। इस तरह प्रदेश के विभिन्न शहरों में नकली दवाइयों का जाल फैलता जा रहा है। असली-नकली का कोई भेद न रह जाने पर स्वाभाविक ही इनकी खपत बड़ी आसानी से हो जाती है जिसके शिकार वे मरीज बनते हैं जो असली दवा के भरोसे में इन्हें खरीदते हैं। इसलिए एफएसडीए तथा अन्य एजेंसियों को ऐसी दवाइयों का खेल खत्म करने के लिए विशेष उपाय करने होंगे।

## काँव-काँव

♦♦♦

**स्नातक पास 50 हजार बेटियों को स्कूटी**
उज्जवल भविष्य के लिए ही नहीं स्कूटी के लिए भी की जाएगी पढ़ाई!

**कमजोर मानसून और महंगा तेल धीमी कर सकता है अर्थ व्यवस्था की रफ्तार**
कुदरत और सरकार मिलकर आम जनता का तेल निकालेगी!

**युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देंगे : मोदी**
वर्तमान में युवाओं के साथ जो खिलवाड़ हुआ,उसका क्या!

**राहुल-प्रियंका, अखिलेश हिरासत में...रिहा**
2027 विधानसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन तय!

**ई20 पेट्रोल से माइलेज में कमी हो सकती है पर इंजन में खराबी नहीं : केन्द्र**
माइलेज की भरपाई कौन करेगा!

**150 कैमरे खंगाले, 48 घंटे में खोज निकाली चुराई गई भैंसें**
पुलिस द्वारा आजम खान की भैसें ढूंढने का रिकार्ड टूटा!

♦♦♦

# विकल्पहीनता का मतलब अराजक प्रदर्शन तो नहीं

पद बड़ा है या कद, इसे देखने के लिए विवेक की आंखें चाहिए। पद की अपनी मर्यादा होती है। पद व्यक्ति का कद देखकर मिलता है। योग्यता और दक्षता ही पद प्राप्ति के आधार बनते हैं।पद से केवल अधिकार ही नहीं मिलते,उससे जुड़े कुछ कर्तव्य भी निभाने पड़ते हैं। संविधान ने अगर व्यक्ति को मौलिक अधिकार दिए हैं तो नीति निर्देशक तत्वों की भी व्यवस्था दी है। राहुल गांधी और



सियाराम पांडेय 'शांत'

उनके साथी कांग्रेसियों ने जिस तरह प्रधानमंत्री आवास पर अराजक प्रदर्शन किया,उसकी जितनी भी आलोचना की जाए,कम होगी। प्रदर्शन कब और कहां किया जाए,इसका देश-दुनिया में क्या संदेश जाएगा,इस पर विचार मंथन तो होना ही चाहिए । बहस की जगह संसद है या सड़क इस पर राजनीतिक,वैचारिक रोशनी तो पड़नी ही चाहिए। विरोध के लिए विरोध और सार्थक विरोध के बीच की रेखा तो दिखनी ही चाहिए,वर्ना अनावश्यक दबाव की राजनीति विकास के राजपथ को ध्वस्त कर देगी। अराजकता देश में सिर चढ़कर बोलने लगेंगी और यह स्थिति किसी भी लिहाज देश-काल के लिहाज से ठीक नहीं होगी।

राहुल गांधी ने कहा है कि मेरी मर्जी है,में कहीं भी धरने पर बैठ सकता हूँ।उन्हें समझना होगा कि वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। विवेकहीन मनमर्जी का अधिकार तो किसी के भी पास नहीं है। वैसे भी राजनीति में कुछ भी सरल नहीं होता, उसे समझने के लिए पर्याप्त मगजमारी करनी पड़ती है फिर भी गुत्थी समझने का नाम नहीं लेती। इधर दिल्ली में जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध-प्रदर्शन चल रहा है। यह आंदोलन नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने से जुड़ा है। इस लिहाज से यह आंदोलन छात्रों के व्यापक हित के सर्वथा अनुकूल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी यह मानना है कि पेपर लीक होने और परीक्षा में नकल महापाप है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर कुछ ऐसी नीति बनानी चाहिए जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सत्य वचन है लेकिन यही बात वे पहले भी कह सकते थे।

नीति भी यही कहती है कि फोड़े को पकने से पहले फोड़ देना चतुराई है। शत्रु को जीवित छोड़ देना बुराई है। जब आंदोलन अपने चरम पर है और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उनके सरकारी आवास पर विरोध-प्रदर्शन किया,तब जाकर उन्होंने यह प्रतिक्रिया दी। जो प्रधानमंत्री हर परीक्षा से पहले छात्रों का मार्गदर्शन करते रहे हैं,इस मामले में उनकी अप्रत्याशित चुप्पी हैरान और परेशान तो करती ही है। भले ही उन्होंने बिना कुछ कहे नीट परीक्षा कैंसिल कराई और पुनः नीट परीक्षा कराई ,जिससे मेधावी छात्रों का नुकसान न हो । उन्होंने पेपर लीक और परीक्षा में शामिल नेटवर्क पर शिकंजा पर भी कसा है। कुछ लोग जेल भी भेजे गए हैं लेकिन प्रभावित छात्रों को उनके सांत्वना के दो मीठे बोल कितनी राहत देते,यह किसी से छिपा नहीं है। का बरसा जब कृषि सुखानी। देर से आए उनके वक्तव्य पर यही कहा जा सकता है कि हुजूर आते-आते बहुत देर कर दी।

वैसे भी यह विचार का एक सिरा है लेकिन दूसरे सिरे को समझना बड़ा कठिन है। दरअसल कॉकरोच जनता पार्टी के जनक अभिजीत दीपके का भारतीय राजनीति में अकस्मात प्राकट्य भी बेहद रहस्यमय है। अभिजीत दीपके पहले से ही आम आदमी पार्टी से जुड़े रहे हैं। वे उसका चुनाव प्रबंधन देखते रहे हैं। डिजिटली स्ट्रांग भी हैं।उन्होंने ऑनलाइन जनता से जोड़कर आम आदमी पार्टी को बड़ी ऊंचाई दी थी। फिलवक्त आम आदमी पार्टी के सितारे गर्दिश में हैं। वह अपने बलबूते नरेंद्र मोदी को पटखनी नहीं दे पा रही थी। इसलिए उसने एक नए चेहरे की तलाश की,जिसके जरिए वह सत्ता की अपनी खोई जगह फिर वापस पा सके। जब सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एक मामले में कॉकरोच जैसी टिप्पणी की तो दीपके ने कॉकरोच जनता पार्टी का लोगो बनाकर लोगों को चौंकाने का काम किया। आम आदमी पार्टी ने भी अपने लोगों के जरिए उस लोगो को सोशल मीडिया पर फैलाने का काम किया। दीपके का अपना नेटवर्क था ही। उसी बीच नीट का मामला उछल गया और आम आदमी पार्टी ने दीपके को अमेरिका से भारत बुला लिया ।कहना न होगा कि पहले दिन से ही आम आदमी पार्टी और उसके नेता सीजेपी के आंदोलन को सपोर्ट कर रहे थे। कांग्रेस भी इस बात को जानती थी और भाजपा भी। इसीलिए पीएम मोदी खामोश रहे लेकिन उन्होंने छात्रों का अहित रोकने के लिए दोबारा परीक्षा कराई। पेपर लीक के खेल में शामिल कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया।राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस इस आंदोलन के खिलाफ थी।इस पर राहुल गांधी के पूर्व के बयान इस ओर इशारा भी करते हैं ।यही वजह है कि राहुल गांधी ने जंतर-मंतर की बजाय प्रधानमंत्री के आवास के पास धरना दिया और शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ही नही,पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के भी इस्तीफे की मांग की। इस आंदोलन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी शामिल हुए। इससे इतना तो साफ है कि कांग्रेस इस बार आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर पंजाब विधान सभा का चुनाव नहीं लड़ने जा रही है। पिछले विधान सभा चुनाव से पहले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन का समर्थन किया था लेकिन पंजाब विधान सभा चुनाव में आम आदमी पार्टी सत्ता की बाजी मार ले गई क्योंकि पंजाब के किसानों ने कांग्रेस से अधिक आप पर भरोसा किया। जब पीएम मोदी को लगा कि कांग्रेस और आप में विरोध का लोहा गर्म है तो उन्होंने अपनी बुद्धि का हथौड़ा बरसाने में एक पल भी जाया नहीं किया। अपने मंत्री जितेंद्र सिंह को राहुल से बातचीत के लिए भेज दिया। इससे आप को जोर के झटके लगे हैं। वह इस आंदोलन को कांग्रेस और भाजपा की जुगलबंदी करार देने लगी है। आप सांसद संजय सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया कि कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन को विफल करने के लिए पीएम मोदी ने राहुल गांधी को अपने आवास पर धरने पर बैठा दिया ।आप विधायक आतिशी ने तो यहां तक कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी और सोनम वांगचुक ने एक माह तक विरोध-प्रदर्शन किया। मोदी सरकार ने उनसे बातचीत से इनकार कर दिया। राहुल गांधी को पीएम आवास के बाहर विरोध-प्रदर्शन की अनुमति मिली।एक घंटे में ही मोदी सरकार ने बातचीत शुरू कर दी। वाह कैसी जुगलबंदी। हालांकि इन हास्यास्पद आरोपों का कोई ठोस आधार नहीं है,लेकिन मिथ्या आरोप की दीवार बनाने में आम आदमी पार्टी ने महारत हासिल कर ली है। वैसे भी कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन को समर्थन देने के लिए सभी मोदी विरोधी ताकतें सक्रिय हो गई हैं। पार्टी के संसद मार्च को सपोर्ट करने के लिए शिवसेना उध्दव बाल ठाकरे के सांसद संजय राउत,अरविंद सावंत,राकांपा शप के मुखिया शरद पवार,उनकी बेटी सुप्रिया सुले, महुआ माजी,आप नेता गोपाल राय और वामदलों के नेताओं की उपस्थिति यह बताने और जताने के लिए काफी है कि विपक्ष के पास विकल्पहीनता ही अब शेष बची है। भले ही वे यह सब प्रतियोगी छात्रों के हित के नाम पर कर रहे हैं लेकिन इसमें उनके अपने हित ज्यादा सर्वोपरि है। अब तो उद्धव ठाकरे और ममता बनर्जी ने भी जंतर-मंतर पहुंचने का ऐलान कर दिया है।

राहुल गांधी के आंदोलन के वक्त कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला का यह अभिकथन कि हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा है।सरकार संसद में बहस नहीं कर रही। हम क्या कर सकते हैं,सड़क पर आना पड़ रहा है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे भी सरकार पर संसद में बहस न करने का आरोप लगा रहे हैं लेकिन सच तो यह है कि संसद के चलने में बाधक भी यही दल हैं। पंजाब और हरियाणा से किसान नेता दिल्ली घेरने आ रहे हैं। राकेश टिकैत पहले ही अपनी राजनीति चमकाने दिल्ली पहुंच चुके हैं। ऐसा लगता है कि विपक्ष के बड़े नेताओं से बड़ा कद अभिजीत दीपके का हो गया है।इनके और न उनके ठौर वाली स्थिति है। यह सच है कि आंदोलन लोकतंत्र की आत्मा है।विरोध-प्रदर्शन सत्तारूढ़ दल को निरंकुश नहीं होने देते। उनकी नींद हराम करते हैं।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ पञ्चदशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

पुस्तक पढ़ने से तो उधर बढ़ने की प्रेरणा मात्र मिलती है। पत्तों के स्थान पर वेद की क्या आवश्यकता है? वस्तुतः पुरुष भटकते-भटकते जिम अन्तिम कोपल अर्थात अन्तिम जन्म को लेता है. वहीं से वेद के वे छन्द (जो कल्याण का सृजन करते हैं) प्रेरणा देते हैं, वहीं से उनका उपयोग है। वहीं से भटकाव समाप्त हो जाता है। वह स्वरूप की ओर घूम जाता है। तथा-

अधश्चोर्ध्वं प्रसृतास्तस्य शाखा गुणप्रवृद्धा विषयप्रवालाः।
अधश्च मूलान्यनुसन्ततानि कर्मानुबन्धीनि मनुष्यलोके
।।2।।

इस संसार-वृक्ष की तीनों गुणों के द्वारा बढ़ी हुई विषय और भोगरूप कोपलोंवाली शाखाएँ नीचे और ऊपर सर्वत्र फैली हुई हैं। नीचे की ओर कीट-पतंगपर्यन्त और ऊपर देवभाव से लेकर ब्रह्मापर्यन्त सर्वत्र फैली हुई हैं तथा केवल मनुष्य-योनि में कर्मों के अनुसार बाँधनेवाली हैं, अन्य सभी योनियाँ भोग भोगने के लिये हैं। मनुष्य-योनि ही कर्मों के अनुसार बन्धन तैयार करती है।

न रूपमस्येह तथोपलभ्यते नान्तो न चादिर्न च सम्प्रतिष्ठा।
अश्वत्थमेनं सुविरूढमूल- मसङ्गशस्त्रेण दृढेन
छित्त्वा ।।3।।परन्तु इस संसार-वृक्ष का रूप जैसा कहा गया है, वैसा यहाँ नहीं पाया जाता; क्योंकि न तो इसका आदि है, न अन्त है और न अच्छी प्रकार से इसकी स्थिति ही है (क्योंकि यह परिवर्तनशील है)। इस सुदृढ़ मूलवाले संसाररूपी वृक्ष को दृढ़ 'असङ्गशस्त्रेण'- असंग अर्थात् वैराग्यरूपी शस्त्र द्वारा काटकर, (संसाररूपी वृक्ष को काटना है। ऐसा नहीं कि पीपल की जड़ में परमात्मा रहते हैं या पीपल का पत्ता वेद है और आरती करने लगे पेड़ की।) इस संसार-वृक्ष का मूल तो स्वयं परमात्मा ही वीजरूप से प्रसारित है, तो क्या वह भी कट जायेगा? क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**नात्यन्तं सरलैर्भाव्यं गत्वा पश्य वनस्थलीम् ।**
**छिद्यन्ते सरलास्तत्र कुब्जास्तिष्ठन्ति पादपाः ॥**

मनुष्य को अपने व्यवहार में बहुत ही भोलापन या सीधापन नहीं दिखाना चाहिए। ध्यान रहे वन में जो सीधे पेड़ पहले काटे जाते हैं, और जो पेड़ टेढ़े हैं वो खड़े रहते हैं।

♦♦♦

# युवा असंतोष : देखना है ज़ोर कितना बाजु-ए-क़ातिल में है?

देश का भविष्य, युवा शक्ति इन दिनों दिल्ली से लेकर देश के और भी कई नगरों महानगरों में सड़कों पर उतर चुका है। भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में यह पहला अवसर है जबकि सरकार को इतने व्यापक स्तर पर जन विरोध का सामना करना पड़ रहा है। युवाओं व छात्रों में उपजे इस



-निर्मल रानी

तरह के राष्ट्रव्यापी असंतोष का मुख्य कारण यह है कि उन्हें अपना भविष्य अंधकारमय नज़र आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में कथित रूप से 152 बार विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनायें हो चुकी हैं। इसके चलते लगभग 7.5 करोड़ छात्रों के भविष्य के लिये संकट खड़ा हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वर्ष 2021 से 2026 के बीच नीट परीक्षा के दबाव,अनिश्चितताओं ,पेपर लीक मॉडल और व्यवस्था की नाकामी के चलते मानसिक तनाव में आकर देश में 90 से अधिक छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। देश का युवा केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफ़े की मांग कर रहा है। परंतु फ़िलहाल तो ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सरकार ने युवाओं की इस मांग को नकारने को ही अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। यही वजह है कि पर्यावरणविद व सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के लंबे अनशन के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन जंतर मंतर से युवाओं का सैलाब गत 20 जुलाई को सत्र शुरुआत के पहले ही दिन संसद की ओर निकल पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम के कई अलग अलग पहलू हैं। इनमें एक महत्वपूर्ण पहलू है सरकार का इन प्रदर्शनकारी युवाओं,छात्रों व आंदोलन से निपटने का तरीक़ा। याद कीजिये जब तीन कृषि कानूनों के विरुद्ध दिल्ली की सीमाओं पर 26 नवंबर 2020 से 9 दिसंबर 2021 तक ऐतिहासिक किसान आंदोलन 380 दिनों तक चला था उस समय भी इसी भाजपा सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिये तरह तरह के हथकंडे अपनाये थे। उसे भी पाकिस्तान, माओवादी, खालिस्तानी समर्थक आंदोलन बताया गया था। आंदोलन की फ़ंडिंग पर सवाल खड़ा किया गया था,किसान दिल्ली न पहुँचने पाएं इसके लिये सड़कों पर कीलें बिछाई गयी थीं,कई जगह पक्की दीवारें बनाकर आंदोलन को कमज़ोर करने की कोशिश हुई थी। परन्तु अन्नदाता कहाँ दबने वाले थे। आख़िरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर 2021 को तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का आधिकारिक ऐलान किया। और किसानों ने तीनों काले कृषि क़ानूनों को वापस करवाकर ही दम लिया। इस तरह के किसान विरोधी प्रोपेगेंडा में तब भी मीडिया ने सत्ता के पक्ष में बड़ी भूमिका निभाई थी और आज भी वही सत्ता परस्त चाटुकार मीडिया छात्रों व युवा शक्ति के इस आंदोलन में ठीक वैसी ही भूमिका निभा रहा है।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर शिक्षा मंत्री के इस्तीफ़े और शिक्षा प्रणाली में सुधार को लेकर 28 जून 2026 से अनशन शुरू हुआ था। सोनम वांगचुक व छात्र संगठनों के नेतृत्व में चल रहा यह आंदोलन 34 दिन पूरे कर चुका है। एक तरफ़ तो देश की लगभग सभी विपक्षी पार्टियों का समर्थन इस आंदोलन को हासिल है तो दूसरी तरफ़ किसान आंदोलन की ही तरह इस आंदोलन को भी कमज़ोर व बदनाम करने की साज़िश बिकाऊ मीडिया,सत्ता संचालित आई टी सेल व अंधभक्त ट्रोलर्स द्वारा की जा रही है। उदाहरण के तौर पर सोनम वांगचुक जोकि भारत के एक सुप्रसिद्ध इंजीनियर, शिक्षा सुधारक, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता हैं तथा अपने अनेक अनूठे आविष्कारों और ज़मीनी स्तर पर शिक्षा व पर्यावरण



में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए जाने जाते हैं, उनको चीनी एजेंट बताने की मुहिम छेड़ी गयी। वांगचुक को उनके कार्यों के लिए अब तक लगभग 15 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं, जिनमें प्रमुख रूप से एशिया का नोबेल पुरस्कार समझा जाने वाला रेमन मैग्सेसे पुरस्कार भी 2018 में मिल चुका है। वे लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची के तहत विशेष सुरक्षा प्रदान करने और पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए भी लेह में 21 दिनों का कड़ा अनशन कर चुके हैं और जेल भी जा चुके हैं। ऐसे प्रतिष्ठित समाजसेवी व्यक्ति को चीनी एजेंट के रूप में बदनाम करने का मक़सद छात्र आंदोलन को बदनाम करना है। बहरहाल जब सत्ता के यह हथकंडे कामयाब नहीं हुये तो छल,साज़िश और दमन की नीति अपनाकर इस आंदोलन को कुचलने की कोशिश की गयी। 19 /20 जुलाई की रात जंतर मंतर पर धरना स्थल के बिल्कुल क़रीब पत्थरों से भरा एक ट्रक चुपके से लाकर खड़ा कर दिया गया। उसी के साथ एक टूटी फूटी वैन खड़ी कर दी गयी। जिसे आंदोलनकारी समर्थक सोशल मीडिया ने देर रात चेक कर उसकी वीडिओ वायरल कर दी और युवाओं को चेतावनी दे दी कि यह साज़िश का हिस्सा है इससे सचेत रहें। उसके बाद जब युवाओं का जनसैलाब 20 जुलाई को अनियंत्रित होकर संसद की तरफ़ कूच करने लगा उसकी आड़ में जगह जगह पुलिस की जिस बर्बरता के भयावह दृश्य देखने को मिले उसने तो सत्ता की मंशा,क्रूरता व अहंकार को पूरी तरह से बेनक़ाब कर दिया। 100 से अधिक युवा पुलिस बर्बरता का शिकार हुये। पुलिस के साथ ही सादे लिबास में अनेक संदिग्ध लोग छात्रों,युवाओं यहां तक मासूम बच्चियां व बुज़ुर्गों पर भी बेरहमी से डंडे बरसाते दिखाई दिये। सिर्फ़ लाठी चार्ज ही नहीं किया गया बल्कि पानी की तेज़ धार और आंसू गैस के गोले भी दाग़े गये। इतना ही नहीं बल्कि संसद भवन के भीतर आधुनिक शस्त्रों से लैस कई पुलिस वाले प्रदर्शनकारियों की ओर निशाना साधे दिखाई दिये।

## प्रेरक प्रसंग

### मातृ-भक्ति

एक थका मांदा शिल्पकार लंबी यात्रा के बाद किसी छायादार वृक्ष के नीचे विश्राम के लिये बैठ गया। अचानक उसे सामने एक पत्थर का टुकड़ा पड़ा दिखाई दिया। उसने उस सुंदर पत्थर के टुकड़े को उठा लिया, सामने रखा और औजारों के थैले से छेनी-हथौड़ी निकालकर उसे तराशने के लिए जैसे ही पहली चोट की, पत्थर जोर से चिल्ला पड़ा, उफ मुझे मत मारो। दूसरी बार वह रोने लगा, मत मारो मुझे, मत मारो... मत मारो।

शिल्पकार ने उस पत्थर को छोड़ दिया, अपनी पसंद का एक अन्य टुकड़ा उठाया और उसे हथौड़ी से तराशने लगा। वह टुकड़ा चुपचाप वार सहता गया और देखते ही देखते उसमे से एक एक देवी की मूर्ती उभर आई। मूर्ती वहीं पेड़ के नीचे रख वह अपनी राह पकड़ आगे चला गया। कुछ वर्षों बाद उस शिल्पकार को फिर से उसी पुराने रास्ते से गुजरना पड़ा, जहां पिछली बार विश्राम किया था। उस स्थान पर पहुंचा तो देखा कि वहां उस मूर्ती की पूजा अर्चना हो रही है, जो उसने बनाई थी। भीड़ है, भजन आरती हो रही है, भक्तों की पंक्तियां लगीं हैं, जब उसके दर्शन का समय आया, तो पास आकर देखा कि उसकी बनाई मूर्ती का कितना सत्कार हो रहा है! जो पत्थर का पहला टुकड़ा उसने, उसके रोने चिल्लाने पर फेंक दिया था वह भी एक ओर में पड़ा है और लोग उसके सिर पर नारियल फोड़ फोड़ कर मूर्ती पर चढ़ा रहे है। शिल्पकार ने मन ही मन सोचा कि जीवन में कुछ बन पाने के लिए शुरू में अपने शिल्पकार को पहचानकर, उनका सत्कारकर कुछ कष्ट झेल लेने से जीवन बन जाता हैं। बाद में सारा विश्व उनका सत्कार करता है। जो डर जाते हैं और बचकर भागना चाहते हैं वे बाद में जीवन भर कष्ट झेलते हैं, उनका सत्कार कोई नहीं करता।

## आपका पत्र मिला

### सीजेपी बनाम बीजेपी या बीजेपी बनाम संयुक्त विपक्ष?

सीजेपी बनाम बीजेपी मामला इतना ज्यादा पेचीदा हो गया कि कल की सीजेपी ने बीजेपी की नाक में दम कर डाला सिर्फ और सिर्फ पेपर लीक मामले से ही. बहुत ही कम समय में सीजेपी के सोशल मिडिया में करोड़ों फॉलोवर्स आ गए और आंदोलित हो गई हजारों-हजार युवाशक्ति। इसके प्रणेता अभिजीत दीपक तो रहे ही इसके साथ ही आंदोलन में जो अधिक उभार आया वो रहा सोनम वांगचुक का आमरण अनशन। आंदोलन और अधिक आंदोलित तब हुआ जब वागचुक को प्रशासन आंदोलन स्थल से उठाकर अस्पताल ले गई. बावजूद इसके सोनम ने अपना अनशन खत्म नहीं किया। छात्रों की प्रमुख मांग शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें, मृतक छात्रों के परिजनों को एक-एक करोड़ मुआवजा जाए और सोनम वांगचुक को अस्पताल से रिहा किया जाए पर सीजेपी प्रतिनिधिमंडल से स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से चर्चा हुई. कुछ बात बनी फिर भी आंदोलन दूसरे दिन जोर पकड़ गया. इन सब घटनाक्रमों पर यह कहना अनुचित नहीं होगा कि सीजेपी की मांग तो लम्बे समय से चल रही थी किन्तु सरकार ने वार्ता के कोई ठोस कदम नहीं उठाये वरना मामला बहुत जल्दी सुलझ सकता था. शायद सरकार इस भ्रम में रही की सीजेपी बहुत छोटी नईनवेली उभरी पार्टी है अपने आप मामले ठन्डे हो जाएंगे। आश्चर्य होता है कि दो युवाओं के नेतृत्व ने पेपर लीक के मामले को लेकर देश में इतना बढ़ा आंदोलन खड़ा कर दिया कि करोड़ों फॉलोवर्स सोशल मीडिया पर आ गए और हजारों-हजार युवा सड़क पर अहिंसक आंदोलन के जरिये।

**शकुंतला महेश 'नेनावा'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# सावन के महीने में दिखना है हटके, ट्राई करें हरी साड़ियां

सावन का पवित्र महीना शुरू होते ही चारों तरफ हरियाली देखने को मिलती है। हिंदू धर्म में सावन के महीने में हरे रंग को खुशहाली और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में सुहागिन महिलाएं हरे रंग की साड़ी पहनना पसंद करती हैं। अगर आप भी इस महीने में अलग और खूबसूरत दिखना चाहती हैं, तो साड़ियों के कलेक्शन में थोड़ा सा बदलाव करने की जरूरत है। आजकल बाजार में पुरानी भारी साड़ियों की जगह लाइटवेट और स्टाइलिश साड़ियों का ट्रेंड काफी बढ़ गया है। आज के इस लेख में हम आपके लिए हरी साड़ी की लेटेस्ट और ट्रेंडी डिजाइंस लेकर आए हैं, जिन्हें पहनकर आप महफिल में पूरी तरह छा जाएंगी।

**लहरिया और बांधनी साड़ी** – सावन और तीज के मौके पर लहरिया और बांधनी साड़ियों का ट्रेंड बढ़ जाता है। इनकी खास बात यह है कि ये पैटर्न और डिजाइंस कभी पुराने नहीं होते हैं। आजकल जॉर्जेट या शिफॉन फैब्रिक पर गोटा-पट्टी वर्क वाली हरी लहरिया साड़ियां काफी पसंद की जा रही हैं। ये पहनने में बेहद हल्की होती हैं और इनमें लुक बेहद रॉयल आता है।

**फ्लोरल प्रिंटेड ऑर्गेनजा साड़ी** – अगर आप भारी-भरकम साड़ी पहनना कम पसंद करती हैं, तो आप फ्लोरल प्रिंटेड ऑर्गेनजा साड़ी चुन सकती हैं। इन पर बने बड़े-बड़े फ्लोरल प्रिंट्स सावन के मौसम में बेहद फ्रेश और मॉडर्न लुक देते हैं। इसके साथ आप एक स्टाइलिश पफ-स्लीव ब्लाउज पेयर कर सकती हैं।

**सीक्वेंस और नेट साड़ी**

सावन के किसी गेट-टुगेदर के लिए सीक्वेंस या नेट की हरी साड़ी बेस्ट ऑप्शन है। आजकल पेस्टल ग्रीन और ऑलिव ग्रीन शेड्स में बारीक सीक्वेंस वर्क वाली साड़ियां ट्रेंड कर रही हैं। यह आपको बिना ज्यादा मेहनत के एक ग्लैमर्स और हटके लुक देती हैं।

**बनारसी या सिल्क साड़ी**

अगर आपको पूजा-पाठ के लिए बिल्कुल प्योर एथनिक लुक चाहिए, तो डार्क ग्रीन रंग की बनारसी या कांजीवरम सिल्क साड़ी ट्राई करें। चांदी के जरी बॉर्डर वाली ये साड़ियां सदाबहार होती हैं। इसके साथ बालों में गजरा और ट्रेडिशनल झुमके पहनकर आपका सावन लुक गजब का लगेगा।

**ब्लाउज सिलवाते समय रखें इन बातों का ध्यान**

ब्लाउज का फिटिंग सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। नेक डिजाइन चुनते समय अपने कम्फर्ट और साड़ी के फैब्रिक का ध्यान रखें। अगर ब्लाउज पर हैवी वर्क है, तो साड़ी सिंपल रखें। वहीं सिंपल ब्लाउज के साथ प्रिंटेड या हैवी बॉर्डर वाली साड़ी का चुनाव आपके लुक को और आकर्षक बना सकता है।

**सावन में ट्राई करें ये लेटेस्ट ब्लाउज डिजाइन- डीप यू शेप बैक डिजाइन**

डीप यू शेप बैक डिजाइन कभी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होता।

इसमें बैक नेक को गहरा रखा जाता है और पॉटली बटन या डोरी के साथ सजाया जाता है।

यह डिजाइन सिल्क, बनारसी, ऑर्गेंजा और जॉर्जेट साड़ियों के साथ बेहद आकर्षक लगता है। अगर आप एलिगेंट और क्लासी लुक चाहती हैं, तो यह एक बेहतरीन विकल्प है।

**स्क्वायर नेक फ्रंट डिजाइन**– स्क्वायर नेक ब्लाउज आजकल फैशन इंडस्ट्री में काफी पसंद किया जा रहा है। यह डिजाइन लगभग हर फेस शेप और बॉडी टाइप पर सूट करता है।

# ऑयली त्वचा के लिए बेस्ट हैं ये फेस पैक



ऑयली त्वचा को संतुलित और ताजगी भरी बनाने के लिए, आप आसानी से घर में बने फेसपैक का उपयोग कर सकते हैं। ये फेसपैक ऑयली त्वचा की अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करने, पोर्स को कसने और त्वचा को ताजगी देने में मदद करते हैं। यहाँ हम आपको तीन आसान और प्रभावी फेसपैक के बारे में बताएंगे जो आपके लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकते हैं।

**टमाटर और नींबू का फेसपैक**

**सामग्री :** 1 पका हुआ टमाटर, 1 चम्मच नींबू का रस, 1 चम्मच शहद (वैकल्पिक, सूखापन कम करने के लिए)

**विधि :** टमाटर को मसलकर उसका रस निकालें। इसमें नींबू का रस और शहद मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएँ और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। ठंडे पानी से धो लें।

**लाभ :** टमाटर और नींबू का रस त्वचा की अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करने में मदद करता है और पोर्स को कसता है। शहद त्वचा को मॉइश्चराइज करने में मदद करता है।

**बेसन और दही का फेसपैक**

**सामग्री–** 2 चम्मच बेसन, 1 चम्मच दही, 1 चम्मच नींबू का रस (वैकल्पिक)

**विधि :** बेसन, दही और नींबू का रस एक बर्तन में मिलाएँ। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएँ और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। सूखने के बाद, गुनगुने पानी से धो लें।

**लाभ :** बेसन त्वचा से अतिरिक्त तेल और गंदगी को हटाता है, जबकि दही त्वचा को ठंडक और नमी प्रदान करता है। नींबू का रस त्वचा के रंग को भी हल्का कर सकता है।

**एलो वेरा और खीरा का फेसपैक– सामग्री :** 2 चम्मच एलो वेरा जेल, 1/2 खीरा।

**विधि :** खीरे को छीलकर उसका पेस्ट बना लें। इसमें एलो वेरा जेल मिलाएँ। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएँ और 20 मिनट के लिए छोड़ दें। ठंडे पानी से धो लें।

**लाभ :** एलो वेरा त्वचा को ठंडक और नमी प्रदान करता है, जबकि खीरा त्वचा को आराम और ताजगी देता है। यह पैक तेल को कम करने और त्वचा को शांत करने में मदद करता है।

इन फेसपैक्स का नियमित उपयोग आपकी तैलीय त्वचा को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है और आपकी त्वचा को ताजगी और स्वच्छता प्रदान कर सकता है।

# इन घरेलू नुस्खों से पाएं शाइनी और मजबूत बाल



गर्मी या सर्दी हो बदलते मौसम का असर हमारे बालों पर साफ नजर आता है। बाल रूखे, बेजान और फ्रिज़ी हो जाते हैं। इससे बालों का झड़ना और कमजोर होना जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। इन सबके लिए हम कई महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन वो भी अक्सर मनचाहा असर नहीं दिखा पाते। ऐसे में अगर बिना पैसे खर्च किए, कोई आसान और असरदार नुस्खा मिल जाए तो क्या बात होगी!

**सामग्री :** शैम्पू - 2 चम्मच, एलोवेरा जेल - 1 चम्मच, नारियल का तेल - 1/2 चम्मच, नींबू का रस - 1/2 चम्मच, पानी - 1/2 कप।

**नुस्खा तैयार करने का तरीका :** सबसे पहले एक बाउल लें और उसमें 2 चम्मच शैम्पू डालें। अब इसमें 1 चम्मच एलोवेरा जेल, आधा चम्मच नारियल का तेल और आधा चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इसके बाद, 1/2 कप पानी डालकर सबकुछ अच्छे से मिक्स कर लें। इस मिश्रण को शैम्पू की तरह अपने बालों पर लगाएं और हल्के हाथों से स्कैल्प की मसाज करें। फिर इसे पानी से धो लें। पहले ही इस्तेमाल के बाद आपके बाल सिल्की और स्मूद हो जाएंगे।

**नुस्खे के फायदे :** इस नुस्खे में इस्तेमाल की गई सामग्रियां आपके बालों के लिए बेहद फायदेमंद हैं।

एलोवेरा जेल : एलोवेरा जेल बालों की मरम्मत के लिए एक प्राकृतिक उपाय है। यह बालों को गहराई से रिपेयर करता है और उन्हें मॉइस्चराइज करके रूखेपन को दूर करता है। इसके नियमित उपयोग से डैमेज बाल हेल्दी और चमकदार हो जाते हैं। एलोवेरा जेल बालों के टेक्सचर को भी सुधारता है और स्कैल्प में ठंडक प्रदान करता है। यह हेयर ग्रोथ को बढ़ाने के साथ-साथ बालों की जड़ों को भी मजबूती देता है।

नारियल का तेल : नारियल का तेल बालों की देखभाल का सबसे असरदार और प्राचीन उपाय है। यह बालों को पोषण देकर जड़ों को मजबूत बनाता है और उन्हें टूटने से बचाता है। नारियल का तेल फ्रिज़ी बालों को आसानी से मैनेजेबल बनाता है और बालों की प्राकृतिक चमक को बढ़ाता है। यह स्कैल्प को मॉइस्चराइज कर ड्रायनेस और खुजली को दूर करता है, जिससे बालों का स्वास्थ्य बेहतर होता है।

नींबू का रस : नींबू का रस बालों और स्कैल्प की डीप क्लींजिंग में मदद करता है। यह बालों की जड़ों से गंदगी, डैंड्रफ और एक्स्ट्रा ऑयल को हटाकर उन्हें साफ और ताजा बनाता है। इसके साथ ही यह बालों को हल्का और चमकदार बनाता है। नींबू का रस स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देता है, जिससे बालों की ग्रोथ बेहतर होती है। यह डैंड्रफ और स्कैल्प की अन्य समस्याओं से बचाने में भी कारगर है।

पानी : पानी इस फॉर्मूले को हल्का और बालों के लिए उपयोगी बनाता है। यह बालों की प्राकृतिक नमी को सुरक्षित रखते हुए शैंपू के असर को बढ़ाने में मदद करता है। पानी शैंपू को बालों पर आसानी से फैलाने में सहायक होता है और बाल धोने के दौरान स्कैल्प को एक सुखद अनुभव प्रदान करता है। यह बालों को साफ करने के साथ-साथ उनकी नरमी और चमक को भी बनाए रखता है। नुस्खे का समग्र प्रभाव : इन सभी सामग्रियों का संयोजन बालों को गहराई से पोषण देने के साथ-साथ उन्हें सिल्की, स्मूथ और हेल्दी बनाता है। यह नुस्खा बालों की फ्रिज़ीनेस को दूर करने के साथ-साथ उन्हें चमकदार और मैनेजेबल बनाता है।

# गर्दन की पिगमेंटेशन से छुटकारा दिलाएंगे ये घरेलू नुस्खे

गर्दन पर होने वाली पिगमेंटेशन आमतौर पर धूप के सीधे संपर्क में आने, हार्मोनल असंतुलन या त्वचा की जरूरी देखभाल न करने के कारण होते हैं। हालांकि, इस पिगमेंटेशन को पूरी तरह से खत्म करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन रेगुलर देखभाल और कुछ घरेलू नुस्खों की मदद से इन्हें बढ़ने से रोका जा सकता है। आइए ऐसे ही 7 घरेलू उपायों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**1) नींबू और शहद :** नींबू के रस में शहद मिलाकर गर्दन पर लगाएं। नींबू का रस त्वचा को साफ करता है और शहद उसे मॉइस्चराइज करता है। 10-15 मिनट बाद धो लें। यह मिश्रण त्वचा की टैनिंग को हल्का करता है।

**2) टमाटर का रस :** टमाटर में लाइकोपीन पाया जाता है,जो त्वचा को फिर से निखारने में सहायक होता है। टमाटर का रस गर्दन पर लगाएं और 15 मिनट के बाद वॉश कर लें। ये टैनिंग को कम करता है।

**3) बेसन दही और हल्दी :** दही में हल्दी, बेसन मिलाकर पेस्ट बनाएं और इसे गर्दन पर लगाएं। दही त्वचा को मुलायम बनाता है और हल्दी त्वचा के रंगत निखारती है। 20 मिनट बाद इसे नॉर्मल पानी से वॉश करें। 4) संतरे के छिलके का पेस्ट : संतरे के छिलकों को सुखाकर पाउडर बनाएं। इसमें थोड़ा-सा गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बनाएं और गर्दन पर लगाएं। यह टैनिंग को कम करके त्वचा को निखारने में मदद करेगा। 5) ककड़ी का रस : ककड़ी के रस में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो स्किन को हाइड्रेटेड रखने में मदद करते हैं। ककड़ी के रस में थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाकर गर्दन पर लगाएं और 15 मिनट के बाद इसे नॉर्मल पानी से वॉश करें।

# शादी के लिए खरीदने जा रही हैं प्री-स्टिच्ड साड़ियां, तो इन बातों का रखें ध्यान



डाउट साड़ियां ट्रेडिशनल मौकों के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं। ये लगभग हर तरह के बॉडी शेप पर ये जंचती हैं। साड़ी में परफेक्ट लुक और फीगर के लिए इन्हें सही तरह से ड्रेप करना बहुत जरूरी है, जो थोड़ा मुश्किल काम होता है और इसी वजह से कई बार शादी-ब्याह या ऐसे दूसरे फंक्शन में चाहते हुए भी साड़ी कैरी नहीं कर पाते। ऐसे ही चैलेंजेस को देखते हुए मार्केट में अब प्री-स्टिच्ड साड़ियों का ऑप्शन अवेलेबल हैं। इन्हें रेडी टू वियर और प्री-ड्रेप्ड साड़ियों के नाम से भी जाना जाता है। प्री-स्टिच्ड साड़ियों को बांधना बहुत ही आसान होता है और बिना किसी की मदद से आप इन्हें पहन सकती हैं।

प्लीट्स से लेकर पल्लू तक सब कुछ बना-बनाया होता है। अगर आप भी ऐसी साड़ी लेने की सोच रही हैं, तो कुछ खास बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। आइए जान लेते हैं इस बारे में।

**ओकेज़न के हिसाब से चुनें**

इस बात का ख्याल तो आपको हर बार साड़ी खरीदते वक्त रखना चाहिए। शादी-ब्याह हो, एनिवर्सरी, फेस्टिवल या फिर ऐसा ही कोई और मौका। ये रेडी टू वेयर साड़ियों की खरीददारी का सबसे पहला टिप है। नाइट फंक्शन के लिए डार्क और थोड़ा शिमरी ऑप्शन चुनें, वहीं डे फंक्शन के लिए लाइट और थोड़ा कलरफुल साड़ी चुनें।

**पल्लू की लेंथ पर दें ध्यान**

रेडी टू वियर साड़ियों का पल्लू पहले से सेट होता है, तो एक बार ट्रायल करके देख लें कि उसकी लेंथ सही हो। कमर से ऊपर का पल्लू बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता। पल्लू की लेंथ घुटने तक या घुटने से एक इंच ऊपर या नीचे हो सकती है। आजकल तो महिलाएं जमीन पर लहराता पल्लू भी कैरी कर रही हैं, लेकिन ये देखने में तो अच्छा लग सकता है, लेकिन कंफर्टेबल नहीं होता। इसलिए पल्लू नॉर्मल ही लें।

**साइज जरूर चेक कर लें**

रेडी टू वियर साड़ियों का भी ट्रायल, दूसरे कपड़ों जितना ही जरूरी है। वेस्ट साइज सही नहीं होगा, तो ये साड़ियां न दिखने में अच्छी लगेंगी और न ही इन्हें पहनकर आप कंफर्टेबल रहेंगी।

# बिना थिनर के भी आसानी से छुड़ा सकती हैं नेल पेंट




आज के समय में लगभग हर लड़की व महिला अपने नेल्स को अच्छा दिखाने के लिए उन पर रंग-बिरंगे नेल पेंट लगाना बेहद पसंद करती हैं। लेकिन जितनी जल्दी नेल पेंट लगाने की होती है, तो उतनी ही जल्दी उस नेल पेंट को बदलकर दूसरी लगाने की होता है। हांलाकि नेल पेंट को हटाने के लिए नेल पेंट रिमूवर भी मार्केट में उपलब्ध होता है। लेकिन कई बार नेल पेंट तो बदलना चाहते हैं, लेकिन नेल पेंट रिमूवर खत्म हो जाता है। ऐसी स्थिति बनने पर कई लड़कियां व महिलाएं कई दूसरे उपाय भी खोज लेती हैं। जहां कुछ हेयर क्लिप की मदद से नाखूनों पर लगे नेल पेंट को खुरच देती हैं। तो वहीं कुछ नेल पेंट को अन्य तरीकों से हटाने का उपाय खोज लेती हैं। लेकिन हेयर क्लिप आदि से नेल पेंट खुरचने से आपके नाखून भी खराब हो सकते हैं। ऐसे में अगर आपके साथ भी अक्सर ऐसा होता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनको अपनाकर आप बिना नेल्स को कोई नुकसान पहुंचाए, उन पर से नेल पेंट हटा सकती हैं। तो आइए जानते हैं इन सिंपल टिप्स के बारे में-

**नींबू :** भारतीय रसोई में नींबू आसानी से मिलने वाला इंग्रीडिएंट है।

**नेल पेंट :** रिमूव करने के लिए आप नींबू के रस में विनेगर को अच्छे से मिक्स कर लें। फिर इसको नेल पेंट रिमूव करने के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। जब आप नींबू के रस और विनेगर वाले मिक्सचर को नेल पेंट पर हल्का-हल्का रब करेंगी तो नेल पेंट भी रिमूव होने लगेगी।

**परफ्यूम :** नेल पेंट हटाने के लिए आप परफ्यूम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। नेल पेंट रिमूव करने के लिए आप डिओड्रेंट या परफ्यूम का भी उपयोग कर सकती हैं। परफ्यूम को कॉटन बड की हेल्प से नेल्स पर अप्लाई कर नेल पेंट रिमूव कर सकती हैं।

**अल्कोहल :** इसके अलावा अल्कोहल भी नेल पेंट को रिमूव करने में सहायक होता है। एक कॉटन बड की हेल्प से अल्कोहल को नेल्स पर अप्लाई करें। आपको बता दें कि नेल पेंट को रिमूव करने के लिए अल्कोहल एक अच्छा ऑप्शन है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बृहस्पतिवार, 23 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, नवमी तिथौ गुरु वासरे 07/04/ विशाखा नक्षत्रे 25/43/ शुभ योग 19/20/ कौलव करणे 07/04/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा 19 घं.01 मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार- मंगल मृगशिरा नक्षत्र में 27 मि. 22 पर। बुध मार्गी घं. 28 मि. 26 पर। 09 तिथि वृद्धि।

**मेष :** मनोरंजन पर व्यय होगा। आर्थिक व्यय में कमी रहेगी। प्रभावी व्यक्तियों से भेंट होगी। व्यवसाय में सावधानी से कदम उठाएं।

**वृष :** कोई निकट सहयोगी मदद कर सकता है। आजीविका के लिए संघर्ष करेंगे। शिक्षा में अड़चन आएगी।

**मिथुन :** परिश्रम से अधूरे कार्य पूरे हो जाएंगे। किसी विदेशी से मित्रता की वजह से लाभदायक कार्य की व्यवस्था संभव है।

**कर्क :** प्रगति के नए अवसर। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। अतिथि समागम होगा। शत्रु पक्ष निर्बल होकर परास्त होगा।

**सिंह :** आज उत्साह से जो भी करेंगे लाभदायक सिद्ध होगा। कुछ महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व पूरे करने के लिए धन मिलेगा।

**कन्या :** समस्याओं का प्रभाव बढ़ेगा। विशिष्ट जन की प्रतिष्ठा भी खत्म होगी। नए कार्य व व्यवसाय के लिए उत्सुक रहेंगे।

**तुला :** परिश्रम से अधूरे कार्य पूरे हो जाएंगे। परिवार में कलेश और तनाव से बचने की कोशिश करें। मित्रों का आगमन होगा।

**वृश्चिक :** निकट संबंधियों अथवा विरोधियों से टकराव ना करें। काम में रुकावटें पारिवारिक असंतोष के कारण आएंगी।

**धनु :** समस्याओं के समाधान के लिए कठिन परिश्रम करना आवश्यक होगा। अपने प्रयासों द्वारा राज्य पक्ष से अर्थ लाभ होगा।

**मकर :** सुख प्राप्ति अन्यत्र होगी। व्यापार व्यवसाय में प्रगति बौद्धिक कार्यों में सम्मान बढ़ेगा। संतान के कार्य से संतुष्ट होंगे।

**कुंभ :** सामाजिक प्रतिष्ठा। आर्थिक योजनाओं में पूंजी निवेश कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण तनावपूर्ण रहेगा।

**मीन :** मित्रों के साथ मतभेद हो सकता है। शांतिपूर्ण कार्य करना ही लाभकारी रहेगा। परिश्रम करना पड़ेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में ग्राम विकास, पंचायती राज, गौ आश्रय स्थलों एवं स्वच्छता योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न




**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, गौ आश्रय स्थलों तथा जिला स्वच्छता समिति से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।जिलाधिकारी ने महिला स्वयं सहायता समूहों को समय से भुगतान सुनिश्चित करने, फैमिली आईडी निर्माण में तेजी लाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एवं अन्य विकास योजनाओं की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्नपूर्णा भवनों के शेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर उनका संचालन प्रारम्भ कराने के निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान वर्षा ऋतु के दौरान जिन गांवों एवं मोहल्लों की सड़कें अथवा गलियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं, उनकी सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराई जाए, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा वर्षा के दौरान जलभराव वाले स्थानों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।गौ आश्रय स्थलों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि नामित नोडल अधिकारी संबंधित खंड विकास अधिकारियों के साथ नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का सतत अनुश्रवण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि गौ आश्रय स्थलों पर हरे चारे, साइलेज एवं भूसे की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे तथा वर्षा के दौरान किसी भी स्थिति में जलभराव न होने पाए। साफ-सफाई, पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, पर्याप्त पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) एवं एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने पर विशेष बल देते हुए कहा कि समूह की महिलाओं को स्थानीय विशेष उत्पादों के निर्माण, मूल्य संवर्धन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं विपणन से जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विकास खंड में उपलब्ध विशिष्ट उत्पादों के आधार पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन प्रदान कर स्वरोजगार के नए अवसर विकसित किए जाएं।पंचायती राज विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने, नालियों की नियमित सफाई, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था, अधूरे शौचालयों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने तथा पंचायत सहायकों का मानदेय समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# एसडीएम व सीओ ने किया साधन सहकारी समितियों का निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़, बाराबंकी।** रबी फसलों की तैयारी को देखते हुए बुधवार को उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ अश्वनी कुमार सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी समीर कुमार सिंह ने एडीओ कॉपरेटिव मनोज मिश्रा के साथ क्षेत्र की साधन सहकारी समितियों का निरीक्षण कर खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने साधन सहकारी समिति लिल्हौरा और सिकंदरपुर में किसानों से सीधे बातचीत कर खाद उपलब्धता और वितरण की स्थिति की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान किसानों ने अधिकारियों को बताया कि खाद वितरण में देरी हो रही है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर अधिकारियों ने समिति सचिव से कारण पूछा। साधन सहकारी समिति लिल्हौरा के सचिव राजेश सिंह ने बताया कि गोदाम में खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन सर्वर धीमा चलने के कारण वितरण प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि खाद की कोई कमी नहीं है और सर्वर की समस्या दूर होते ही वितरण सामान्य हो जाएगा।उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए और वितरण में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। यदि खाद वितरण में लापरवाही या अनियमितता की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।इसके बाद अधिकारियों ने रीठी सिकंदरपुर साधन सहकारी समिति का भी निरीक्षण किया और सचिव को खाद वितरण व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा उनका समयबद्ध समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को खाद उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## खबर एक नज़र

### विद्या सशक्तिकरण छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में हिस्सा लेने की अपील

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़, बाराबंकी।** ग्राम्यांचल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य ने शैक्षिक सत्र 2026 में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण समस्त छात्र-छात्राओ से श्रीमती प्रेमा अवस्थी विद्या सशक्तिकरण छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। प्राचार्य ने बताया कि यह छात्रवृत्ति परीक्षा महाविद्यालय परिसर में आगामी 11 अगस्त मंगलवार प्रातः 10ः30 बजे आयोजित होगी। इस परीक्षा में प्रतिभाग करके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0काम0, बी0एस0सी0 (कृषि) के चयनित पाठ्यक्रम में निःशुल्क शिक्षण की व्यवस्था रहेगी।

### संजय सिंह अध्यक्ष एवं महामंत्री चुने गए संतोष कुमार शुक्ला

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़, बाराबंकी।**तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री सहित विभिन्न पदों के लिए संपन्न हुए मतदान एवं मतगणना में अध्यक्ष पद के लिएजहां संजय सिंह को ,वही सीधे मुकाबले में महामंत्री पद के लिए सन्तोष कुमार शुक्ला को चुन लिया गया। इससे पहले 8ः00 बजे से 2ः00 बजे तक हुए मतदानमें 45 नये मतदाताओं सहित 261 मतदाताओं मे से 259 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रत्याशियों का भगय मतपेटियों में बंद कर दिया। मतदान के आधे घंटे बाद 2ः30 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे के बाद तक13 राउंड तक चली गिनती के बाद प्रत्यशियों के भाग्य का फैसला हो सका।अध्यक्ष पद के लिए चुनाव ल? रहे वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह ने जहां पहले राउंड वहीं महामंत्री पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता व प्रधान सन्तोष कुमार शुक्ला ने पांचवें राउंड में जो ब?त हासिल की वह अंत तक कायम रहीं। अध्यक्ष पद पर संजय सिंह 128 ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कुँवर बहादुर यादव 98 मत को हराया। इसी तरह महामंत्री पद पर संतोष कुमार शुक्ला 152 मत ने अपने प्रतिद्वंदी अरविंद कुमार बाजपेई 105 को हराकर विजय श्री हासिल की। इसी क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार श्रीवास्तव विजयी घोषित किए गए। उन्हें 140 मत व सुभाष चंद्र दीक्षित को 114 मत हासिल हुये। क? मुकाबले में उपाध्यक्ष द्वितीय पद पर विजयी धर्मेंद्र कुमार को 128 व विकास चंद्र ओझा को 124 मत हासिल हुए। इसी तरह संयुक्त मंत्री प्रशासन पद पर विजयी मित्रसेन कुमार को 118 विभोर गुप्ता को 102 एवं अजय प्रताप सिंह को 30 मत हासिल हुए। संयुक्त मंत्री प्रकाशन के पद पर विजयी अखिलेश कुमार मिश्रा को 152 एवं उनके प्रतिद्वंदी सूरज कनौजिया को 106 मत हासिल हो सके।

### मजिस्ट्रेट लिखी तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी गहरे नाले में गिरी, हड़कंप

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** बांदा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह मजिस्ट्रेट लिखी एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सुरवारी के पास सड़क किनारे नाले में जा गिरी। घटना से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। संयोगवश उसी दौरान वहां से गुजर रहीं उप जिलाधिकारी रामनगर ने वाहन रुकवाकर स्थिति का जायजा लिया और तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बोलेरो चालक से पूछताछ की। चालक ने बताया कि वाहन निजी है, जो पहले एक कार्यालय में अनुबंध पर संचालित था। करीब एक माह पूर्व अनुबंध समाप्त हो चुका था। वह वाहन को लखनऊ से बहराइच लेकर जा रहा था, तभी अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया। चालक का कहना है कि ब्रेक ने काम करना बंद कर दिया, जिससे वाहन सड़क से उतरकर नाले में जा गिरा।पुलिस की पूछताछ में पता चला कि वाहन में चालक के अलावा कोई अन्य सवार नहीं था। इससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। बाद में पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बोलेरो को नाले से बाहर निकलवाया। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। वाहन को सुरक्षित बाहर निकलवा लिया गया है। मामले की जांच की जा रही हैं।

### यूपीएसआई परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर किया सम्मान



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** कमेरा स्वाभिमान महासंघ की ओर से आज विकास खण्ड हरख क्षेत्र के ग्राम भनौली निवासी सौरभ वर्मा पुत्र अम्बरीश वर्मा को यूपी पुलिस सब-इंस्पेक्टर (यूपीएसआई) परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। महासंघ के पदाधिकारियों ने सौरभ वर्मा को प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस दौरान सौरभ वर्मा के पिता अम्बरीश वर्मा ने बताया कि उनका पुत्र बचपन से ही पढ़ाई में काफी मेधावी रहा है। सौरभ ने गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय से कक्षा आठ तक की शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद श्री साईं इंटर कॉलेज बाराबंकी से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने हरख स्थित बाबा संत कवि बैजनाथ महाविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। यूपीएसआई परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर परिजनों सहित पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है।

# भाजपा की सबसे बड़ी ताकत मजबूत नेटवर्क और समर्पित कार्यकर्ता हैं : शिव भूषण सिंह




**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़, बाराबंकी।** विधानसभा चुनाव की तैयारी के तहत शिवाय मैरिज लान बारा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक दिनेश रावत ने हिस्सा लिया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की नीतियों, कार्यप्रणाली और आगामी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत बूथ नेटवर्क और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने और बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान किया।विधायक दिनेश रावत ने कार्यकर्ताओं को संगठन की वास्तविक रीढ़ बताया और उनके समर्पण व मेहनत को भाजपा की सफलताओं का आधार बताया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही क्षेत्र के विकास और जनसेवा का आधार है, और सभी से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। इसके अलावा पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने भी कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल जिला मंत्री कृष्ण कुमार सिंह मंडल प्रभारी नवीन राठौर पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा सचिन वर्मा रणवीर सिंह मोनू, जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह आनंद पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज दीक्षित कमल पटेल संतोष श्रीवास्तव रूपचंद चौरसिया सहित भाजपा कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** विकास खण्ड मसौली क्षेत्र के ग्राम बांसा स्थित बाबा कुटी परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान नितिन मौर्या ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहने बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने का भी संकल्प लेने की अपील की। वृक्षारोपण अभियान में समाजसेवी अरुण सिंह, शिबू, बृजेश मौर्य,मन्नू सिंह राजपूत, रामकिशोर रावत, राम विलास यादव सहित अन्य लोगों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। सभी ने क्षेत्रवासियों से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में सहभागी बनने तथा अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाकर हरित वातावरण के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

# गहराता जा रहा खाद का संकट, किसान परेशान

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** खरीफ सीजन के बीच क्षेत्र में खाद संकट गहराता जा रहा है। सहकारी समितियों पर सर्वर और नेटवर्क की समस्या के चलते किसानों को समय पर यूरिया और डीएपी नहीं मिल पा रही है। हालत यह है कि किसान कई-कई दिनों से समितियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें हर बार सर्वर न चलने का हवाला देकर वापस लौटा दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर निजी उर्वरक विक्रेता किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर सरकारी दर से अधिक कीमत वसूल रहे हैं।धान, मक्का और गन्ने की फसल के लिए इस समय खाद की सर्वाधिक आवश्यकता है। किसानों का आरोप है कि सहकारी संघ लिमिटेड रामनगर, बु?वल, बिछलखा, तेलियानी समेत तहसील क्षेत्र की अधिकांश समितियों पर कई दिनों से सर्वर की समस्या बनी हुई है। इसके कारण खाद वितरण व्यवस्था प्रभावित हो गई है और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सरकारी दर पर यूरिया की बोरी 266 रुपये और डीएपी 1350 रुपये निर्धारित है, लेकिन किसानों का कहना है कि निजी दुकानों पर यूरिया 450 से 500 रुपये तथा डीएपी 1700 से 1800 रुपये प्रति बोरी तक बेची जा रही है। मजबूरी में किसान अधिक कीमत देकर खाद खरीदने को विवश हैं।किसानों का कहना है कि बुवाई और फसल की बढ़वार का यह महत्वपूर्ण समय है। यदि समय पर खाद नहीं मिली तो उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। किसानों ने प्रशासन से समितियों की नेटवर्क व्यवस्था तत्काल दुरुस्त कराने, पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।क्षेत्रीय किसान रामकिशोर, महेंद्र, अजीज अहमद, दर्शन, नागेंद्र कुमार, राजेश, रामवचन और बरसाती सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि वे एक सप्ताह से अधिक समय से खाद के लिए समितियों के चक्कर लगा रहे हैं।

## जन-जागरूकता कार्याशाला एवं समन्वय बैठक आयोजित

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** शासन के निर्देषानुसार भूजल सप्ताह के समापन के अवसर पर विकास भवन के स्वर्ण जयन्ती सभागार में जन-जागरूकता कार्याशाला एवं समन्वय बैठक आयोजित किया गया जिसमें सम्बन्धित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।जन-जागरूकता कार्याशाला एवं समन्वय बैठक का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। भूजल सप्ताह का आयोजन दिनांक 16 से 22 जुलाई के मध्य दिनांक 16 एवं 17 जुलाई को जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में, दिनांक 18 एवं 19 जुलाई को विकास खण्ड स्तर पर, दिनांक 20 एवं 21 जुलाई को नगर पालिका/नगर पंचायत तथा दिनांक 22 जुलाई को जनपद स्तर पर कार्यक्रम का वृहद आयोजन करते हुए आम जनमानस को भूजल संरक्षण हेतु जागरूक किया गया। जनपद स्तर पर आज आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा भूजल संरक्षण के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए विशेष प्रकाश डाला गया और उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भूजल संरक्षण के लिए शपथ दिलाया गया।जन-जागरूकता कार्याशाला एवं समन्वय बैठक में भूषण कुमार, जिला विकास अधिकारी/प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी, राकेश कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई/सहायक नोडल अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई एवं जल संसाधन सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परियोजना अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी।** नवागत बाल विकास परियोजना अधिकारी विशाल यादव ने आज पंचायत भवन बडागांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, टीकाकरण अभियान, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण सेवाओं और पंचायत परिसर में संचालित लाइब्रेरी का गहनता से जायजा लिया।सीडीपीओ यादव ने संबंधित कर्मचारियों से योजनाओं के संचालन की जानकारी ली और निर्देश दिए कि शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने बच्चों के पोषण स्तर, टीकाकरण की प्रगति तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की।उन्होंने जोर दिया कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण वितरण का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास का आधार है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन में संचालित लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया गया, जहां उपलब्ध पुस्तकों और शैक्षिक वातावरण को देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।सीडीपीओ ने ग्राम पंचायत में कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद द्वारा कराए गए जनहित के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी पहल अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तकालय जैसी सुविधाएं शिक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे।इस अवसर पर सुपरवाइजर नीलम सिंह, बबीता आर्या, पंचायत सहायक सैय्यदा बानो, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां सुमन गुप्ता, रेखा देवी, स्वेतलता श्रीवास्तव, सरोज गुप्ता, एएनएम लक्ष्मी देवी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि तथा ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# एसडीएम ने दल बल के साथ किया खाद की दुकानों का निरीक्षण



**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** खाद की कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता ने तहसीलदार विपुल कुमार सिंह एवं कृषि विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. दलवीर सिंह के साथ क्षेत्र की समितियों और निजी उर्वरक दुकानों का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बुढ़वल चौराहा स्थित दीक्षित खाद भंडार का बिक्री प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिया गया। वहीं अन्य स्थानों पर निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक बिक्री की पुष्टि होने पर संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उर्वरकों की टैगिंग अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री पाए जाने पर संबंधित विक्रेता का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान बिंदु खाद भंडार, गणेशपुर तथा कस्बा रामनगर स्थित दुर्गा खाद भंडार की भी जांच की गई। दुर्गा खाद भंडार पर डीएपी निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बेचने की शिकायत मिलने पर टीम ने मौके पर किसान को बुलाकर जांच की और दुकानदार द्वारा वसूली गई अतिरिक्त धनराशि वापस कराई।

# डीएम ने झण्डी दिखाकर किया अभियान का उद्घाटन



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह द्वारा खुरपका-मुहॅपका (एफएमडी) रोग नियंत्रण कार्यकम के आठवें चरण का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया। इस अभियान का उद्घाटन जिलाधिकारी द्वारा जनपद की समस्त टीमों को राजकीय वाहनों के साथ हरी झण्डी दिखाकर किया गया।कार्यकम का शुभारम्भ करते हुये जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पशु चिकित्साधिकारी प्रत्येक गाँव में टीकाकरण सुनिश्चित करने के साथ साथ उनका समयक अभिलेखीकरण करते हुए भारत पशुधन एप पर फीडिंग करेंगे। खुरपका-मुहॅपका (एफएमडी) एक गम्भीर बीमारी है, जिससे न केवल पशु का स्वास्थ्य प्रभावित होता है बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति भी खराब होती है। जनपद में इस बीमारी का प्रकोप न होने पाये इसके लिये आवश्यक है कि कोई भी पशु टीकाकरण से छूटने न पाये।अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह द्वारा क्षेत्रीय माननीय जनप्रतिनिधिगणों से सम्पर्क स्थापित कर टीकाकरण के सम्बन्ध में अवगत कराकर जनपद के समस्त ग्रामों में टीकाकरण कराये जाने के निर्देश दिए गए।मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 विनोद कुमार ने बताया कि खुरपका-मुहॅपका (एफएमडी) बीमारी एक विषाणुजनित संक्रामक रोग है। इस बीमारी में पशुओं में मुँह में छाले पड़ना, लार बहना, लगड़ाकर चलना तथा तेज बुखार हो जाता है। पशु की उचित देखभाल व चिकित्सा न होने पर यह बीमारी जानलेवा भी साबित हो जाती है मुख्यतः इसमें पशुओं का दूध कम हो जाता है, गर्भित पशु में एर्वोशन भी हो सकता है। छूआ-छूत की बीमारी होने के कारण यह रोग बडी तेजी से एक जानवर से दूसरे जानवर में फैलता है। एक बार बीमारी हो जाने के बाद एक निश्चित अवधि के बाद ही पशु स्वस्थ हो पाता है।इस बीमारी का टीकाकरण 6 महीने के अन्तराल पर कराया जाता है। इस अभियान को सफल बनाने हेतु जनपद में 37 टीमों का गठन किया गया है, सभी टीमों द्वारा ग्रामवार रोस्टर के अनुसार घर-घर जाकर टीकाकरण कार्य 22 जुलाई से 08 सितम्बर किया जायेगा। 04 माह से कम उम्र के पशुओं एवं 08 माह से अधिक के गर्भित पशुओं में टीकाकरण नहीं किया जायेगा। भारत सरकार के सौजन्य से जनपद के शत-प्रतिशत पशुओं को निःशुल्क टीकाकरण किया जायेगा। इस अभियान के नोडल अधिकारी डा0 सुरजीत सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (मो0नं0 9236553135) बनाये गये हैं तथा इस अभियान के प्रभावी संचालन के लिये जनपद स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना राजकीय पशु चिकित्सालय सदर, बाराबंकी पर किया गया है, जिसके प्रभारी डा0 भानु प्रताप प्रजापति, प्र0 उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (मो0नं0 8765747077) को नामित किया गया है। कार्यकम के शुभारम्भ के अवसर पर डा0 संजीव चौधरी, डा0 गुलाब चन्द्र यादव, डा0 रमेश चन्द्र सिंह, डा0 शमीम अहमद व जनपद के अन्य उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के अभियुक्त को दस वर्ष की सजा

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** ÷ऑपरेशन कनविक्शन÷ के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा दहेज हत्या के अपाध की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को 10 वर्ष कठोर कारावास व 15,000/- रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।पुलिस महानिदेशक उप्र लखनऊ द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए ÷ऑपरेशन कनविक्शन÷ कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/पैरोकार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है ।इसी क्रम में थाना देवा पर दहेज हत्या के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-811/2024 धारा 80/85 बीएनएस डीपी एक्ट से सम्बन्धित मुलायम सिंह यादव पुत्र बद्री प्रसाद निवासी ग्राम तिर्गुजी मजरे टीपहा थाना देवा जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0 09 जनपद बाराबंकी द्वारा दोष सिद्ध करते हुए 10 वर्ष कठोर कारावास व 15,000/- रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया

## वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** आनंद विहार कॉन्वेंट इंटर कॉलेज लखपेड़ाबाग बाराबंकी में भूजल सप्ताह 2026 के अंतर्गत 'पानी की कहानी' एवं 'वृक्षारोपण कार्यक्रम' का आयोजन जनहित कल्याण सेवा समिति एवं नागरिक सुरक्षा कोर बाराबंकी द्वारा आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा कोर बाराबंकी उप्र अनिता प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र सिंह चेयरमैन इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बाराबंकी उपस्थित रहे।

# छात्रों एवं किसानों के ज्वलन्त मुद्दों को लेकर काँग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला एवं महानगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में आज कचहरी परिसर में किसानों, आम उपभोक्ताओं एवं छात्रों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में पार्टी के झंडे लिए सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कचहरी परिसर में मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और राज्यपाल, उत्तर प्रदेश शासन के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिला अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा, 'अयोध्या का किसान आज खाद के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा, 'स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा,



'दिल्ली में छात्रों पर किया गया लाठीचार्ज लोकतंत्र पर हमला है। पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ने कहा जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रहे युवाओं की आवाज दबाने के लिए जिस प्रकार बल प्रयोग किया गया और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को धरना स्थल से जबरन हटाया गया, वह अत्यंत निंदनीय और अस्वीकार्य है। 'जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा, 'कांग्रेस किसानों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रही है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप निषाद एवं अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मो आमिर ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात कहने और सरकार के गलत कार्यों का विरोध करने का हक है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, उमेश उपाध्याय, कविंद्र साहनी, अशोक सिंह मनऊपुर, फ्लावर नकवी, प्रदीप निषाद, रूद्र प्रताप सिंह रिशु, नाजिश फातिमा, पंकज सिंह, अशोक कन्नौजिया, मो कैफियत, राज प्रताप, बेद सिंह कमल गिरीश तिवारी एडवोकेट, जयप्रकाश पाल एडवोकेट, कप्तान सिंह एडवोकेट, मो खालिद एडवोकेट, पदमनाभ सिंह, जिओ हैदर, रामेन्द्र मोहन मिश्रा, अरुण साहू, अंकित जैन, सुरेंद्र प्रताप सिंह ब्यापार प्रकोष्ठ, राजकुमार पांडे,चंचल सोनकर, धर्मेन्द्र फ़ास्टर, अशोक राय, मो चाँद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में सपाईयों ने किया उग्र धरना-प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार देर रात अयोध्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव के नेतृत्व में सिविल लाइन चौराहे पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में जुटे सपाइयों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अखिलेश यादव की बिना शर्त तत्काल रिहाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे थे, तभी भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। कुछ देर तक मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया



जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से कार्य कर रही है और विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाकर लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समाजवादी पार्टी अन्याय, दमन और तानाशाही के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। सपा नेताओं ने कहा कि यदि सरकार ने अपनी दमनात्मक कार्रवाई वापस नहीं ली और अखिलेश यादव को शीघ्र रिहा नहीं किया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की रिहाई की सूचना मिलते ही धरने को समाप्त कर दिया गया। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि धरना-प्रदर्शन में प्रमुख रूप से राघवेंद्र प्रताप सिंह (अनूप), रामसागर वर्मा, जय सिंह यादव, अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष रामकरन यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार यादव 'फौजी', पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. गोविंद विश्वकर्मा, एससी-एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विद्याभूषण पासी, बृजेश सिंह चौहान, संदीप यादव 'सनी', रामबख्श यादव, जिला सचिव सीताराम यादव, जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल दयावान एडवोकेट, जिला प्रवक्ता राकेश राणा, जिला उपाध्यक्ष मनदीप सिंह, जिला सचिव तिजेंद्र यादव, युवा नेता रमन यादव, रंजीत चौरसिया, उज्ज्वल यादव, रविंद्र दुबे, शिवशंकर, युवजन सभा के प्रदेश सचिव अश्विनी यादव 'छोटू', युवा नेता जितेंद्र यादव, मुलायम सिंह यादव, सियाराम यादव, जुनैद खान, अनस खान, रामबरन यादव, विजय यादव, जगराम यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दीक्षांत समारोह के प्रतिभागी विजेताओं को कुलपति ने प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने 28वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियागिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को महान साहित्यकार हजारी प्रसाद द्विवेदी और मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं का अध्ययन करना चाहिए। उनके साहित्य से जीवन के मूल्य, संवेदनशीलता और समाज के प्रति जिम्मेदारी की प्रेरणा मिलती है। पेंटिंग प्रतियोगिता में शिवानी आनंद प्रथम, स्निग्धा द्वीतीय व अनोमा गौतम को तीसरा स्थान मिला। भाषण प्रतियोगिता में दिप्ती मिश्रा प्रथम, आंचल पटेल द्वीतीय व शिवांश दक्ष को तीसरा स्थान मिला। वहीं दूसरी तरफ निबंध प्रतियोगिता में अमन पाल



को प्रथम स्थान, सृष्टि तिवारी द्वीतीय व सोहित और विशाल मौर्य को तीसरा स्थान मिला। कविता प्रतियोगिता में सर्वेश मिश्रा प्रथम, रचना तिवारी द्वीतीय व श्रेया यादव को तीसरा स्थान मिला। 'मेरी मां' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सर्वेश को प्रथम, सृष्टि तिवारी द्वीतीय व आयुषी को तीसरा स्थान मिला। 'मेरी मां' पर निबंध प्रतियोगिता में आंचल पटेल प्रथम, आरती मौर्य द्वीतीय व निवेदिता को तीसरा स्थान मिला। फोक डांस में अनुराधा ग्रुप विजेता, कजरी में आयुषी ग्रुप विजेता, ग्रुप सांग में अभिनव ग्रुप विजेता, एकल गीत में आदर्श शर्मा और सृष्टि को प्रथम स्थान मिला। इस मौके पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी, कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह, समिति के अध्यक्ष डा. सत्यव्रत सिंह, क्रीड़ा प्रभारी अधिकारी डॉ आर.के. आनंद, डॉ देवनारायण, डा. आशीष सिंह, डा. विनोद दूबे मौजूद रहे।

# अवध विवि के विवेकानंद प्रेक्षागृह में हुआ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में अवध विश्वविद्यालय के विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में मुख्य वक्ता विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व सांसद पद्मसेन चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संवाद, सम्पर्क और समन्वय के मंत्र के साथ चुनावी तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही भाजपा की जीत की सबसे बड़ी गारंटी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता नियमित रूप से बूथ के प्रत्येक परिवार से संपर्क बनाए रखें, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं तथा समाज के सभी वर्गों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करें। संगठन की सफलता कार्यकर्ताओं की सक्रियता, अनुशासन और समन्वय पर निर्भर करती है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित और जनसेवा की भावना से कार्य करता है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएं तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, महामंत्री परमानंद मिश्रा, शैलेंद्र कोरी, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष तिलकराम मौर्य, शशि प्रताप सिंह, बाल कष्ण वैश्य, अरविंद सिंह, रीना द्विवेदी, रवि शर्मा, हरिभजन गौड, रामप्रीत वर्मा, मंत्री शिवम शुक्ला, केन्द्र संयोजक उपस्थित रहे।

# जनपद के आश्रय गृह का किया गया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा निर्देशन में तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशानुसार आज जनपद अयोध्या के आश्रय गृह(राजकीय सम्प्रेक्षण गृह तथा राजकीय महिला शरणालय) का निरीक्षण निरूपमा विक्रम, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट-प्रथम/अध्यक्ष अनुश्रवण समिति, स्वर्णमाला सिंह, अपर सिविल जज(सी0डि0)-द्वितीय/ ए0सी0जे0एम0/ प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या तथा प्रद्युम्न सिंह, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड/सदस्य अनुश्रवण समिति द्वारा किया गया। दौरान निरीक्षण राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में सहायक अधीक्षक नमन गुप्ता तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित पाये गये। दौरान निरीक्षण संस्था में निरूद्ध किशोर अपचारियों से उनकी शिक्षा, भोजन एवं स्वास्थ्य के विषय में पूछने पर किशोर अपचारियों द्वारा बताया गया कि प्रातः कालीन नाश्ते में पराठा व चाय दिया गया तथा अपचारियों की शिक्षा हेतु शिक्षक संस्था में उपस्थित रहते है जो किशोर अपचारियों को विभिन्न विषयों से सम्बन्धित शिक्षाएं प्रदान करते हैं। इसी अनुक्रम में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह(किशोर), अयोध्या में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में निरूपमा विक्रम, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट-प्रथम/अध्यक्ष अनुश्रवण समिति, स्वर्णमाला सिंह, अपर सिविल जज(सी0डि0)-द्वितीय/ ए0सी0जे0एम0/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अयोध्या तथा प्रद्युम्न सिंह प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड/सदस्य अनुश्रवण समिति के साथ-साथ सहायक अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण गृह नमन गुप्ता तथा अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। दौरान वृक्षारोपण प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अयोध्या स्वर्णमाला सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि इन पौधों के साथ-साथ अन्य फलदार, औषधीय एवं छायादार प्रजातियों के पौधों का भी व्यापक स्तर पर रोपण एवं संरक्षण किया जाए, जिससे भारत सरकार तथा उच्च न्यायालय द्वारा संचालित विभिन्न वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियानों को और अधिक प्रभावी एवं सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण की दिशा में प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व भी है।

# धूमधाम से मना कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन महानगर कांग्रेस कमेटी, अयोध्या द्वारा कमला नेहरू भवन कार्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन महानगर उपाध्यक्ष अशोक कनौजिया ने किया। उनका जीवन समाज के वंचित तबके के उत्थान के लिए समर्पित रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस पार्टी में ब्लॉक अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का सफर तय किया जो कि उनके जीवंत संघर्ष का प्रमाण है।उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। पूर्व जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा मल्लिकार्जुन खड़गे जी का जीवन एक प्रेरणा है। उनका अनुभव और नेतृत्व कांग्रेस को दिशा दे रहा है। हम सभी उनके दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं। पीसीसी सदस्य बृजेश रावत तथा राम अवध पासी ने कहा आज के दौर में खड़गे जी जैसे सादगीपूर्ण, जनसमर्पित और जमीनी नेता की ज़रूरत है। उनका जन्मदिन हमारे लिए प्रेरणा का दिन है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इज़हार किया और खड़गे जी के नाम पर जनसेवा और संगठन विस्तार के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महासचिव कवींद्र साहनी, पूर्व सभासद जनार्दन मिश्रा, अशोक कुमार राय, धर्मेंद्र सिंह फास्टर, विशाल दुबे, विजय श्रीवास्तव, अरुण साहू, मोहम्मद आमिर आदि उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर यूरिया एवं डीएपी खाद की समस्या तथा स्मार्ट मीटर के नाम पर बड़े हुए विद्युत बिलों के विरोध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी अयोध्या के माध्यम से दिया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चेतनारायण एवं महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम ने सभी सम्मानित कांग्रेस जनों से 22 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन अयोध्या पर उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

# भाकियू ने पीएम को भेजा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भारतीय किसान यूनियन एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर जनपद अयोध्या में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं/ पदाधिकारियों ने पूर्व राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री महोदय;को संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी अयोध्या के प्रतिनिधि अपर जिलाधिकारी प्रशासन को सौंप कर समस्या समाधान करने की मांग किया गया। अमेरिकी उत्पाद पर कोई टैक्स भारत सरकार नहीं लेगी इसलिए सरकार को भी कोई फायदा नहीं होगी को रद्द होना चाहिए,सभी फसलों पर एमएसपी लागू करने, गन्ना मूल्य रुपये 500 प्रति कुंतल घोषित करने, स्मार्ट मीटर न लगाने तथा निजीकरण वापस लेने, आदि 15 समस्याएं प्रमुख हैं। प्रदर्शनकारियों में सूर्यनाथ वर्मा, राम गणेश मौर्य, फरीद अहमद ,रविंद्र मौर्य, संतोष वर्मा एडवोकेट, जितेंद्र कुमार, सुनील पाल, मस्तराम वर्मा, राजेंद्र वर्मा, बजरंगी मौर्य, अश्वनी शर्मा, विजय कुमार आदि कई दर्जन लोग शामिल रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने की बैठक शिक्षकों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मया के अध्यक्ष संदीप सिंह द्वारा शिक्षकों की बढ़ती समस्याओं पर एक बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता स्वयं संदीप सिंह ने की जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजय सिंह जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की गरिमामय उपस्थिति में समस्याओं पर गहन चर्चा की गई ज़िला अध्यक्ष जी द्वारा विभिन्न समस्याओं को संज्ञान में लिया गया तथा शीघ्र उसके निराकरण का आश्वासन दिया गया साथ ही मुख्यमंत्री कैशलैस बीमा योजना की सराहना की गई जिसमें शिक्षकों अनुदेशकों शिक्षामित्रों को कैशलैस बीमा योजना से आच्छादित करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री के प्रति संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं उपस्थित शिक्षकों ने आभार व्यक्त किया। शिक्षको के 10 वर्ष पूर्ण होने पर उनको चयन वेतनमान प्राप्त होने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया( एवं जो शिक्षक प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य करते आ रहे हैं उन्हें न्यायालय एवं अपर मुख्य सचिव के आदेश के क्रम में संबंधित अधिकारियों से शीघ्र एरियर और वेतन भुक्तान करने की अपील की गई। मीटिंग में कोषाध्यक्ष विवेक यादव के साथ वरिष्ठ शिक्षक राज नारायण सिंह, शिक्षक नेता शैलेंद्र सिंह, रामजी सिंह विकास सिंह गजेंद्र सिंह प्रदीप सिंह, अनीस श्रीवास्तव अवधेश वर्मा, राजू श्रीवास्तव, अवधेश सिंह आदि भारी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# 31वें दीक्षांत समारोह के तहत पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में पारंपरिक खेलों का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव मुमताज नगर स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक एवं प्रो. सुरेंद्र मिश्र के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और विलुप्त हो रही खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करना है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के आधार पर ग्रामीण विद्यालयों से कुल 50 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का चयन किया जाएगा, जिन्हें विश्वविद्यालय के मुख्य दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। सांस्कृतिक प्रस्तुति के तहत चयनित



बच्चों में से 10 बाल कलाकारों को दीक्षांत समारोह के मुख्य मंच पर 'पर्यावरण संरक्षण' और 'जल बचाओ' जैसे संवेदनशील व समसामयिक विषयों पर आधारित विशेष गीत-संगीत और अभिनय प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। प्रो. पाठक ने यह भी बताया कि इससे ग्रामीण प्रतिभा का होगा सर्वांगीण विकास कि ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में इस प्रकार की खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन से बच्चों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, टीम वर्क और आत्मविश्वास का संचार होता है। इस पहल से न केवल ग्रामीण स्तर पर छिपी खेल व कला प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें शिक्षा और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी प्राप्त होगा।

# महामाया मेडिकल कॉलेज में पीडियाट्रिक क्विज का हुआ आयोजन




**स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)** इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा आयोजित 39वीं यूजी पीडियाट्रिक क्विज का आयोजन सोमवार, 21 जुलाई को महमाया राजकीय मेडिकल कॉलेज, अम्बेडकरनगर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) मुकेश यादव की अध्यक्षता में हुआ। प्रतियोगिता में एमबीबीएस छात्रों की छह टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ज्ञान, त्वरित उत्तर और क्लिनिकल समझ पर आधारित विभिन्न चरणों में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में टीम 'सी' ने प्रथम स्थान प्राप्त कर डिविजनल राउंड के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की। कार्यक्रम के क्विज को-ऑर्डिनेटर प्रोफेसर डॉ. विजय यादव रहे, जबकि क्विज मास्टर सहायक आचार्य डॉ. अबरार अहमद एवं डॉ. अमित गुप्ता ने प्रतियोगिता का सफल संचालन किया। प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) मुकेश यादव ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी को सुदृढ़ करती हैं। अब विजेता टीम बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में आयोजित होने वाले डिविजनल राउंड में महमाया राजकीय मेडिकल कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेगी।

# उत्तर प्रदेश महासचिव नामित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राष्ट्रीय पिछड़ा दलित अल्प संख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश कुमार भारती ने



अयोध्या जनपद के निवासी रामनेग गौतम को उत्तर प्रदेश का प्रदेश महासचिव नामित किया है संगठन के सचिव चंद्रजीत सिंह आर्य लोधी की सहमति वह प्रदेश अध्यक्ष राहुल राज की संस्तुति से राष्ट्रीय पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक मोर्चा में प्रदेश महासचिव का दायित्व दिया गया है। श्री गौतम के मनोनयन पर उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सुधीर कुमार, सुरेंद्र प्रताप, बनाफर, अवनीश कुमार, द्वारिका प्रसाद पांडे, जनार्दन श्रीवास्तव, नीरज विश्वकर्मा, शुशांक श्रीवास्तव, डिंपल वर्मा, करणवीर गौतम, संजय कुमार, संतोष कुमार, रणविजय यादव, प्रशांत यादव, मंशाराम, अरिहंत कुमार, सहित अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मामूली विवाद में मारपीट, पांच नामजद

**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** थाना इनायतनगर क्षेत्र में मेड़ पर पड़िया चराने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि पड़िया को मेड़ से हटाने के कुछ देर बाद विपक्षी लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर पीड़ित के घर पहुंच गए और घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पड़री पूरे जालिम सिंह गांव निवासी श्याम कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पड़िया चरा रहे थे। इसी दौरान पड़िया रामचेत के बाग की मेड़ पर चली गई। इस बात को लेकर रामचेत मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। श्याम कुमार के अनुसार उन्होंने तत्काल पड़िया को वहां से हटा लिया। आरोप है कि कुछ देर बाद रामचेत, भोलानाथ, विट्टन, रामकुमारी तथा दुधनाथ की पत्नी लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर उनके घर पहुंच गए। आरोपियों ने उनकी पुत्रियों नंदनी और वंदना तथा पत्नी पुष्पा देवी के साथ मारपीट की। जान बचाने के लिए तीनों महिलाएं घर के अंदर चली गई, उनके साथ मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# सपा नेता हाउस अरेस्ट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** छात्रों द्वारा जंतर-मंतर पर चलाएं जा आंदोलन के समर्थन में कल शाम प्रधानमंत्री आवास पर धरना देने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गिरफ्तारी पर किसी बड़े आंदोलन की आशंका में सपा के वरिष्ठ नेता लड्डू लाल यादव को हाऊस अरेस्ट कर लिया गया है। श्री यादव ने प्रशासन की इस कार्रवाई को लोकतंत्र विरोधी तथा जन अधिकारो का दमन करार दिया है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों का विरोध रोका नहीं जा सकता। इससे जनता का ग़ुस्सा और बढ़ेगा।

# आनलाइन आवेदन से लेकर छात्रवृत्ति वितरण तक की समय सारिणी निर्गत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया कि वित्तीय वर्ष/शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग पूर्वदशम् छात्रवृत्ति तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11-12 के विद्यालयों को मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने, छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन से लेकर छात्रवृत्ति वितरण तक की समस्त कार्यवाही हेतु समय सारिणी निर्गत की गयी है। वित्तीय वर्ष/शैक्षणिक सत्र 2026-27 में पूर्वदशम् छात्रवृत्ति तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11-12 में अध्ययनरत अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति भुगतान हेतु शासन स्तर से निर्गत समय सारिणी 20 जुलाई में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सुसंगत शासनादेशों/ छात्रवृत्ति नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार जनपद से सम्बन्धित विद्यालयों को मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने, छात्रवृत्ति वितरण तक की समस्त कार्यवाही को समयान्तर्गत पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# लेखपाल संघ के अध्यक्ष का हुआ निर्वाचन



**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा मिल्कीपुर की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए मंगलवार को तहसील सभागार में चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर वेद प्रकाश वर्मा और आशीष कुमार राय के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला। जबकि अन्य सभी पदों पर एक-एक प्रत्याशी होने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पांडे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन जिला मंत्री नंदलाल वर्मा ने किया। अध्यक्ष पद के लिए अपराह्न तीन बजे मतदान शुरू हुआ। कुल 57 मतदाताओं में से 48 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान की प्रक्रिया शाम 4.39 बजे समाप्त हुई, जिसके बाद 4.41 बजे मतगणना शुरू कराई गई। मतगणना के दौरान एक मत निरस्त पाया गया। मतगणना के बाद आशीष कुमार राय को अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सर्वेश नाथ गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रेम प्रकाश पाठक, मंत्री पद पर ज्ञानेंद्र देव मिश्रा, उपमंत्री पद पर नेहा त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार आदित्य, ऑडिटर पद पर क्षमा मिश्रा तथा मीडिया प्रभारी पद पर दिनेश कुमार पांडे निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। शपथ ग्रहण के बाद बैठक की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की गई। इस मौके पर सभी लेखपाल कर्मचारी मौजूद रहे।

# महाकाल मंदिर में अब 30 सेकंड में होगी सोना-चांदी की जांच

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर समिति की सहायक प्रशासक सिम्मी यादव के मुताबिक, यह मशीन एक्स-रे तकनीक पर आधारित है, जो बिना आभूषण को नुकसान पहुंचाए उसकी शुद्धता और कैरेट की जांच करती है।



### ■ दान प्रक्रिया के लिए शुरू हुई हाईटेक मशीन

श्रद्धालुओं के सामने ही कुछ ही सेकंड में जांच पूरी होगी और उसी के आधार पर रसीद भी जारी की जाएगी। मशीन इंजीनियर सुशील कुमार गौर ने बताया कि यह मशीन एक्स-रे फ्लोरोसेंस (एक्सआरएफ) तकनीक से काम करती है। धातु पर एक्स-रे पड़ने के बाद निकलने वाली ऊर्जा का विश्लेषण कर मशीन उसकी शुद्धता का डिजिटल मूल्यांकन करती है। देश के कई बड़े ज्वेलरी शोरूम और सराफा बाजारों में भी इसी तरह की मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। महाकाल मंदिर में भी अब करीब 30 सेकंड में जांच पूरी हो सकेगी। वहीं, मंदिर की मूल्यांकन समिति के सदस्य एवं ज्वेलर्स रविंद्र सोनी का कहना है कि मंदिर में पहले से तीन सदस्यीय समिति रोस्टर के अनुसार आभूषणों का मूल्यांकन करती है। यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क और पारदर्शी तरीके से दी जाती है। उनके अनुसार नई मशीन से शुरुआती जांच आसान होगी और जब ज्वेलर्स तत्काल उपलब्ध नहीं होंगे, तब भी यह पता लगाया जा सकेगा कि आभूषण असली है या नकली। हालांकि बड़े और जटिल आभूषणों की अंतिम जांच विशेषज्ञों द्वारा ही की जाएगी। इस नई व्यवस्था की जानकारी मिलने के बाद श्रद्धालु भी उत्साहित नजर आए।

बाबा महाकाल के दरबार में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु सोना-चांदी और बहुमूल्य आभूषण अर्पित करते हैं। ऐसे में मंदिर समिति की यह नई पहल दान प्रक्रिया को पहले से अधिक पारदर्शी और भरोसेमंद बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। अब श्रद्धालुओं को अपने द्वारा चढ़ाए गए आभूषणों की शुद्धता जानने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा, बल्कि कुछ ही सेकंड में पूरी जानकारी उनके सामने उपलब्ध होगी।

# बोल्डर गिरने से केदारनाथ पैदल मार्ग बंद

## मसूरी-दून रूट प्रभावित, कर्णप्रयाग-नेनीसैंण में भूस्खलन



**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी में मंगलवार रात हुई बारिश के बाद गौरीकुंड से लगभग एक किलोमीटर आगे छौड़ी के पास केदारनाथ पैदल मार्ग पर बोल्डर और पत्थर गिरने से मार्ग बाधित हो गया है। सुरक्षा के मद्देनज़र यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया है। प्रशासन की ओर से मार्ग को सुचारु करने का कार्य जारी है। लगातार हो रही बारिश के बीच बुधवार सुबह मसूरी-देहरादून मार्ग पर पानीवाला बैंड के पास पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा और एक पेड़ गिरने से यातायात करीब दो घंटे तक बाधित रहा। सुबह करीब 6.30 बजे हुई घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की टीम दो जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंची और मलबा तथा गिरे पेड़ को हटाने का कार्य शुरू किया। करीब डेढ़ से दो घंटे की मशक्कत के बाद मार्ग पर यातायात बहाल कर दिया गया। पानीवाला बैंड के पास सड़क का एक हिस्सा पहले से क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहनों की आवाजाही फिलहाल एक लेन से बारी-बारी कराई जा रही है। लगातार बारिश के चलते क्षेत्र में बार-बार मलबा और पत्थर गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। बारिश के कारण सड़क पर जगह-जगह कीचड़ भी फैल गया है, जिससे खासकर दोपहिया वाहन चालकों को फिसलन और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम में सावधानी बरतने और अत्यंत आवश्यक होने पर ही यात्रा करने की अपील की है। लोक निर्माण विभाग के अपर सहायक अभियंता प्रदीप सिंह शाही ने बताया कि सुबह मलबा और पेड़ गिरने से मार्ग बंद हो गया था। सूचना मिलते ही दो जेसीबी मशीनें भेजी गईं और मलबा हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि किलोमीटर-24 पर रात में बोल्डर और मलबा आने से मार्ग बंद हुआ था, जिसे भी जेसीबी की मदद से खोल दिया गया।

# सिंधिया राजघराने का महा-समझौता फिर अटका

**ग्वालियर।** देश के सबसे चर्चित राजघरानों में शामिल ग्वालियर के सिंधिया परिवार की अरबों-खरबों रुपये की विरासत के बंटवारे पर होने वाला बहुप्रतीक्षित महा-समझौता फिर टल गया। सोमवार को ग्वालियर जिला न्यायालय में इस मामले पर अंतिम सहमति की उम्मीद थी, लेकिन जरूरी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने के कारण सुनवाई आगे बढ़ा दी गई। अब इस मामले में 27 जुलाई को आगे सुनवाई होगी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की ओर से जिला न्यायालय में समझौता आवेदन पेश किया गया है। इस प्रस्ताव के मुताबिक, सिंधिया परिवार के सदस्यों के बीच वर्षों से चल रहे संपत्ति विवाद को आपसी सहमति से खत्म करने पर सहमति बन चुकी है। इस समझौते में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ उनकी बुआएं, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, पूर्व मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया, उषा राजे राणा समेत परिवार के अन्य सदस्य शामिल हैं। हालांकि, सोमवार को सुनवाई इसलिए पूरी नहीं हो सकी, क्योंकि बुआओं के दावों से जुड़ा रिकॉर्ड हाई कोर्ट से जिला अदालत तक नहीं पहुंच पाया। इसी वजह से कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई तय की है। सूत्रों के मुताबिक प्रस्तावित समझौते का आधार यह है कि परिवार का जो सदस्य जिस संपत्ति पर वर्तमान में काबिज है, वही उस संपत्ति का अंतिम मालिक माना जाएगा। यदि कोर्ट इस समझौते को मंजूरी देता है तो ग्वालियर का जयविलास पैलेस, शिवपुरी की संपत्तियां और अन्य कई महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों का स्वामित्व भी इसी सिद्धांत के आधार पर तय होगा। सिंधिया राजघराने की अधिकांश संपत्तियां सीधे किसी व्यक्ति के नाम पर नहीं, बल्कि सर जयाजीराव ट्रस्ट, कृष्ण माधव ट्रस्ट और अन्य संस्थाओं के अधीन हैं। वहीं, दिल्ली की सिंधिया पॉटरीज की जमीन पर बनी कोठियों में परिवार के कई सदस्य वर्तमान में निवास कर रहे हैं। **समझौता होने पर देश की कई अदालतों में चल रहे केस खत्म होंगे-** यदि यह महा-समझौता अदालत से मंजूरी पा जाता है, तो दिल्ली, मुंबई, पुणे और ग्वालियर की अदालतों में वर्षों से लंबित एक दर्जन से अधिक मुकदमों का हमेशा के लिए पटाक्षेप हो सकता है। ग्वालियर में चल रहे पांच मामले भी वापस लिए जाने की संभावना है। अब सबकी नजर 27 जुलाई की सुनवाई पर है।

# बाढ़-भूस्खलन से जम्मू-कश्मीर बेहाल

## चार जगह फटे बादल, बडगाम में कई दुकानें बहीं

**जम्मू/श्रीनगर।** प्रदेश में लगातार मूसलाधार बारिश से बांदीपोरा के गुरेज-तुलैल क्षेत्र में चार जगह बादल फटने से भारी नुकसान हुआ। बडगाम में सुखनाग नाला में बाढ़ से कई दुकानें बह गईं। वहीं खराब मौसम को देखते हुए सरकार ने सभी

### ■ स्कूल 26 जुलाई तक बंद

स्कूलों में 26 जुलाई तक छुट्टियां बढ़ा दी हैं। बारिश के कारण श्रीनगर समेत कई शहरी इलाकों में जलभराव हो गया। निचले क्षेत्रों के घरों और बाजारों में पानी घुसने से लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। गुरेज में बादल फटने से सड़क संपर्क प्रभावित हुआ, बीएसएनएल के टावर क्षतिग्रस्त हुए। भूस्खलन के कारण दो सड़कें बंद हो गईं। भारी बारिश के चलते पुंछ-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो स्थानों पर भूस्खलन हुआ, जिससे हाईवे करीब छह घंटे तक बंद रहा। मदाना और शींदरा क्षेत्र में मलबा आने से वाहनों की लंबी



कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सांबा, कठुआ, राजोरी, पुंछ और बनी क्षेत्र में लगातार बारिश से सड़कें बंद हो गईं। कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से कट गया। कठुआ में मग्गर खड्ड में उफान आने से संपर्क मार्ग बह गया, जबकि बनी में पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से एक बस क्षतिग्रस्त हो गई। राजोरी में जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और सेना ने संयुक्त अभियान चलाकर अब तक करीब 230 लोगों को सुरक्षित निकाला है। लगभग 480 लोगों को राहत शिविरों में ठहराया गया है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले तीन दिनों में सबसे अधिक बारिश कटड़ा में 245.6 मिमी दर्ज की गई। पुंछ में 204.5 मिमी, राजोरी में 186.2 मिमी, रियासी में 184.5 मिमी और उधमपुर में 155.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। मंगलवार को भी कटड़ा में 107.1 मिमी, पुंछ में 61.5 मिमी और राजोरी में 49 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग ने 27 जुलाई तक जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। खराब मौसम और भूस्खलन के खतरे के कारण श्री माता वैष्णो देवी यात्रा चौथे दिन भी स्थगित रही। कटड़ा में करीब 20 हजार श्रद्धालु यात्रा बहाल होने का इंतजार कर रहे हैं। मंगलवार को करीब 12 हजार श्रद्धालु कटड़ा पहुंचे। प्रशासन और श्राइन बोर्ड का कहना है कि यात्रा बहाल करने का फैसला मौसम की स्थिति के अनुसार लिया जाएगा। वहीं श्री अमरनाथ यात्रा और शिवखोड़ी यात्रा भी लगातार चौथे दिन स्थगित रही।

# दो साधुओं की हत्या का खुलासा

**हरिद्वार।** पथरी थाना क्षेत्र के फूलगढ़ स्थित पथरेश्वर मंदिर में दो साधुओं की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने आज खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार, मंदिर की गद्दी पर

### ■ मंदिर की गद्दी पर कब्जा और ब्लैकमेल करने पर उतारा था मौत के घाट

कब्जा जमाने की साजिश और ब्लैकमेलिंग इस दोहरे हत्याकांड की मुख्य वजह बनी। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में पूरे मामले का खुलासा किया। सोमवार की रात पंकज निवासी ऐथल ने पुलिस को सूचना दी थी कि मंदिर में ठहरे दो साधुओं की हत्या हुई है। सूचना मिलते ही एसपी देहात शेखर चंद सुयाल, सीओ लक्सर देवेंद्र सिंह नेगी, एसओ रविंद्र कुमार मौके पहुंचे थे। जांच के दौरान मंदिर परिसर के पास खोदाई करने के बाद दो साधुओं के शव बरामद हुए थे। एक की पहचान सेवा गिरी (38) के रूप में हो गई थी। दूसरे की नहीं हो पाई थी। मंगलवार की दोपहर दूसरे साधु की पारस गिरी (40) के तौर पर हुई। दोनों शुक्रताल मुजफ्फरनगर यूपी के रहने वाले थे। जांच में सामने आया कि 14 जुलाई को फूलगढ़ गांव स्थित पथरेश्वर मंदिर में आयोजित भंडारे में दोनों पहुंचे थे और तभी से यहीं ठहरे हुए थे। पुलिस की पूछताछ में पंकज ने बताया कि ऐथल के रामेश्वर मंदिर में रहने वाले उत्तम झा ने उसे जानकारी दी थी। उत्तम 18 जुलाई की रात पथरेश्वर मंदिर में ही था। रात में उसने सेवा गिरी और उत्तम गिरी को शराब पीते देखा था। 19 तारीख की सुबह गड्ढा खोदते हुए अन्य लोगों को देखा था। इसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी अखिल गिरी के कहने पर लक्सर के इस्माइलपुर निवासी आशु उसे वहां से सुल्तानपुर ले जाकर बस में बैठा आया था। वापस ऐथल मंदिर में आकर उसने पंकज को घटना के बारे में बताया था।

# सीजेपी प्रदर्शन : दिल्ली हाईकोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने को कहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जंतर-मंतर पर हुई घटना से जुड़े सभी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग और दृश्य संरक्षित रखने का निर्देश दिया है। अदालत ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को 4 सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल

### ■ छात्रों पर लाठीचार्ज मामले पर केंद्र को नोटिस

करने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को निर्धारित की गई है। यह याचिका कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल के दौरान पुलिस की कथित कार्रवाई को चुनौती देती है। इसमें छात्रों और अन्य प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई का जिक्र है। याचिका में 18 जुलाई को हुए अभियान की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। साथ ही, सबूतों को सुरक्षित रखने और शांतिपूर्ण विरोध के सांविधानिक अधिकार की रक्षा के लिए दिशानिर्देश बनाने की भी मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एन. हरिहरन, विकास सिंह और गोपाल शंकरनारायणन ने अदालत



में बहस की। उन्होंने बताया कि छात्र नीट परीक्षा से संबंधित अपनी शिकायतों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से जंतर-मंतर पर इकट्ठा हुए थे। यह प्रदर्शन लगभग 20 दिनों से चल रहा था और इस दौरान कोई हिंसा नहीं हुई थी। अधिवक्ताओं ने अदालत को बताया कि पुलिस ने बिना चेतावनी दिए लाठियों का इस्तेमाल किया। इनमें से कुछ लाठियों में कीलें लगी हुई थीं। पुलिस ने पेलेट गन, इलेक्ट्रिक बैटन और टेजर का भी प्रयोग किया। अधिवक्ताओं ने अदालत को बताया कि महिलाओं के साथ बदसलूकी और निजी अंगों पर हमले के आरोप भी लगाए गए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि दिल्ली पुलिस के जवानों की वर्दी पर नाम पट्टिका नहीं लगी थी। इससे उनकी पहचान छिपाई जा रही थी। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से घटना के दृश्य देखने का अनुरोध किया। याचिकाकर्ताओं ने सीसीटीवी रिकॉर्डिंग और दृश्य सामग्री संरक्षित करने की मांग की है। इसके साथ ही, एक स्वतंत्र एसआईटी जांच कराने की भी मांग की गई है। उन्होंने बताया कि इस घटना में 90 से अधिक छात्र घायल हुए हैं। अदालत ने दृश्य देखने का आश्वासन दिया है और मामले की सुनवाई जारी है।

# जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान मांगों को लेकर नारेबाजी



**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर पिछले 47 दिनों से छात्रों, युवाओं और अभिभावकों का धरना जारी है। आंदोलन को समर्थन देने के लिए बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर चौधरी अपनी केंद्रीय व जिला स्तरीय टीम के साथ जंतर-मंतर पहुंचे। उन्होंने आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अभिजीत दीपके से मुलाकात कर प्रदर्शनकारियों को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। अमर चौधरी ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों, महिलाओं और अभिभावकों पर पुलिस कार्रवाई की निंदा की। इस दौरान फ़ैज़ अहमद, दिलीप कुमार मिश्रा, नकी जैदी, सुरेंद्र कुमार, पंकज यादव और विवेक कुमार समेत संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजोरी के खब्बर जंगल में मिला पाकिस्तानी गुब्बारा

**राजोरी।** जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले के तरयाठ क्षेत्र में एक विमाननुमा गुब्बारा मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह गुब्बारा खब्बर जंगल इलाके में बरामद हुआ जिस पर पीआईए लिखा हुआ था। जंगल में गुब्बारा देखने के बाद एक स्थानीय व्यक्ति ने इसकी सूचना तुरंत तरयाठ पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गुब्बारे को अपने कब्जे में ले लिया।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक शुरुआती जांच में गुब्बारे से कोई संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है। फिलहाल पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि यह गुब्बारा इलाके तक कैसे पहुंचा और इसके पीछे कोई अन्य कारण तो नहीं है। सुरक्षा एजेंसियां मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही हैं।

## एक नजर

### सुबह गायब बेटी ने शाम को सबको चौंका दिया

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज के छात्रावास से प्रथम वर्ष की एक छात्रा सुबह अचानक गायब हो गई। छात्रा का मोबाइल बंद था और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। दिनभर कॉलेज प्रशासन, पुलिस और परिजन उसे तलाशते रहे। शाम को छात्रा ने पिता को फोन कर खुद के घर पहुंचने की जानकारी दी तो सभी ने राहत महसूस की। छात्रा सोमवार सुबह आठ बजे के करीब किसी को कुछ बताए बगैर हॉस्टल से निकल गई। जब कक्षाएं शुरू हुईं और वह नहीं पहुंची तो उसके लापता होने की चर्चा परिसर में फैल गई। खोजबीन के बाद भी जब छात्रा नहीं मिली तो कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कमरे में तलाशी ली तो वहां कपड़े और सामान बिखरे पड़ा मिला। बाद में हॉस्टल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो पता चला कि छात्रा बाइक पर बैठकर कॉलेज परिसर से बाहर निकली है। खोजबीन के दौरान ही यह जानकारी देहरादून में रह रहे छात्रा के परिजनों को दी गई। घबराए माता-पिता शाम को हल्द्वानी पहुंच गए। उनके मेडिकल कॉलेज पहुंचने के आधा घंटे बाद ही छात्रा के पिता के मोबाइल की घंटी बजी। घबराए पिता ने फोन रिसीव किया तो दूसरी ओर से आवाज आई, पापा... मम्मी कहां हैं? मैं घर पहुंच गई हूं, लेकिन यहां तो ताला लगा है। बेटी की आवाज सुन दिनभर से तनाव झेल रहे कॉलेज प्रशासन, पुलिस, सहपाठियों और परिजनों ने राहत की सांस ली। प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि छात्रा ने ऐसा क्यों किया, यह अभी स्पष्ट नहीं है। छात्रा के आने के बाद सही बात पता चलेगी।

### दहेज प्रताड़ना केस में हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

**समझौते के बाद मुकदमा जारी रखना कानून का दुरुपयोग**

**जबलपुर।** जबलपुर में घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम के तहत समक्ष न्यायालय के समक्ष लंबित मुकदमे वापस लेने की शर्त पर आपसी समझौता हुआ था। आपसी समझौते के बाद भी पत्नी दहेज एक्ट के तहत पति तथा ससुराल पक्ष के खिलाफ दर्ज प्रकरण वापस लेने को तैयार नही थी। हाईकोर्ट जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने दहेज एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर को निरस्त करते हुए अपने आदेष में कहा है कि सक्षम अदालत में समझौते के बाद आपराधिक मुकदमा जारी रखना उत्पीड़न है। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि शिकायतकर्ता ने खिलाफ सामान्य आरोप लगाये है। याचिकाकर्ता सास व ननद के खिलाफ आरोप बहुत सामान्य प्रकृति के हैं। याचिकाकर्ता ननंद शादीशुदा है और जबलपुर में अपने पति के साथ अलग रहती है। ऐसा लगता है कि उसे केवल पति के साथ उसके रिश्ते के कारण फंसाया गया है। आपराधिक मुकदमे को पति के साथ रिश्ते की वजह से रिश्तेदारों के खिलाफ जारी रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती। पन्ना निवासी तौसीफ राइन व अन्य की तरफ की से दहेज एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर को निरस्त किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि तौसीफ की विवाह 25 दिसम्बर 2017 को हुआ था। पत्नी के द्वारा साल 2020 में पति सहित सास:ससुर सहित विवाहित ननद तथा देवर के खिलाफ दहेज एक्ट का प्रकरण दर्ज करवा दिया। पत्नी के द्वारा ससुराल छोड़कर जाने के बाद उनके खिलाफ दहेज एक्ट का प्रकरण दर्ज करवाया था,जो न्यायालय में लंबित है।

### घरेलू विवाद में पत्नी की बेलन से हत्या

**शव सड़क किनारे फेंका, पति गिरफ्तार**

**सोलन।** औद्योगिक क्षेत्र भटोली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां घरेलू विवाद के चलते एक पति ने अपनी पत्नी की बेलन से पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना मंगलवार देर रात की है, जिसके बाद आरोपी पति ने शव को सड़क किनारे फेंक दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक महिला की पहचान सुनीता के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पति का नाम सुरेंद्र बेदिया बताया जा रहा है। दोनों झारखंड के रामगढ़ जिले के रहने वाले थे और बद्दी में एक निजी उद्योग में नौकरी करते थे। वे भटोली क्षेत्र में बिरला कंपनी के पास एक आवासीय कॉलोनी में किराए के मकान में रहते थे। पुलिस के अनुसार, बुधवार देर रात सुरेंद्र और सुनीता के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि सुरेंद्र ने गुस्से में आकर सुनीता के सिर पर बेलन से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बरोटीवाला पुलिस तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी सुरेंद्र बेदिया को गिरफ्तार कर लिया।

# शादी के एक महीने बाद ही ससुराल से लापता हुई दुल्हन

**परिवार बोला जेवर-नकदी भी साथ ले गई**

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले के परासिया क्षेत्र में नवविवाहिता के लापता होने का मामला सामने आया है। जिस दिन दंपती की शादी को ठीक एक महीना पूरा हुआ, उसी दिन दुल्हन अचानक घर से गायब हो गई। परिजनों का आरोप है कि वह घर में रखे जेवरात और नकदी भी साथ ले गई। वहीं गांव की एक महिला ने दावा किया है कि उसने नवविवाहिता को एक अज्ञात युवक की बाइक पर जाते देखा था। फिलहाल पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार परासिया विकासखंड के लहगडुआ निवासी श्रीकांत परतेती का विवाह 4 जून को तामिया क्षेत्र के मोरढाना (छिंदी) निवासी रविता भलावी से पूरे रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ था। विवाह के बाद दोनों परिवारों में खुशी का माहौल था। नवविवाहिता भी करीब एक माह तक ससुराल में सामान्य रूप से रह रही थी। परिजनों के मुताबिक किसी प्रकार का विवाद या तनाव सामने नहीं आया था। लेकिन 4 जुलाई को, यानी शादी की पहली मासिक वर्षगांठ वाले दिन, रविता अचानक घर से लापता हो गई।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध पंजाब में किसानों ने टोल फ्री कराए

**चंडीगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बुधवार को किसानों ने टोल फ्री करवाकर प्रदर्शन किया। लुधियाना में लाडोवाल स्थित टोल प्लाजा को

### ■ संयुक्त किसान मोर्चा का प्रदर्शन

लोगों के लिए फ्री कर दिया गया। संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्यों ने केंद्र सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया।

संगरूर में भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां ने केंद्र और पंजाब सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। उगराहां के कार्यकर्ताओं और किसान नेताओं ने कालाझाड़ टोल प्लाजा को पूरी तरह फ्री करवाकर केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए यूनियन के महासचिव दरबारा सिंह छाजला और जगतार सिंह कालाझाड़ ने कहा कि केंद्र सरकार वैश्विक दबाव में आकर किसान विरोधी फैसले ले रही है, जो देश के कृषि क्षेत्र के लिए बेहद घातक साबित होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ये समझौते लागू हुए, तो देश की किसानी पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। इसका सीधा असर छोटे व्यापारियों और मजदूर वर्ग पर पड़ेगा और देश में भुखमरी जैसी स्थिति पैदा हो जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज का टोल फ्री प्रदर्शन सिर्फ एक सांकेतिक चेतावनी है। यदि केंद्र सरकार ने ये समझौते वापस नहीं लिए, तो आने वाले समय में इससे भी बड़ा और तेज आंदोलन छेड़ा जाएगा। केंद्र सरकार के साथ-साथ किसान नेताओं ने पंजाब की भगवंत मान सरकार को भी आड़े हाथों लिया। नेताओं ने पंजाब सरकार की %लैंड पूलिंग पॉलिसी% की कड़ी निंदा करते हुए आरोप लगाया कि कॉर्पोरेट घरानों के इशारे पर सरकार किसानों की जमीनों को हड़पने की साजिश रच रही है।

# मानसरोवर में डुबकी न लगा पाने पर श्रद्धालु निराश

**बाल्टी में पानी भरकर किया स्नान, बोले- रहेगा मलाल**

**पिथौरागढ़।** चीन की ओर से मानसरोवर में डुबकी लगाने पर प्रतिबंध लगाने से कैलाश यात्रियों में निराशा है। यात्रा पूरी कर लौटे श्रद्धालुओं ने कहा कि हमें हमेशा इस बात का मलाल रहेगा कि हमने भगवान शिव की भूमि पर पहुंचकर पवित्र मानसरोवर में डुबकी नहीं लगाई। दरअसल, वर्ष 2018 के बाद चीन ने मानसरोवर झील में डुबकी लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। तब से कैलाश यात्रियों को स्नान के लिए झील से पानी बाल्टियों में से भरना पड़ रहा है। यात्रियों के मुताबिक, चीन ने झील के पानी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए यह प्रतिबंध लगाया है। यात्रियों ने कहा कि चीन का यह निर्णय सही है लेकिन उन्हें मानसरोवर में आस्था की डुबकी न लगाने का दुख भी है। कैलाश मानसरोवर हिंदुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। कैलाश पर्वत के दर्शन और मानसरोवर झील में स्नान के लिए हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु जाते हैं। यहां यात्री पहले कैलाश पर्वत की परिक्रमा करते हैं। इसके बाद पवित्र मानसरोवर के जल से स्नान के बाद यात्री पूजा-अर्चना करते हैं।

# साइबर ठगी की जांच में देरी पर हाईकोर्ट सख्त

**जबलपुर।** जबलपुर में छह लाख रुपये की कथित साइबर ठगी के मामले में पुलिस-प्रशासन की सुस्त कार्रवाई पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मामले की जांच में हो रही देरी पर कोर्ट ने गंभीर

### ■ केंद्र के दो सचिव, तीन राज्यों के डीआईजी और गृह सचिव तलब

सवाल उठाए हैं। मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को निर्धारित की गई है। कोर्ट ने असम, पश्चिम बंगाल और झारखंड के पुलिस महानिदेशकों, संबंधित राज्यों के गृह सचिवों, केंद्र सरकार के गृह सचिव, दूरसंचार विभाग के केंद्रीय सचिव, जबलपुर पुलिस अधीक्षक तथा मामले से जुड़े जांच अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि जांच में देरी से न केवल विवेचना प्रभावित होती है, बल्कि आरोपियों को ठगी की रकम ठिकाने लगाने का भी मौका मिल जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को यह बताना चाहिए कि साइबर फ्रॉड की जांच के दौरान बैंकों द्वारा समय पर नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कौन-कौन से नियामकीय सुरक्षा उपाय लागू हैं।

एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, लेकिन इस मामले ने गंभीर संस्थागत कमियों को उजागर किया है। विभिन्न राज्यों की पुलिस, जांच एजेंसियों और बैंकिंग संस्थानों के बीच, साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की एजेंसियों के बीच समन्वय की चिंताजनक कमी दिखाई देती है। साइबर धोखाधड़ी की जांच के लिए तत्काल, समन्वित और तकनीक आधारित कार्रवाई आवश्यक है, जबकि वर्तमान मामला प्रक्रियात्मक देरी और संस्थागत असमन्वय को दर्शाता है।

# कच्चे तेल की आग में झुलसा शेयर बाजार, सेंसेक्स 715 अंक टूटा, निफ्टी 24 हजार के नीचे फिसला



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल, बैंकिंग शेयरों में भारी बिकवाली और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के कारण निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इसका असर प्रमुख सूचकांकों पर साफ दिखाई दिया और सेंसेक्स 715 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी 24 हजार के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 715.06 अंक यानी 0.92 प्रतिशत टूटकर 76,755.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 828.92 अंक तक फिसलकर 76,641.19 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया था। वहीं, एनएसई निफ्टी 191.45 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,996.25 अंक पर बंद हुआ।

**बैंकिंग और आईटी शेयरों में बिकवाली-** बाजार की गिरावट में बैंकिंग और आईटी सेक्टर की बड़ी कंपनियों का सबसे ज्यादा योगदान रहा। सेंसेक्स में इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), इंफोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर प्रमुख रूप से टूटे। दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, पावर ग्रिड और टाइटन के शेयर बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे।

**कच्चे तेल की कीमतों ने बढ़ाई चिंता-** बाजार में गिरावट की सबसे बड़ी वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई तेज तेजी रही। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.68 प्रतिशत उछलकर 95.27 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। तेल महंगा होने से भारत जैसे आयातक देशों में महंगाई और चालू खाते के घाटे को लेकर चिंताएं बढ़ जाती हैं, जिसका सीधा असर शेयर बाजार पर पड़ता है।

**भू-राजनीतिक तनाव से निवेशकों में बढ़ी बेचैनी-** एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोनमुडी आर के अनुसार, मध्य पूर्व में लगातार बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित किया। पूरे कारोबारी सत्र के दौरान बाजार पर बिकवाली का दबाव बना रहा और अधिकांश सेक्टर लाल निशान में बंद हुए। उन्होंने कहा कि पहली तिमाही के नतीजों की अच्छी शुरुआत के बावजूद वैश्विक जोखिमों ने बाजार का उत्साह कम कर दिया।

**अमेरिकी शुल्क की आशंका का भी असर-** बाजार की धारणा पर वैश्विक आर्थिक संकेतकों का भी असर देखने को मिला। निवेशकों के बीच इस बात को लेकर चिंता बढ़ी कि अमेरिका कुछ आयातित उत्पादों, विशेषकर फार्मास्युटिकल क्षेत्र पर नए शुल्क लगा सकता है। इसके अलावा बढ़ते कच्चे तेल के दामों और वैश्विक अनिश्चितता ने भी निवेशकों को सतर्क बनाए रखा।

**वैश्विक बाजारों का मिला-जुला रुख-** एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी और चीन का शंघाई एसएसई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि जापान का निक्केई-225 और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहे। यूरोपीय बाजारों में कारोबार के दौरान मजबूती देखी गई, जबकि अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

**एफआईआई ने की खरीदारी, फिर भी नहीं संभला बाजार-** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,650.16 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी। इसके बावजूद वैश्विक जोखिमों और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण घरेलू बाजार में बिकवाली हावी रही।

**निवेश पर जोर-** स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्लाविया मोंटे कार्लो के लिए सीमित 200 यूनिट्स में शिमला ग्रीन और स्टील ग्रे ड्यूल-टोन रंग विकल्प पेश किए हैं। कहना है कि नए रंग ग्राहकों को अधिक प्रीमियम और विशिष्ट स्वामित्व अनुभव देंगे। स्लाविया मोंटे कार्लो में ब्लैक्ड-आउट एक्सटीरियर, ब्लैक-रेड इंटीरियर, फीचर-समृद्ध केबिन, टीएसआई इंजन और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का विकल्प मिलता है, जो बेहतर प्रदर्शन और शानदार ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है।

# तीन दिन में सोना 4,281 और चांदी 10,764 महंगी, निवेशकों की बढ़ी दिलचस्पी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में 3 दिन में सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, एक ही दिन में सोना 2,303 रुपये और चांदी 3,034 रुपये महंगी हो गई। पिछले तीन दिनों में सोने की कीमत 4,281 रुपये और चांदी 10,764 रुपये बढ़ चुकी है, जिससे कीमती धातुओं में निवेशकों की दिलचस्पी फिर बढ़ने लगी है। आईबीजेए के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,303 रुपये बढ़कर 1.45 लाख रुपये पर पहुंच गया। वहीं, एक किलो चांदी 3,034 रुपये की तेजी के साथ 2.26 लाख रुपये पर कारोबार करती रही।

**इस साल सोना 12 हजार रुपये महंगा-** साल 2026 में सोने की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, लेकिन कुल मिलाकर अब तक इसमें करीब 12 हजार रुपये की बढ़ोतरी हो चुकी है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोने का भाव लगभग 1.33 लाख रुपये था, जो अब बढ़कर करीब 1.45 लाख रुपये तक पहुंच गया है। वहीं, चांदी की कीमत में साल की शुरुआत की तुलना में करीब 4 हजार रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपये प्रति किलो थी, जो फिलहाल 2.26 लाख रुपये प्रति किलो पर है। इस दौरान 29 जनवरी को सोना 1.76 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 3.86 लाख रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंची थी।

**साल के अंत तक और बढ़ सकते हैं दाम-** कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया का कहना है कि सोना और चांदी अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे कारोबार कर रहे हैं। ऐसे में निवेशकों के लिए यह चरण निवेश के लिहाज से अनुकूल हो सकता है। हालांकि उन्होंने सलाह दी कि एकमुश्त निवेश करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से निवेश करना बेहतर रहेगा। उनके अनुसार, साल 2026 के अंत तक सोना 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 2.80 लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंच सकती है।

**सोना खरीदते समय रखें ये सावधानियां-** विशेषज्ञों का कहना है कि सोना खरीदते समय हमेशा बीआईएस हॉलमार्क वाला प्रमाणित आभूषण ही खरीदें। हॉलमार्क पर अंकित अल्फान्यूमेरिक कोड से उसकी शुद्धता की पुष्टि की जा सकती है। इसके अलावा खरीदारी से पहले आईबीजेए या अन्य विश्वसनीय स्रोतों से उस दिन का ताजा भाव जरूर जांच लें, क्योंकि 24, 22 और 18 कैरेट सोने के दाम अलग-अलग होते हैं।

**असली चांदी की ऐसे करें पहचान-** असली चांदी की पहचान के लिए कुछ आसान तरीके अपनाए जा सकते हैं। मैग्नेट टेस्ट में असली चांदी चुंबक से नहीं चिपकती। आइस टेस्ट में चांदी पर रखी बर्फ तेजी से पिघलती है। असली चांदी में किसी तरह की गंध नहीं होती, जबकि नकली चांदी में तांबे जैसी गंध आ सकती है। इसके अलावा सफेद कपड़े से रगड़ने पर यदि काला निशान दिखाई दे तो वह असली चांदी की पहचान मानी जाती है।

# नीति आयोग को मिला नया नेतृत्व, मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी अनुराग जैन बने नए सीईओ

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने देश के नीतिगत थिंक-टैंक नीति आयोग के शीर्ष प्रशासनिक नेतृत्व में एक बड़ा बदलाव किया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने बुधवार, 22 जुलाई 2026 को मध्य प्रदेश कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अनुराग जैन को नीति आयोग का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। देश के नीति-निर्माण और प्रशासनिक सुधारों की दिशा में यह नियुक्ति बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जो सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को नया नेतृत्व प्रदान करेगी।

**नीति आयोग के नए सीईओ के रूप में किसकी नियुक्ति हुई है?**

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी किए गए आधिकारिक आदेश के अनुसार, मध्य प्रदेश कैडर के अनुभवी आईएएस अधिकारी अनुराग जैन को नीति आयोग के नए सीईओ के रूप में चुना गया है। अनुराग जैन 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। सरकारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि उनकी यह नियुक्ति उस तारीख से प्रभावी होगी, जिस दिन वे आधिकारिक रूप से इस पद का कार्यभार संभालेंगे।

**कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने क्या निर्णय लिया है?**

भारत सरकार की कैबिनेट नियुक्ति समिति (एसीसी) ने प्रशासनिक स्तर पर इस महत्वपूर्ण बदलाव को मंजूरी दी है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (छ्रश्वक्क्ष) ने इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी किया है। यह निर्णय सरकार के शीर्ष स्तर पर नीतिगत निरंतरता और कुशल प्रशासनिक कमान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

**नए सीईओ अनुराग जैन का कार्यकाल कब तक रहेगा?**

जारी किए गए सरकारी आदेश के अनुसार, नए सीईओ के रूप में अनुराग जैन का कार्यकाल इस प्रकार निर्धारित किया गया है- वह नीति आयोग के सीईओ के रूप में अपनी सेवा विस्तार की स्वीकृत अवधि के पूरा होने तक इस पद पर बने रहेंगे।

# निकोटीन पर एफडीए के फैसले के बाद भारत में वैज्ञानिक मूल्यांकन की जरूरत



**नई दिल्ली।** अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) द्वारा नॉन-कंबस्टिबल निकोटीन उत्पादों से जुड़े संशोधित जोखिम दावों को मंजूरी दिए जाने के बाद भारत में भी तंबाकू और निकोटीन उत्पादों को लेकर वैज्ञानिक प्रमाणों के स्वतंत्र मूल्यांकन की मांग उठी है। यू.एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा हाल ही में नॉन-कंबस्टिबल निकोटीन प्रोडक्ट्स के लिए मोडिफाईड रिस्क क्लेम्स को मंजूरी दी गई है। यह टोबैको और निकोटीन प्रोडक्ट्स के सेवन के लिए रणनीतियों पर हो रही अंतर्राष्ट्रीय बातचीत का हिस्सा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को दूसरे देशों की नीतियों को सीधे अपनाने के बजाय देश की परिस्थितियों के अनुरूप उपलब्ध वैज्ञानिक आंकड़ों का निष्पक्ष विश्लेषण करना चाहिए। सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली के वरिष्ठ सलाहकार और पद्मश्री पुरस्कार विजेता डॉ. मोहसिन वली ने कहा कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) वैश्विक प्रमाणों का सूक्ष्म अध्ययन कर उन्हें देश की जरूरतों के अनुरूप ढालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत में तंबाकू सेवन एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती है और इससे कैंसर, हृदय तथा श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ता है। ऐसे में तंबाकू की शुरुआत रोकने और लोगों को इसे छोड़ने में मदद करने के साथ वयस्क उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध विकल्पों पर भी प्रमाण आधारित चर्चा जरूरी है। उन्होंने कहा कि तंबाकू नियंत्रण से जुड़ी नीतियां विचारधारा के बजाय भारत और दुनिया से मिले वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर तैयार की जानी चाहिए।

## योजना की मुख्य बातें

### यूपीआई ऐप बदलने को तैयार 83 प्रतिशत उपयोगकर्ता, रिवॉर्ड्स बने पसंद का बड़ा आधार

**नई दिल्ली।** भारत के यूपीआई इकोसिस्टम में ग्राहकों की पसंद अब रिवॉर्ड्स और कैशबैक से तेजी से प्रभावित हो रही है। एम्पावर इंडिया के प्राथमिक और द्वितीयक शोध के अनुसार, 89 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान ऐप चुनते समय रिवॉर्ड्स और कैशबैक को ध्यान में रखते हैं, जबकि 83 प्रतिशत बेहतर रिवॉर्ड्स मिलने पर ऐप बदलने के लिए तैयार हैं। वहीं, 94 प्रतिशत लोगों ने ऐप बदलते समय रिवॉर्ड्स को महत्वपूर्ण माना और 88 प्रतिशत उपयोगकर्ता बेहतर विकल्प तलाशने के लिए अलग-अलग यूपीआई ऐप की तुलना करते हैं। शोध के मुताबिक, ऐप बदलने वाले 59 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं ने खराब रिवॉर्ड्स और लाभ को पिछला प्लेटफॉर्म छोड़ने का प्रमुख कारण बताया। एम्पावर इंडिया के डायरेक्टर जनरल के. गिरी ने कहा कि यूपीआई की अगली विकास यात्रा केवल नए उपयोगकर्ताओं को जोड़ने से नहीं, बल्कि मौजूदा ग्राहकों को लगातार बेहतर अनुभव देने से तय होगी। रिवॉर्ड्स के मामले में अमेजन पे के 74 प्रतिशत उपयोगकर्ता बेहद संतुष्ट रहे। वहीं, फोनपे और गूगल पे ने भरोसे और सुरक्षा तथा पेटीएम ने उपयोग में आसानी के मामले में बेहतर प्रदर्शन किया। आंकड़े संकेत देते हैं कि यूपीआई बाजार में अब रिवॉर्ड्स ग्राहक बनाए रखने और प्लेटफॉर्म के बीच प्रतिस्पर्धा का महत्वपूर्ण आधार बनते जा रहे हैं।

### फोल्डेबल बाजार में नई पीढ़ी के साथ निवेश पर नजर

**नई दिल्ली।** फोल्डेबल स्मार्टफोन बाजार में प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी आठवीं पीढ़ी के फोल्डेबल उपकरण पेश किए हैं। नई श्रृंखला में गैलेक्सी जेड फोल्ड8, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 शामिल हैं। नए उपकरणों में बड़ी स्क्रीन, फ्लेक्सिबल डिजाइन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सुविधाओं को प्रमुखता दी है। निवेशकों के नजरिए से फोल्डेबल श्रेणी कंपनी के प्रीमियम स्मार्टफोन कारोबार के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। एआई और डेटा सुरक्षा पर बढ़ते जोर के बीच कंपनी को नई श्रृंखला से बाजार हिस्सेदारी और प्रीमियम सेगमेंट में कारोबार बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, सैमसंग को बिक्री और मुनाफे पर इसका वास्तविक असर आने वाले वित्तीय परिणामों से स्पष्ट होगा। सुरक्षा के लिए ऑन-डिवाइस एआई, व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा, एन्क्रिप्शन और एआई गतिविधियों की निगरानी जैसी सुविधाएं दी गई हैं।

### चीन को मात देने की तैयारी- भारत बनेगा चिप पैकेजिंग का नया ग्लोबल हब

**नई दिल्ली।** वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में चीन का विकल्प बनने के लिए भारत ने एक और बड़ा कदम उठाया है। देश जल्द ही चिप पैकेजिंग के वैश्विक केंद्र के तौर पर उभरेगा। निर्माताओं को भारत में चिप निर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए आकर्षित करने के प्रयास किए जाएंगे। सरकार कंपनियों को यूनिट लगाने पर पूंजीगत व्यय का 35 फीसदी तक वित्तीय सहायता देगी। पारंपरिक पैकेजिंग इकाइयों को यह सहायता 25 फीसदी तक होगी। इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की स्थिति मजबूत होगी। सरकार का मानना है कि केवल चिप निर्माण ही नहीं, बल्कि उनकी टेस्टिंग और पैकेजिंग भी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। **नई रणनीति से यूं आएगा बदलाव-** नई रणनीति के तहत विश्व-स्तरीय अग्रणी कंपनियां जैसे इंटेल, लॉकहीड मार्टिन और एप्लाइड मैटेरियल्स ने भारत में निवेश में रुचि दिखाई है। नई पैकेजिंग और टेस्टिंग इकाइयां शुरू होने से इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर और इंजीनियरिंग क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के हजारों अवसर पैदा होंगे। ऑटोमोबाइल, स्मार्टफोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रक्षा उपकरणों में इस्तेमाल होने वाली चिप्स के लिए भारत की आयात पर निर्भरता कम होगी।

# भारत का खाद्य तेल आयात बिल 1.75 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचेगा




**नई दिल्ली।** भारत का खाद्य तेल आयात बिल 2025-26 विपणन वर्ष में नौ फीसदी बढ़कर 1.75 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त की है। संगठन ने बढ़ते आयात, रुपये की कमजोरी और वैश्विक आपूर्ति

**■ जानिए एसईए ने क्यों जताई चिंता**

दबाव को इसकी मुख्य वजह बताया है। एसईए ने चेतावनी दी है कि देश को तिलहन उत्पादन बढ़ाने की दिशा में तेजी से कदम उठाने होंगे। उत्पादन बढ़ाए बिना आयात पर निर्भरता कम नहीं होगी। खरीफ बुवाई में देरी और मौसम संबंधी जोखिम घरेलू उत्पादन पर असर डाल सकते हैं। इससे आने वाले महीनों में आयात का दबाव और बढ़ सकता है। एसईए के अध्यक्ष संजीव अस्थाना के अनुसार, पिछले वर्ष खाद्य तेल आयात बिल 1.61 लाख करोड़ रुपये था। यह इस साल 1.75 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। चालू तेल वर्ष के पहले आठ महीनों में आयात खर्च 1.19 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 99,000 करोड़ रुपये था। रुपये की कमजोरी ने आयात को और महंगा बना दिया है।

**आयात का बोझ क्यों बढ़ रहा है-** भारत का खाद्य तेल आयात लगातार बढ़ रहा है। रुपये की कमजोरी भी आयात को महंगा बना रही है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में चुनौतियां भी एक प्रमुख कारण हैं। पिछले वर्ष के 1.61 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले इस साल 1.75 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। चालू तेल वर्ष के पहले आठ महीनों में ही 1.19 लाख करोड़ रुपये का आयात खर्च हो चुका है, जो पिछले साल की समान अवधि से काफी अधिक है।

**कमजोर मानसून और वैश्विक घटनाक्रम क्या चुनौतियां ला रहे हैं-** संजीव अस्थाना ने बताया कि सामान्य से कम मानसून की आशंका है। इससे घरेलू तिलहन उत्पादन प्रभावित हो सकता है। कई राज्यों में खरीफ तिलहन की बुवाई में भी देरी हुई है। अगस्त-सितंबर में कम बारिश की संभावना भी उत्पादन पर नकारात्मक असर डालेगी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंडोनेशिया का बढ़ता बायोडीजल कार्यक्रम खाद्य तेल की वैश्विक उपलब्धता को कम कर रहा है। भू-राजनीतिक तनाव और माल ढुलाई व बीमा लागत में वृद्धि भी वैश्विक खाद्य तेल कीमतों पर दबाव बना रही है।

**तिलहन उत्पादन बढ़ाना क्यों जरूरी है-** एसईए के आंकड़ों के अनुसार, 17 जुलाई तक देश में खरीफ तिलहन की बुवाई 147 लाख हेक्टेयर रही। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 155.7 लाख हेक्टेयर से कम है। यह दर्शाता है कि घरेलू उत्पादन में कमी आ सकती है। संगठन का मानना है कि यदि आने वाले हफ्तों में अच्छी बारिश होती है, तो बुवाई में तेजी आ सकती है। अस्थाना ने कहा कि भारत को आयात पर निर्भरता कम करने के लिए तिलहन उत्पादन बढ़ाना होगा। कृषि ढांचे को मजबूत करना भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। घरेलू उत्पादन बढ़ने से ही आयात बिल पर लगाम लगाई जा सकेगी।

# विदेशी बंदरगाहों पर निर्भरता घटाने की तैयारी भारत तेज करेगा डीप वाटर पोर्ट परियोजनाएं



**नई दिल्ली ।** भारत प्रमुख बंदरगाहों के अपग्रेड और नए गहरे समुद्री टर्मिनलों के निर्माण में तेजी ला रहा है, ताकि वर्तमान में कोलंबो और सिंगापुर के जरिए होने वाले ट्रांसशिपमेंट यातायात को अपने यहां आकर्षित किया जा सके। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में सामने आई। इंडिया नैरेटिव की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार चेन्नई के निकट एन्नोर स्थित कामराजर बंदरगाह, ओडिशा के पारादीप बंदरगाह और कच्छ के दीनदयाल बंदरगाह सहित कई प्रमुख बंदरगाहों की ड्राफ्ट (जल की गहराई) को 14 मीटर से बढ़ाकर 18 मीटर कर रही है, ताकि वे बड़े मदर वेसल (मुख्य मालवाहक जहाज) को संभाल सकें।

दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज (मदर वेसल) एमएससी इरिना के केरल के विझिंजम बंदरगाह पहुंचने को इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछली सरकारों ने भारत के प्रमुख बंदरगाहों को अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट हब के रूप में विकसित करने की अनदेखी की। ऐसे हब इसलिए जरूरी हैं क्योंकि यहां 14,000 से 24,000 टीईयू (ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट यूनिट) क्षमता वाले मदर वेसल ठहर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया, दशकों तक भारत के समुद्री व्यापार में एक विडंबना रही। 7,500 किलोमीटर से अधिक लंबी समुद्री तटरेखा और दक्षिणी छोर से गुजरने वाले दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों के बावजूद भारत के पास ऐसे बंदरगाह नहीं थे, जहां मदर वेसल आ सकें। रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा इस कमी को दूर करने का संकल्प जताने के एक वर्ष के भीतर ही 7 जुलाई को दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज एमएससी इरिना के विझिंजम बंदरगाह पहुंची। वर्षों की इस अनदेखी को अब समस्या के आकार के अनुरूप बड़े पैमाने और तात्कालिकता के साथ दूर किया जा रहा है। सरकार की मौजूदा योजना के तहत कई प्रमुख बंदरगाहों की ड्राफ्ट गहराई बढ़ाई जा रही है, ताकि वे लगभग 2 लाख टन डेडवेट कार्गो ले जाने वाले केप-साइज ड्राई बल्क जहाजों को संभाल सकें।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि महाराष्ट्र में विकसित किया जा रहा वधावन बंदरगाह लगभग 20 मीटर की प्राकृतिक गहराई और उच्च क्षमता के लक्ष्य के साथ तैयार किया जा रहा है। इसके पूरा होने पर यह दुनिया के शीर्ष 10 कंटेनर ट्रांसशिपमेंट हब में शामिल हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, निजी क्षेत्र में गुजरात का मुंद्रा बंदरगाह, जिसकी ड्राफ्ट गहराई 17.5 मीटर है, पहले ही इस क्षमता का प्रदर्शन कर चुका है। यह भारत का एकमात्र बंदरगाह है, जहां से 14,000 टीईयू से अधिक क्षमता वाले कंटेनर जहाज सीधे अमेरिका के लिए रवाना होते हैं, जिससे बीच के ट्रांसशिपमेंट हब की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

# अब बिना इंटरनेट के भी होगा यूपीआई पेमेंट, आ रहा है ये फीचर



**नई दिल्ली ।** आम लोगों के लिए यूपीआई से जुड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। अब वह दिन दूर नहीं जब आप बिना इंटरनेट के भी अपना यूपीआई पेमेंट आसानी से कर सकेंगे। सामने आई एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में जल्द ही एक ऐसी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (क्कढ्ढ) सुविधा शुरू होने जा रही है, जिसकी मदद से ग्राहक मर्चेंट के पॉइंट-ऑफ-सेल (क्कशस्) टर्मिनल पर तब भी पेमेंट कर पाएंगे, जब फोन या मशीन किसी भी डिवाइस में इंटरनेट काम न कर रहा हो।

**बिना नेटवर्क वाले इलाकों में मिलेगा सबसे बड़ा फायदा**

यह खास फीचर मुख्य रूप से उन जगहों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी या तो उपलब्ध नहीं होती या फिर बिल्कुल भरोसेमंद नहीं होती है। इसमें हवाई जहाज के केबिन से लेकर अंडरग्राउंड ट्रेन नेटवर्क और दूरदराज के इलाके शामिल हैं। इस नई सुविधा का लाभ उठाने के लिए ग्राहकों को इंटरनेट कनेक्टिविटी होने पर पहले अपने डिवाइस के यूपीआई लाइट वॉलेट में पैसे लोड करने होंगे। इसके बाद जब वे ऑफलाइन होंगे, तो बिना किसी यूपीआई पिन के टर्मिनल पर टैप करके आसानी से उस बैलेंस का इस्तेमाल पेमेंट के लिए कर सकेंगे।

**एनएफसी तकनीक से ऐसे पूरा होगा आपका ऑफलाइन ट्रांजेक्शन**

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया साल 2026 में प्रमुख टर्मिनल बनाने वाली कंपनियों के पीओएस डिवाइस को इस नई सुविधा के लिए सर्टिफाई करना शुरू कर सकता है। इस पूरी प्रस्तावित व्यवस्था में नियर-फील्ड कम्युनिकेशन (हृस्नष्ट) तकनीक का बेहतरीन इस्तेमाल किया जाएगा। इसके तहत ग्राहकों को अपने एनएफसी इनेबल्ड फोन को सिर्फ ऑफलाइन टर्मिनल पर टैप करना होगा और वे बिना रुके 2,000 रुपये तक का पेमेंट चुटकियों में कर सकेंगे। जब डिवाइस ऑफलाइन होगा तब पीओएस मशीन पेमेंट ऑथराइजेशन को अपने पास स्टोर कर लेगी और जैसे ही कनेक्टिविटी वापस आएगी, उसे नेटवर्क पर आगे प्रोसेस कर देगी।

**यूपीआई लाइट एक्स से कैसे अलग है यह नई व्यवस्था**

आपको बता दें कि एनपीसीआई द्वारा एनएफसी का यह कोई पहला इस्तेमाल नहीं है। इससे पहले सितंबर 2023 में यूपीआई लाइट एक्स को भी पेश किया गया था, जिसे मोबाइल कनेक्टिविटी न होने पर ऑफलाइन पेमेंट के लिए डिजाइन किया गया था। यूपीआई लाइट एक्स में एनएफसी-इनेबल्ड फोन के बीच ऑफलाइन पर्सन-टू-पर्सन पेमेंट और क्यूआर कोड या साउंडबॉक्स पर टैप करके पैसे चुकाने की सुविधा दी गई थी। हालांकि, यह नया फीचर इससे एक कदम आगे है। इस नई तकनीक का सबसे बड़ा अंतर एक्सेप्टेंस हार्डवेयर का है।

# जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी अय्यर एंड कंपनी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम अब जिम्बाब्वे दौरे पर जीत की लय हासिल करने के इरादे से उतरेगी। हालांकि मेजबान टीम हाल के महीनों में शानदार प्रदर्शन कर चुकी है और ऐसे में भारत के लिए यह दौरा आसान नहीं रहने वाला है। भारत की बल्लेबाजी इकाई लगभग वही है, जिसने हालिया टी20 सीरीज खेली थी। इस बार टीम की कमान श्रेयस अय्यर के हाथों में होगी। अय्यर अब तक सात टी20 मैचों में कप्तानी कर चुके हैं, लेकिन उन्हें पहली जीत का इंतजार है। ऐसे में इस दौरे पर उनकी कप्तानी भी परीक्षा के दौर से गुजरेगी। टी20 विश्व कप 2026 में सुपर-8 तक पहुंचने के बाद जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को एकमात्र टेस्ट और वनडे सीरीज में हराकर अपना आत्मविश्वास और मजबूत किया। हालांकि टी20 सीरीज में टीम सफल नहीं रही, लेकिन घरेलू परिस्थितियों में वह किसी भी टीम को चुनौती देने की क्षमता रखती है। सिकंदर रजा की कप्तानी वाली टीम 2024 में भारत को एक टी20 मैच में हरा चुकी है और इस बार भी घरेलू मैदान पर उलटफेर दोहराने की कोशिश करेगी।

## क्या वैभव-मयंक पर दांव लगाकर सही फैसला करेगा भारत?




भारतीय टीम में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर काफी उत्साह है। इंग्लैंड दौरा उनके लिए यादगार नहीं रहा, लेकिन हरारे का अपेक्षाकृत कम दबाव वाला माहौल उन्हें खुद को साबित करने का मौका दे सकता है। इसके अलावा मयंक यादव, प्रिंस यादव, अशोक शर्मा और यश ठाकुर जैसे युवा तेज गेंदबाजों पर भी सबकी नजरें रहेंगी। भारत भविष्य के लिए अपनी तेज गेंदबाजी बेंच स्ट्रेंथ मजबूत करने के उद्देश्य से इन खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर देना चाहेगा। उपकप्तान तिलक वर्मा के प्रदर्शन पर भी निगाहें रहेंगी। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टी20 में उन्होंने तेज अर्धशतक लगाया था, लेकिन इस साल स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ उनका प्रदर्शन चिंता का विषय रहा है। 100 से अधिक गेंद खेलने वाले भारतीय बल्लेबाजों में स्पिन के खिलाफ उनका औसत 21.6 और स्ट्राइक रेट 108.54 सबसे कम है। जिम्बाब्वे के बल्लेबाज वेस्ली मधेवेरे एक साल से अधिक समय बाद टी20 टीम में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में वनडे और टेस्ट क्रिकेट में उपयोगी प्रदर्शन किया है। चयनकर्ताओं का उन पर भरोसा कायम है और अब वह इसे सही साबित करना चाहेंगे। हरारे स्पोर्ट्स क्लब की पिच पर अच्छी गति और उछाल मिलने की उम्मीद है। सर्द मौसम तेज गेंदबाजों को अतिरिक्त मदद दे सकता है। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ यहां खेले गए मुकाबलों में 186 रन सर्वोच्च स्कोर रहा था, लेकिन इस बार बल्लेबाजों के लिए भी बेहतर परिस्थितियां रहने की संभावना है। मौसम साफ और धूप वाला रहने का अनुमान है।

दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

भारतः अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, हर्ष दुबे, प्रिंस यादव, मायंक यादव, यश ठाकुर/अशोक शर्मा।

जिम्बाब्वेः ब्रायन बेनेट, तादिवानाशे मरुमानी (विकेटकीपर), डियोन मायर्स/वेस्ली मधेवेरे, सिकंदर रजा (कप्तान), रियान बर्ल, ब्रैड इवांस, वेलिंगटन मसाकाद्जा, मिल्टन शुंबा, न्यूमैन न्यामहुरी, रिचर्ड नगरावा, ब्लेसिंग मुजरबानी।

## इस टीम में हार के डर के लिए कोई जगह नहीं है : श्रेयस अय्यर

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर चाहते हैं कि उनकी टीम के खिलाड़ी निडर होकर क्रिकेट खेलें और आलोचनाओं के दबाव में नहीं आएं। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड दौरे के निराशाजनक नतीजों ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैच की टी20 श्रृंखला से पहले टीम को और करीब ला दिया है। इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों के दौरे में भारतीय टीम एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी। हालांकि अय्यर ने कहा कि टीम ने अपनी कमजोरियों को पहचान लिया है और सुधार पर काम कर रही है। जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर अय्यर ने कहा, ''इंग्लैंड में हमारा समय मुश्किल भरा रहा, लेकिन उससे कई सकारात्मक चीजें भी सामने आईं। हमें पता चला कि आगे बढ़ने के लिए एक टीम के रूप में हमें क्या तैयार करना है, मैदान पर उतरने के बाद किस तरह की मानसिकता, जागरूकता और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की जरूरत है।'' इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला कप्तान के तौर पर अय्यर का पहला दौरा भी था। पहली बार जिम्बाब्वे दौरे पर आए अय्यर ने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती कम समय में परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की होगी। उन्होंने कहा, ''हममें से कुछ खिलाड़ी यहां पहली बार खेल रहे हैं इसलिए जितनी जल्दी हम परिस्थितियों को समझेंगे, उतने ही बेहतर परिणाम हासिल कर पाएंगे।'' अय्यर ने टीम के युवा खिलाड़ियों से कहा कि हालिया आलोचनाओं के बावजूद उन्हें असफलता के डर के बिना खेलना चाहिए। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि उन्हें असफलता से डरना चाहिए। जब आपके दिमाग में ऐसे विचार होते हैं तो आप खुद को बचाने के लिए खेलते हैं। जब डर नहीं होता, तब आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं।''

उन्होंने कहा, ''हमें इस बात के बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहिए कि बाहर लोग क्या कह रहे हैं। हमें वर्तमान पर ध्यान देना होगा। जितना अच्छा क्रिकेट हम खेलेंगे और एक इकाई के रूप में जितना बेहतर प्रदर्शन करेंगे, टीम के लिए उतना ही अच्छा होगा।'' कप्तान ने माना कि इंग्लैंड से सीधे जिम्बाब्वे पहुंचने और केवल एक अभ्यास सत्र के बाद मैच खेलने की स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण है।

## एक नज़र

### पीसीआई ने 2029 'वर्ल्ड एबिलिटीस्पोर्ट गेम्स' की मेजबानी के लिए सीपीएसएफआई से समझौता किया

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) और सीपीएसएफआई (सेरेब्रल पाल्सी स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने बुधवार को 2029 'वर्ल्ड एबिलिटीस्पोर्ट गेम्स' की मेजबानी के लिए भारत की बोली पेश करने के लिए एक समझौते पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। प्रस्तावित 'वर्ल्ड एबिलिटीस्पोर्ट गेम्स' में दुनिया भर के सदस्य देशों से 1,500 से अधिक खिलाड़ी, टीम अधिकारी, तकनीकी प्रतिनिधि और सहयोगी स्टाफ के भाग लेने की उम्मीद है। इन खेलों में पैरा एथलेटिक्स, पैरा तैराकी, पैरा बैडमिंटन, पैरा तलवारबाजी, सीपी फुटबॉल, पैरा टेबल टेनिस और पैरा व्हीलचेयर बास्केटबॉल जैसी प्रतियोगिताएं शामिल किए जाने की संभावना है। मेजबानी की दावेदारी के तहत चेन्नई और भुवनेश्वर को संभावित मेजबान शहरों के रूप में विचार किया जा रहा है। भारत की पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने कहा, ''पिछले एक दशक में भारत में पैरालंपिक आंदोलन ने उल्लेखनीय प्रगति की है। 2029 'वर्ल्ड एबिलिटीस्पोर्ट गेम्स' की मेजबानी इस यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी।''

### डूरंड कप का काउंटडाउन शुरू, कोलकाता पहुंचीं तीनों ट्रॉफियां

**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 135वें संस्करण का काउंटडाउन शुरू हो गया है। ट्रॉफी टूर के तहत बुधवार को टूर्नामेंट की तीनों प्रतिष्ठित ट्रॉफियां कोलकाता पहुंचीं। इसके साथ ही पांचों मेजबान राज्यों की यात्रा पूरी हो गई। कोलकाता में आयोजित स्वागत समारोह में पश्चिम बंगाल सरकार के युवा सेवा एवं खेल तथा उपभोक्ता मामलों के विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. इंद्रनील खान ने ट्रॉफियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्वी कमान के चीफ ऑफ स्टाफ एवं डूरंड कप आयोजन समिति के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल गंभीर सिंह, बंगाल सब एरिया के जीओसी एवं आयोजन समिति के उपाध्यक्ष मेजर जनरल दिनेश कुमार सिंह सहित सेना और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। डूरंड कप का 135वां संस्करण 25 जुलाई से शुरू होगा। उद्घाटन मुकाबला कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा, जहां पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान सुपर जायंट और ईस्ट बंगाल एफसी आमने-सामने होंगे। फुटबॉल प्रेमियों के बीच इस मुकाबले को लेकर अभी से उत्साह देखा जा रहा है। इस बार कोलकाता में ग्रुप-ए और ग्रुप-बी के मुकाबलों के अलावा एक क्वार्टर फाइनल, एक सेमीफाइनल और फाइनल सहित कुल 16 मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का फाइनल 23 अगस्त को आयोजित होगा। राज्य मंत्री डॉ. इंद्रनील खान ने कहा कि कोलकाता को इतने बड़े मुकाबलों की मेजबानी मिलना गर्व की बात है। उन्होंने फुटबॉल प्रशंसकों से पूरे टूर्नामेंट के दौरान स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों और टीमों का उत्साह बढ़ाने की अपील की।

### दूसरे यूथ टेस्ट में जीत के करीब पहुंची भारतीय टीम

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज लक्ष्य राजेश रायचंदानी के लगातार दूसरे शतक और गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत अंडर-19 टीम ने दूसरे यूथ टेस्ट में श्रीलंका अंडर-19 पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मेजबान टीम दूसरी पारी में चार विकेट पर 155 रन बना सकी है और उसे जीत के लिए अभी भी 317 रन की जरूरत है। पहले टेस्ट में दोहरा शतक जड़ने वाले लक्ष्य रायचंदानी ने एक बार फिर शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने दूसरी पारी में 116 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए। उनके इस शतक की बदौलत भारत ने तीन विकेट पर 208 रन बनाकर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। रायचंदानी का अच्छा साथ मनाल चौहान ने दिया। पहली पारी में शतक लगाने वाले मनाल ने दूसरी पारी में भी तेज बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों ने भारत को विशाल बढ़त दिलाने में अहम योगदान दिया। तीसरे दिन श्रीलंका ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 122 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने जल्द ही उसकी पूरी टीम को 148 रन पर समेट दिया। भारत ने पहली पारी में 411 रन बनाए थे, जिससे उसे बड़ी बढ़त हासिल हुई। भारत ने दूसरी पारी घोषित करने के बाद श्रीलंका के सामने 472 रन का कठिन लक्ष्य रखा। जवाब में श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और भारतीय गेंदबाज चिगुरिपति वेंकट ने शुरुआती विकेट झटककर शीर्ष क्रम को दबाव में ला दिया।

### अनुष्का के साथ वृंदावन पहुंचे कोहली

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। कोहली बुधवार को पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन पहुंचे जहां दोनों ने प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। कोहली इससे पहले आईपीएल 2026 खत्म होने के बाद भी प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। मालूम हो कि आरसीबी ने इस सीजन खिताब अपने नाम किया था। 29 जुलाई को गुरू पूर्णिमा है और इससे पहले ही कोहली ने अनुष्का संग प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए हैं। कोहली और अनुष्का को श्री हित राधा केली कुंज आश्रम में नंगे पैर घूमते हुए देखा गया और उनके इस दौरे के वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। ऑनलाइन वायरल हो रहे कई वीडियो में इन दोनों को कड़ी सुरक्षा के बीच आश्रम पहुंचते हुए देखा जा सकता है। अनुष्का और विराट दोनों ने ही फेस मास्क पहनकर अपनी पहचान छिपाने की कोशिश की। आश्रम से बाहर निकलते समय विराट और अनुष्का ने हाथ में प्रसाद लिया हुआ था और वे कीचड़ भरे रास्तों पर नंगे पैर चल रहे थे।

# चीन ओपन में सिंधू की विजयी शुरुआत आयुष शेट्टी ने किया बड़ा उलटफेर

**नई दिल्ली।** जापान ओपन का खिताब जीतने के बाद शानदार फॉर्म में चल रहीं भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू ने चीन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भी जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। बुधवार को खेले गए पहले दौर के मुकाबले में सिंधू ने हमवतन उन्नति हुड्डा को तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मैच में 21-14, 9-21, 21-10 से हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। दूसरी ओर, युवा भारतीय शटलर आयुष शेट्टी ने इंडोनेशिया के विश्व नंबर-11 और पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन अल्वी फरहान को हराकर दिन का सबसे बड़ा उलटफेर किया।




करीब 56 मिनट तक चले मुकाबले में सिंधू ने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया, लेकिन दूसरे गेम में उन्नति हुड्डा ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए सिंधू ने आक्रामक खेल दिखाया और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ उन्होंने पिछले वर्ष इसी टूर्नामेंट में उन्नति के हाथों मिली हार का बदला भी चुका लिया। दूसरे दौर में सिंधू का सामना चीन की चौथी वरीयता प्राप्त और पूर्व ओलंपिक चैंपियन चेन यूफेई से होगा। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह मुकाबला बेहद दिलचस्प माना जा रहा है, क्योंकि पिछले सप्ताह जापान ओपन में सिंधू ने चेन यूफेई को हराकर खिताब जीतने की राह आसान की थी। ऐसे में भारतीय स्टार पूरे आत्मविश्वास के साथ कोर्ट पर उतरेंगी। पुरुष एकल में भारत के युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया के विश्व नंबर-11 अल्वी फरहान को 21-17, 5-21, 21-17 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। आयुष ने पहला गेम अपने नाम किया, लेकिन दूसरे गेम में फरहान ने जोरदार वापसी की।

निर्णायक गेम में भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और महत्वपूर्ण अंक जीतते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में उन्हें इसी खिलाड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, युगल स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे की जोड़ी को शीर्ष वरीय यान झे फेंग और हुआंग डोंग पिंग ने सीधे गेमों में हराकर बाहर कर दिया। वहीं, ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी को भी चीन के शिन वा गुओ और फांग हुई चेन के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। पुरुष युगल में एम.आर. अर्जुन और हरिहरन अम्मसाकरुणन की जोड़ी चौथी वरीयता प्राप्त वेई केंग लियांग और चांग वांग से हारकर पहले दौर में ही बाहर हो गई। अब भारतीय बैडमिंटन प्रेमियों की निगाहें लक्ष्य सेन पर होंगी, जो अपने पहले दौर के मुकाबले में जापान के युशी तनाका के खिलाफ कोर्ट पर उतरेंगे। सिंधू और आयुष की जीत से भारतीय चुनौती को मजबूती मिली है और दोनों खिलाड़ियों से आगे भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

## राष्ट्रमंडल खेलों का आगाज आज से

# लॉन बॉल से भारत करेगा अभियान की शुरुआत, 124 खिलाड़ी मेडल की दौड़ में

**नई दिल्ली।** स्कॉटलैंड के ग्लासगो में गुरुवार (23 जुलाई) से राष्ट्रमंडल खेल 2026 का आगाज होने जा रहा है। 2 अगस्त तक चलने वाले इन खेलों में 74 देशों और क्षेत्रों के करीब 3,000 एथलीट 10 खेलों की 215 स्वर्ण पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। भारत 19वीं बार राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रहा है और इस बार 124 खिलाड़ियों का दल आठ नियमित और पांच पैरा खेलों में चुनौती पेश करेगा। भारतीय अभियान की शुरुआत लॉन बॉल से होगी। दोपहर 2 बजे (भारतीय समयानुसार) पुरुष एकल और महिला पेयर्स के ग्रुप मुकाबले खेले जाएंगे। पुरुष एकल में पुतुल सोनोवाल भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि महिला पेयर्स में रूपा रानी तिर्की और पिंकी सिंह की जोड़ी मैदान में उतरेगी।

भारतीय लॉन बॉल टीम से एक बार फिर पदक की उम्मीदें हैं। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारतीय महिला फोर्स टीम ने इतिहास रचते हुए दक्षिण अफ्रीका को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। लवली चौबे, पिंकी, नयनमोनी सैकिया और रूपा रानी तिर्की की उस जीत ने भारत को लॉन बॉल में पहला राष्ट्रमंडल स्वर्ण दिलाया था। वहीं, सुनील बहादुर, चंदन सिंह, नवनीत सिंह और दिनेश कुमार की पुरुष फोर्स टीम ने रजत पदक अपने नाम किया था। इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में एथलेटिक्स एवं पैरा एथलेटिक्स, तैराकी एवं पैरा तैराकी, आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक, ट्रैक साइकिलिंग एवं पैरा ट्रैक साइकिलिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन एवं पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, लॉन बॉल एवं पैरा लॉन बॉल तथा 3×3 बास्केटबॉल एवं व्हीलचेयर 3×3 बास्केटबॉल को शामिल किया गया है। उद्घाटन समारोह भारतीय समयानुसार रात 10.30 बजे ग्लासगो के प्रसिद्ध द हाइड्रो एरीना में आयोजित होगा। यह संस्करण आकार के लिहाज से पहले की तुलना में छोटा है, लेकिन प्रतियोगिता का स्तर पहले की तरह ही बेहद प्रतिस्पर्धी रहने की उम्मीद है। सप्तप्त पहले दिन भारत का कार्यक्रम (23 जुलाई)

दोपहर 2 बजे पुरुष एकल लॉन बॉल (ग्रुप चरण) - पुतुल सोनोवाल

दोपहर 2 बजे महिला पेयर्स लॉन बॉल (ग्रुप चरण) - रूपा रानी तिर्की और पिंकी सिंह

रात 10.30 बजे उद्घाटन समारोह।

## चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स का खिताब अलीरेजा फिरोजा के नाम

**नई दिल्ली।** फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। बुधवार को खेले गए सातवें और अंतिम दौर में उन्होंने भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेलकर 4.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट में पहला स्थान हासिल किया। खिताब जीतने के साथ उन्हें 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि भी मिली। अंतिम दौर से पहले फिरोजा आधे अंक की बढ़त के साथ शीर्ष पर थे और उन्हें चैंपियन बनने के लिए केवल ड्रॉ की जरूरत थी। उन्होंने अर्जुन के खिलाफ 41 चालों में मुकाबला बराबरी पर समाप्त कर खिताब पक्का कर लिया। दूसरी ओर, खिताब की दौड़ में शामिल उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को रूस के दिमित्री आंद्रेइकिन ने 37 चालों में हराकर उनकी उम्मीदों पर विराम लगा दिया। आंद्रेइकिन ने जीत के साथ 4 अंक जुटाए और अर्जुन एरिगैसी के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। वहीं नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, निहाल सरीन और एम. प्रणेश 3.5-3.5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर रहे। विश्व चैंपियन डी. गुकेश के लिए टूर्नामेंट निराशाजनक रहा। उन्होंने सात में से तीन मुकाबले गंवाए और अंतिम दौर में हैंस नीमन से ड्रॉ खेलने के बाद केवल 2 अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे रहे।

# रहमत शाह अफगानिस्तान के नए एकदिवसीय और टेस्ट कप्तान नियुक्त

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने बुधवार को मध्य क्रम के बल्लेबाज रहमत शाह को राष्ट्रीय टीम का नया टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान नियुक्त किया। यह फैसला हशमतुल्लाह शाहिदी के इस्तीफे के बाद किया गया। रहमत 2021 से टेस्ट और एकदिवसीय दोनों प्रारूप में लगातार अफगानिस्तान के उप कप्तान की भूमिका निभा रहे हैं। एसीबी ने एक बयान में कहा, ''एसीबी को भरोसा है कि उनका अनुभव, नेतृत्व क्षमता और टीम की समझ अफगानिस्तान को और बड़ी सफलता हासिल करने में मदद करेगी।'' रहमानुल्लाह गुरबाज दोनों प्रारूप में उप कप्तान की भूमिका निभाएंगे। ये दोनों आयरलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान की आगामी श्रृंखला के दौरान अपनी नई जिम्मेदारियां संभालेंगे।

शाहिदी को मई 2021 में कप्तान नियुक्त किया गया था और उन्होंने जनवरी 2022 में नीदरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में जीत के साथ अपना कार्यकाल शुरू किया था। कप्तान के तौर पर शाहिदी के सफल कार्यकाल के दौरान अफगानिस्तान ने कई बड़ी जीत और उपलब्धियां हासिल कीं तथा अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी उल्लेखनीय प्रगति की। शाहिदी की कप्तानी में अफगानिस्तान ने 55 एकदिवसीय मैच में 27 जीत हासिल कीं। उनकी कप्तानी में अफगानिस्तान ने 2023 विश्व कप में चार यादगार जीत हासिल की। अफगानिस्तान ने इस दौरान इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और नीदरलैंड को हराया और टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रहा। विश्व कप 2023 में शानदार प्रदर्शन ने अफगानिस्तन को चैंपियंस ट्रॉफी में जगह दिलाई। टीम ने टूर्नामेंट में पदार्पण करते हुए इंग्लैंड पर बड़ी जीत दर्ज की और अफगानिस्तान कुल मिलाकर पांचवें स्थान पर रहा। शाहिदी की अगुआई में अफगानिस्तान ने आईसीसी पुरुष एकदिवसीय टीम रैंकिंग में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ सातवां स्थान भी हासिल किया जो देश के क्रिकेट इतिहास में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। शाहिदी के नेतृत्व में अफगानिस्तान ने 2024 और 2025 के बीच आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, जिम्बाब्वे और बांग्लादेश के खिलाफ लगातार पांच एकदिवसीय श्रृंखला जीतीं।

## वॉर्नर ने शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप स्वीकार किया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने बुधवार को शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप कबूल कर लिया। अप्रैल में हुई इस घटना के लिए उन्हें नौ महीने तक की जेल हो सकती है। वॉर्नर ने अपने वकील बॉबी हिल के जरिए शराब पीकर गाड़ी चलाने की बात स्वीकारी और उन्हें खुद अदालत में पेश होने की जरूरत नहीं पड़ी। 'बीबीसी' की रिपोर्ट के मुताबिक, ''सजा सुनाने के लिए 18 अगस्त की तारीख तय की गई है। उस दिन वॉर्नर को कम से कम छह महीने के लिए गाड़ी चलाने से रोका जा सकता है। इसके अलावा 2,200 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लग सकता है और नौ महीने तक की जेल भी हो सकती है।'' अप्रैल में 'ईस्टर संडे' के दिन सिडनी में पुलिस ने सड़क किनारे जांच के लिए उन्हें रोका था और इसमें उनके शरीर में अल्कोहल पाया गया था। हिल ने पहले कहा था, ''उन्हें पता है कि उन्होंने जो किया वह गलत था।''

# रोहित ने लगाई लंबी छलांग, नंबर-1 की दौड़ हुई रोमांचक

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड दौरे पर लॉर्ड्स में खेली गई शानदार 138 रन की पारी का इनाम भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आईसीसी वनडे बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में मिला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा जारी साप्ताहिक रैंकिंग में रोहित 14 रेटिंग अंक की बढ़त के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं और अब वह शीर्ष स्थान की दौड़ में मजबूती से शामिल हो गए हैं। फिलहाल न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 802 रेटिंग अंकों के साथ नंबर-1 बल्लेबाज बने हुए हैं। भारत के शुभमन गिल 801 अंकों के साथ महज एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं, जबकि विराट कोहली 767 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर कायम हैं। रोहित शर्मा 758 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे में 110 गेंदों पर 138 रन की विस्फोटक पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने 17 चौके और पांच छक्के लगाए। खास बात यह रही कि वह लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर वनडे शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने। भारत को 388 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करना था। हालांकि रोहित की शानदार पारी के बावजूद टीम इंडिया 27 रन से मुकाबला हार गई और तीन मैचों की सीरीज 1-2 से गंवा बैठी। सीरीज के निर्णायक मुकाबले से पहले रोहित शर्मा के वनडे भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन उन्होंने अपने बल्ले से सभी सवालों का जवाब दिया। मैच के बाद रोहित ने कहा, 'जब से मैंने डेब्यू किया है, तब से मेरे बारे में बातें होती रही हैं और जब तक मैं खेलूंगा, होती रहेंगी। मेरे लिए सबसे अहम बात मैदान पर प्रदर्शन करना और टीम की सफलता में योगदान देना है। अगर शोर नहीं होगा तो मजा भी नहीं आएगा।'




| | खिलाड़ी | देश | रेटिंग अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | डेरिल मिचेल | न्यूजीलैंड | 802 |
| 2 | शुभमन गिल | भारत | 801 |
| 3 | विराट कोहली | भारत | 767 |
| 4 | रोहित शर्मा | भारत | 758 |
| 5 | इब्राहिम जादरान | अफगानिस्तान | 712 |
| 6 | बाबर आजम | पाकिस्तान | 689 |
| 7 | हैरी टेक्टर | आयरलैंड | 679 |
| 8 | जो रूट | इंग्लैंड | 674 |
| 9 | शाई होप | वेस्टइंडीज | 672 |
| 10 | चरिथ असलंका | श्रीलंका | 659 |

नोट: रैंकिंग 19 जुलाई 2026 तक की | स्रोत: ICC ऑफिशियल वेबसाइट

भारत-इंग्लैंड वनडे सीरीज के बाद इंग्लैंड के कई खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। जो रूट 249 रन बनाने के बाद चार स्थान की छलांग लगाकर आठवें नंबर पर पहुंच गए। बेन डकेट 11 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर पहुंच गए। जैकब बेथेल पांच स्थान की बढ़त के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे ऊपर अफगानिस्तान के राशिद खान पहले और पाकिस्तान के अबरार अहमद दूसरे स्थान पर हैं। ताजा आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में भारत के तीन बल्लेबाज शुभमन गिल, विराट कोहली और रोहित शर्मा टॉप-4 में शामिल हैं। इससे साफ है कि भारतीय बल्लेबाजी इस समय विश्व क्रिकेट में सबसे मजबूत इकाइयों में से एक बनी हुई है। खास तौर पर गिल और रोहित की हालिया फॉर्म ने नंबर-1 रैंकिंग की जंग को बेहद रोमांचक बना दिया है।

# सपा ने प्रदर्शन कर शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का मांगा इस्तीफा

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लेकर उनके साथ अभद्रता करना लोकतांत्रिक मूल्यो पर गंभीर प्रश्न खड़े करते है। यह आरोप समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने धरना प्रदर्शन के दौरान कही। प्रदर्शन को देखते हुए सपा कार्यालय लोहियाट्रस्ट के अलावा पूरा कचहरी क्षेत्र पुलिस प्रशासन ने घेर रखा था। कटरा कोतवाली पुलिस ने सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी को उनके घर से बुलाकर कार्यालय पहुंचाया। कार्यकर्ता प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष को बुलाने की मॉग कर रहे थे। पुलिस छावनी में तब्दील रहा कार्यालय। प्रदर्शन कर समाजवादी पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोंधित मांग पत्र जिलाधिकारी को संबोधित नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार को सौपा गया। पत्रक में मॉग की गई कि पेपर लीक परीक्षा के दोषी शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को बर्खास्त किया जाय। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को समुचित चिकित्सा व्यवस्था करते हुए तत्काल रिहाई की जाय। जंतर-मंतर पर छात्रो के ऊपर लाठी चार्ज घटना की न्यायायिक जॉच कराई जाय। आत्महत्या करने वाले छात्र-छात्राओ

### जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करना प्रत्येक नागरिक और जनप्रतिनिधि का लोकतांत्रिक अधिकार : देवी प्रसाद चौधरी

### पुलिस छावनी में तब्दील रहा सपा कार्यालय

के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाय। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पुलिस से डरने वाले नही है। लोकतंत्र में जनता की आवाज उठाना, शांतिपूर्वक विरोध करना और जनहित के मुद्दो पर संघर्ष करना प्रत्येक नागरिक और जनप्रतिनिधि का लोकतांत्रिक अधिकार है। समाजवादी पार्टी हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यो, संविधान और जनता के अधिकारो की रक्षा के लिए प्रतिबद्व रही है। हमें



विश्वास है कि लोकतंत्र की शक्ति किसी भी दमनकारी प्रयास से अधिक मजबूत है। पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल ने कहा कि लोकतंत्र की आवाज को दबाया नही जा सकता है। उन्होने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता किसी प्रकार के दमन से डरने वाले नही है।

पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि पुलिस लाठी चार्ज करे या जेल भेजे कार्यकर्ता डरने वाले नही है। कहा कि सरकार के दिन लद गये है आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता इन्हे सबक सिखाने का काम करेगी। धरना प्रदर्शन में रोहित शुक्ला, दामोदर प्रसाद मौर्या, आदर्श यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारती, संतोष गौतम, अनीस खान, जैन कुशवाहा, सत्यप्रकाश यादव, इन्दु कुमारी, अशोक यादव, अमरेश सोनकर, रवि यादव, अभय यादव, जुम्मन खान, डा0 शक्ति श्रीवास्तव, रंजीत फौजी, राजकुमार यादव, आकाश यादव, जाहिद अख्तर, सैफअंसारी, सुरेश पटेल, कन्हैया याद, शिवपूजन यादव, कान्धा यादव, आकांक्षा यादव, दिव्या गुप्ता, राममिलन यादव, अजय सोनकर, चिन्तामणि यादव, बलराम यादव, रमाशंकर कोल, राकेश यादव, अंकुर यादव, मेवालाल प्रजापति, रामराज यादव, दीनानाथ प्रजापति, उपेन्द्र तिवारी, रामजी यादव, जमाल अहमद, गोलू बिन्द, धीरेन्द्र सिंह, अनुराग तिवारी, वीरेन्द्र यादव, धनंजय सिंह, पिन्टू यादव, विजय यादव, विनोद पासी, गणेश केसरी, पियुष यादव आदि सैकड़ो लोग शामिल थे। पुलिस ने पार्टी के कई नेताओ व पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट भी किया था।

# विद्यालय का ताला तोड़कर 1.5 कुंतल राशन चोरी, साउंड सिस्टम तोड़कर किया तहस-नहस

**स्वतंत्र भारत बढ़नी/ सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। अब चोरों ने ग्राम पंचायत धनौरा बुजुर्ग स्थित प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाते हुए विद्यालय का ताला तोड़कर मिड-डे मील के लिए रखा करीब डेढ़ कुंतल राशन चोरी कर लिया। इतना ही नहीं, बच्चों की पढ़ाई में उपयोग होने वाले साउंड सिस्टम के स्पीकरों को भी चोरों ने तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया।


बताया जा रहा है कि चोर रात के अंधेरे में विद्यालय का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और रसोई में रखा मिड-डे मील का राशन उठा ले गए। इसके बाद विद्यालय में लगे साउंड सिस्टम के स्पीकरों को तोड़कर नुकसान पहुंचाया। सुबह शिक्षक जब विद्यालय पहुंचे तो ताला टूटा देखकर उनके होश उड़ गए। अंदर जांच करने पर राशन गायब मिला और साउंड सिस्टम के स्पीकर क्षतिग्रस्त हालत में पड़े थे।



घटना की सूचना तत्काल डायल 112 और बढ़नी चौकी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। विद्यालय प्राधनाध्यपक रामप्रीत यादव की ओर से मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। उक्त सम्बन्ध मे ढेबरुआ थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद ने बताया की मामले की जानकारी नही है तहरीर मिलने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

# नेपाल के सुप्रीम कोर्ट से सांसद अभिषेक प्रताप शाह को बड़ी राहत, गिरफ्तारी वारंट पर फिलहाल लगी रोक

**स्वतंत्र भारत बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नेपाली कांग्रेस के प्रतिनिधि सभा सदस्य अभिषेकप्रताप शाह को सर्वोच्च अदालत से बड़ी अंतरिम राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ कपिलवस्तु जिला अदालत द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। बुधवार को न्यायाधीश अब्दुल अजीज मुसलमान की एकल पीठ ने गृह मंत्रालय, कपिलवस्तु जिला अदालत और जिला प्रहरी कार्यालय को अल्पकालीन अंतरिम आदेश जारी करते हुए वारंट पर तत्काल कार्रवाई न करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित पक्षों से लिखित जवाब तलब कर अगली सुनवाई में



उपस्थित होने को कहा है।

दरअसल, सांसद अभिषेकप्रताप शाह ने मंगलवार को सर्वोच्च अदालत में रिट याचिका दायर कर गिरफ्तारी वारंट को अवैध बताते हुए उसे निरस्त करने की मांग की थी। प्रारंभिक सुनवाई के बाद अदालत ने वारंट को फिलहाल यथास्थिति में रखने का आदेश दिया। यह मामला कृष्णनगर उद्योग वाणिज्य संघ के अध्यक्ष सीताराम शर्मा के साथ कथित मारपीट की घटना से जुड़ा है। इसी मामले की जांच के लिए कपिलवस्तु जिला अदालत ने पुलिस को सांसद शाह की गिरफ्तारी की अनुमति दी थी। शाह का कहना है कि उनके खिलाफ जारी वारंट कानून के अनुरूप नहीं है। अब सभी की निगाहें सर्वोच्च अदालत की अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जहां सरकारी पक्ष के जवाब और दोनों पक्षों की दलीलों के आधार पर यह तय होगा कि गिरफ्तारी वारंट बरकरार रहेगा या उसे निरस्त किया जाएगा। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश से सांसद अभिषेकप्रताप शाह को बड़ी कानूनी राहत मिल गई है।

# बीडीओ ने सचिवों, तकनीकी सहायकों व रोजगार सेवकों के साथ की समीक्षा बैठक



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में बुधवार को खंड विकास अधिकारी विमल प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में सचिवों, तकनीकी सहायकों व रोजगार सेवकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा, पंचायत भवन, आवास योजना व अन्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बीडीओ विमल प्रकाश पाण्डेय ने सभी ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्यों को समय से पूरा कराएं और श्रमिकों का समय से भुगतान सुनिश्चित करें।

### विकास कार्यो में तेजी लाने के दिए निर्देश

जॉब कार्ड सत्यापन, आधार सीडिंग व एनएमएस में हाजिरी जैसे कार्यों में लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी।बीडीओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, पेंशन आदि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक शत-प्रतिशत पहुंचे।

तकनीकी सहायकों को निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। रोजगार सेवकों को गांवों में अधिक से अधिक श्रमिकों को रोजगार से जोड़ने को कहा गया। बैठक में पंचायतों में कार्यों की धीमी प्रगति पर बीडीओ ने नाराजगी जताई और संबंधित सचिवों व तकनीकी सहायकों को चेतावनी देते हुए 15 दिन में प्रगति सुधारने के निर्देश दिए।इस अवसर पर एडीओ आईएसबी हरिओम बिंद, सीएम फेलो गौरव सिंह, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार, आलोक भारती, मनोज गौड़,सहित सभी ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# काम से लौट रहे पल्लेदार को बाइक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** दिनभर मजदूरी कर घर लौट रहे एक पल्लेदार को चरखी मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से घायल पल्लेदार की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार खुर्द गांव निवासी राजबली विश्वकर्मा (38) पुत्र नंदलाल विश्वकर्मा मंगलवार शाम करीब 7 बजे पल्लेदारी का काम खत्म कर पैदल घर लौट रहे थे। जैसे ही वह चरखी मोड़ पर पहुंचे, दुबार की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राजबली सड़क पर गिर पड़े और सिर में गंभीर चोट आई। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने मंडलीय अस्पताल मीरजापुर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान देर रात राजबली ने दम तोड़ दिया।मृतक राजबली विश्वकर्मा पांच भाइयों में चौथे नंबर पर थे। उनके परिवार में 19 वर्षीय पुत्री पुष्पा देवी और 17 वर्षीय पुत्र विकास विश्वकर्मा हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। चौकी इंचार्ज कुंवर मनोज सिंह ने बताया कि मंगलवार रात बाइक सवार ने पैदल राहगीर को टक्कर मार दी थी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। तहरीर मिल गई है, विधिक कार्रवाई की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को वितरित की गई पुस्तकें

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** महुगढ़ गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बुधवार को छात्राओं को

### महुगढ़ में शैक्षिक सामग्री पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा छात्राओं को कॉपी-किताबें देकर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन व अतिथियों भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य ताराचंद्र अग्रहरी, शशिकांत पटेल, विजेंद्र पाण्डेय, काशी प्रसाद मिश्रा ने छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की। एक-एक कर छात्राओं को दिया गया। सामग्री पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस दौरान



अतिथि भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य ताराचंद्र अग्रहरी ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य पर फोकस करने की प्रेरणा दी। कहा कि शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा हथियार है, जिससे हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व अन्य स्टाफमौजूद रहे। छात्राएं जमीन पर बैठकर अनुशासन के साथ कार्यक्रम में शामिल हुईं। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों का आभार जताया।

# मध्य प्रदेश के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरिया गांव मे मंगलवार की रात्रि में मध्य प्रदेश के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी युवक की मौत की सूचना पर ग्रामीणों ने युवक के परिजनों को सूचना दिया मौके पर पहुँचे युवक के परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के लोढ़ी बन्दोगवा गांव निवासी 25 वर्षीय रामकृष्ण कोल उर्फ गोगे मानसिक रूप से विक्षिप्त है और घूम घूम कर काम करता था की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुँचे मृतक के पिता भुअर कोल ने पुलिस को सूचना दिया जिस पर पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृत युवक की रिश्तेदारी थोथा गांव में शंभू कोल के यंहा है मृत युवक नशे का आदी था अविवाहित था इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मध्य प्रदेश के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है मृतक के पिता की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा

# भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में केंद्र व प्रदेश सरकार की नितियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बूथ स्तरीय अध्यक्षों का सम्मेलन बुधवार को लालगंज के एक मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रुबी प्रसाद ने बूथ अध्यक्षों को संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर जनाधार मजबूत करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बूथ अध्यक्षों पर है। रुबी प्रसाद ने जोर दिया कि एक मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की आधारशिला होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। रुबी प्रसाद सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने अनेक विकास कार्य किए हैं, जो लंबे समय से अधूरे थे। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है, जिससे देश और प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। छानबे विधायक रिंकी कोल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं से आम जनता लाभान्वित हो रही है और सरकार के कार्यों के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

# आकाशीय बिजली गिरने से तीन ट्रांसफार्मर जला

**स्वतंत्र भारत अहरौरा (मिर्जापुर)।** विद्युत सब स्टेशन अहरौरा से संबंधित विभिन्न स्थानों पर मंगलवार आधी रात को आकाशीय गिरने से तीन ट्रांसफार्मर जल गए जिसके कारण सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। अहरौरा विद्युत सब स्टेशन के जे ई पंचधारी सिंह ने बताया की अहरौरा

### सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित

फीडर पर स्थित दुर्गा जी मंदिर के पास 10 के वी , पटटी कला25 के वी ,व जीयो टावर पटटी कला पर 25 के वी का ट्रांसफार्मर आकाशीय बिजली के चपेट में आने से जल गया । जिससे नगर क्षेत्रो की विद्युत सप्लाई ठप हो गया है। अवर अभियंता पंचधारी सिंह ने बताया की ट्रांसफार्मर जलने की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलवाया जाएगा।

# स्ट्रॉबेरी की खेती कर किसान हो रहे मालामाल, सरकार दे रही भारी अनुदान, प्रति हेक्टेयर 90 हजार रुपए अनुदान दे रही सरकार



**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार पारंपरिक खेती के साथ-साथ बागवानी को भी लगातार बढ़ावा दे रही है। सरकार की विभिन्न योजनाओं और अनुदान का लाभ उठाकर जनपद मीरजापुर के किसान अब स्ट्रॉबेरी की खेती की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। राजगढ़ क्षेत्र में भी कई किसान 5 वर्ष से ज्यादा हो साल से स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे हैं जिसमें मुख्य रूप से अध्यापक राधेश्याम सिंह देवशरण सिंह स्ट्रॉबेरी की खेती कम लागत ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं कम लागत में ज्यादा पैसों के मुनाफा मिलता है।कम समय में अधिक मुनाफा देने वाली इस फसल ने किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम ने बताया कि जनपद मीरजापुर में वर्तमान समय में 190 किसान 100 एकड़ से अधिक भूमि पर स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे हैं। वर्ष 2026-27 में स्ट्रॉबेरी की खेती का रकबा बढ़ाकर 150 एकड़ करने का लक्ष्य है। बताया कि किसानों को इस फसल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रति हेक्टेयर 90 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। इससे किसानों पर शुरुआती लागत का बोझ कम हो रहा है और अधिक से अधिक किसान बागवानी फसलों की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्ट्रॉबेरी की खेती करने करने वाले किसान एक फसल में प्रति एकड़ 12 से 14 लाख की आय अर्जित कर रहे हैं।

लगातार बढ़ रहा स्ट्रॉबेरी का रकबा उन्होंने बताया कि स्ट्रॉबेरी एक नकदी फसल है, जिसकी बाजार में पूरे वर्ष अच्छी मांग बनी रहती है। मीरजापुर की जलवायु और मिट्टी इस फसल के लिए अनुकूल साबित हो रही है।

यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में स्ट्रॉबेरी की खेती का रकबा लगातार बढ़ा है। किसान पारंपरिक फसलों की तुलना में स्ट्रॉबेरी से कई गुना अधिक लाभ अर्जित कर रहे हैं। उद्यान अधिकारी ने बताया कि विभाग की ओर से किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, गुणवत्तायुक्त पौधों की उपलब्धता तथा आधुनिक खेती की जानकारी भी दी जा रही है।

विभाग समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत करा रहा है।

इससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि हो रही है।बाजार में है स्ट्रॉबेरी की भारी मांग स्ट्रॉबेरी की खेती से न केवल किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं। फसल की तुड़ाई, पैकिंग और विपणन कार्यों में स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। इसके अलावा मीरजापुर की स्ट्रॉबेरी अब आसपास के जिलों के साथ-साथ बड़े शहरों के बाजारों तक पहुंच रही है। योगी सरकार की बागवानी प्रोत्साहन नीति और उद्यान विभाग के प्रयासों का ही परिणाम है कि मीरजापुर के किसान आधुनिक और लाभकारी खेती को अपनाकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। स्ट्रॉबेरी की खेती किसानों के लिए आय का नया स्रोत बनकर उभरी है और आने वाले समय में इसके विस्तार की व्यापक संभावनाएं दिखाई दे रही हैं।

# पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय शातिर वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश

**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र में आधा दर्जन बाइक चोरी की घटना का हुआ पर्दाफाश।अपर्णा रजत कौशिक पुलिस

### 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की 07 मोटर साइकिल बरामद

अधीक्षक मीरजापुर के निर्देश में वाहनों की चोरी एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारीध्बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं । पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना राजगढ़ पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । 22 जुलाई वर्ष 2026 को थाना राजगढ़ पुलिस टीम को जरिए मुखबिर सूचना के आधार पर शक्तेशगढ़ रोड़ पर स्थिति निर्माणाधीन चिड़ियाघर के बाउण्ड्री के अन्दर से 04 नफर अभियुक्तों 1. अशोक कुमार पुत्र पप्पू भारती निवासी हिन्दुआरी थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र, 2. रवि कुमार पुत्र जमुनाराम निवासी सिरिहिरा थाना चांद जनपद कैमूर भभूआ बिहार, 3. रविन्दर राम पुत्र सागर निवासी ग्राम अलिपुर थाना चांद जनपद कैमूर भभूआ बिहार व 4. रामकेश उर्फ नसुड़ी पुत्र रामदुलार निवासी निकरिका चूडिहवा बस्ती थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 07 अदद चोरी की मोटर साइकिल बरामद की गयी । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0-115ध्2026 धारा 35,303(2),317(2),317 (4) बीएनएस पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय जेल भेजा गया है।गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया कि हम लोगों का एक संगठित गैंग है जोकि भिन्न-भिन्न स्थानों से मौका देखकर मोटरसाइकिलों की चोरी करते है तथा नम्बर प्लेट हटाकर उसे छिपाकर रखते है ताकि किसी को संदेह न हो । मोटर साइकिलों को बेच कर जो धन प्राप्त होता है उसे आपस में बाट लेते है तथा उसी पैसे से अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते है । 1. अशोक कुमार पुत्र पप्पू भारती निवासी हिन्दुआरी थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र,30 वर्ष, रवि कुमार पुत्र जमुनाराम निवासी सिरिहिरा थाना चांद जनपद कैमूर भभूआ बिहार, 25 वर्ष, रविन्दर राम पुत्र सागर निवासी ग्राम अलिपुर थाना चांद जनपद कैमूर भभूआ बिहार, 40 वर्ष ।4. रामकेश उर्फ नसुड़ी पुत्र रामदुलार निवासी निकरिका चूडिहवा बस्ती थाना राजगढ़ मीरजापुर40 वर्ष ।



# चुनार सिद्धनाथ दरी वॉटरफॉल में शाम 5 बजे के बाद पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** क्षेत्राधिकारी चुनार, मीरजापुर की आख्या दिनांक 21.07.2026 के आधार पर यह आदेश जारी किया गया है। आख्या में बताया गया कि सिद्धनाथ दरी पर्यटन के दृष्टिकोण से प्रसिद्ध है, जहां बड़ी संख्या में लोग स्नान और पिकनिक मनाने आते हैं। वर्तमान में वॉटर फॉल पर काफी रात्रि तक पर्यटक लापरवाहीपूर्वक स्नानध्पिकनिक मनाते हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। शासन की मंशा के अनुरूप जन सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सायं 17रू00 बजे के उपरान्त सिद्धनाथ दरीध्वॉटर फॉल क्षेत्र में पर्यटकों का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि आदेश का पालन करें और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# अमेरिका ने ईरान के 5 शहरों पर बम बरसाए




**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार तड़के ईरान के पांच शहरों में एक साथ एयर और मिसाइल स्ट्राइक की। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक

- लगातार 11वीं रात हमला
- जंग में 3.6 लाख करोड़ खर्च कर चुका


चाबहार, कोनारक, तबरीज, बेहबहान और ओमीदियेह को निशाना बनाया गया। सीजफायर टूटने के बाद यह लगातार 11वीं रात है, जब अमेरिका ने ईरान पर हमला किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ईरान के संदिग्ध परमाणु ठिकाने पिकएक्स माउंटेन पर 'बहुत जल्द और बहुत भारी' हमला कर सकता है। ट्रम्प की इस चेतावनी के जवाब में ईरान ने कहा कि यदि हमले जारी रहे तो वह क्षेत्र में युद्ध का दायरा और बढ़ा सकता है। इस बीच अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बताया है कि अब तक इस युद्ध पर अमेरिका का खर्च 37.5 अरब डॉलर (करीब 3.6 लाख करोड़ रुपए) तक पहुंच गया है। ईरान ने मेहदी खांकी नाम के एक व्यक्ति को फांसी दे दी है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी फार्स के मुताबिक, उस पर एक प्रतिबंधित संगठन से जुड़े होने और अमेरिका और इजराइल के लिए काम करने का आरोप था। रिपोर्ट के मुताबिक, मेहदी खांकी को करज शहर से गिरफ्तार किया गया था। ईरानी सुरक्षा एजेंसियों का दावा है कि उसके घर की तलाशी में पिस्तौल, गोलियां, विस्फोटकों के रिमोट, देसी ग्रेनेड, रॉकेट लॉन्चर जैसे कंधे से दागे जाने वाले विस्फोटक ट्यूब और हाई-एक्सप्लोसिव बम मिले थे। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने उसे दोषी ठहराया और फांसी की सजा सुनाई, जिस पर अब अमल कर दिया गया है।

## ट्रंप प्रशासन ने न्यूयॉर्क टाइम्स के पत्रकारों और उनके रिश्तेदारों के फोन रिकॉर्ड मांगे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने न्यूयॉर्क टाइम्स के कई पत्रकारों और उनके कुछ रिश्तेदारों के फोन रिकॉर्ड मांगे हैं। सोमवार को सार्वजनिक किए गए एक दस्तावेज से यह जानकारी सामने आई है। यह कदम ट्रंप के कतर से मिले एयरफोर्स वन विमान से जुड़ी खबर लिखने वाले पत्रकारों के गोपनीय सूत्रों की पहचान पता करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। इसे पत्रकारों के स्रोतों का पता लगाने के लिए किया गया असामान्य रूप से आक्रामक प्रयास बताया जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन की ओर से पत्रकारों के सूत्रों की पहचान उजागर कराने की कोशिश ऐसे समय में हुई है, जब सरकार और मीडिया के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया कि सप्ताहांत में दाखिल एक पत्र के जरिए की गई मांग पहले सामने आई जानकारी से कहीं ज्यादा व्यापक थी। इसमें उन खबरों से जुड़े समय से भी अधिक अवधि के रिकॉर्ड मांगे गए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स के वकीलों ने पत्र में लिखा, दो समन में 1 जनवरी 2026 से शुरू होने वाले रिकॉर्ड मांगे गए हैं, जबकि यह अवधि उन घटनाओं से काफी पहले की है, जिन्हें न्याय विभाग अपनी जांच का आधार बता रहा है।

# ईरान से जंग, लेबनान की मदद करेगा अमेरिका

## ट्रंप हिजबुल्ला के खात्मे की रणनीति पर क्या बोले?



**वाशिंगटन।** ईरान से जारी जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि लेबनान से हिजबुल्ला को हटाने के लिए अमेरिका के पास ठोस योजनाएं हैं। ओवल ऑफिस में लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ बैठक के दौरान ट्रंप ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि लेबनान के साथ लंबे समय से बुरा व्यवहार हुआ है। अब इस देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरा सम्मान और स्थिरता मिलेगी। ट्रंप ने साफ कहा कि वे और राष्ट्रपति जोसेफ औन हिजबुल्ला को बाहर करने की रणनीति पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास इसके लिए बहुत ठोस योजनाएं तैयार हैं। इसमें दूसरे देश भी मदद कर रहे हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर लेबनानी राष्ट्रपति कहेंगे, तो वे हिजबुल्ला से सीधे बात करने को भी तैयार हैं। ट्रंप ने कहा, मैं हर किसी से बात कर सकता हूं। ट्रंप ने दक्षिणी लेबनान के जमीनी हालात पर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने बताया कि इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) अपने सैनिकों को दूसरे इलाकों में भेज रहे हैं। त्रिपक्षीय ढांचे के तहत इजराइल पायलट जोन से हट रहा है। यह वापसी फ्रौन, सरीफा और ज़ौतर अल-गर्बिया गांवों में शुरू हो चुकी है। ट्रंप ने इस समझौते की तारीफ की और इसे लेबनान के लिए एक बड़ी कामयाबी बताया। ट्रंप ने लेबनान को लेकर एक और ऐतिहासिक ऐलान करते हुए कहा है कि वह अमेरिकी विमानन कंपनियों को 40 साल से भी अधिक समय बाद लेबनान के लिए सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने की इजाजत देंगे। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, 1980 के दशक में सुरक्षा कारणों और विमान अपहरण की घटनाओं के बाद अमेरिका ने बेरुत के लिए सीधी उड़ानों पर पूरी तरह से बैन लगा दिया था। अब ट्रंप के इस बड़े फैसले से न सिर्फ दोनों देशों के बीच यात्रा का समय और खर्च कम होगा, बल्कि दशकों बाद अमेरिका और लेबनान के बीच व्यापारिक, कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों को भी एक नया नया मोड़ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# ट्रंप ने सऊदी के साथ परमाणु समझौते को दी मंजूरी

## यूरेनियम संवर्धन की मिल सकती है अनुमति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सऊदी अरब के साथ एक परमाणु समझौते को मंजूरी दे दी है। इस समझौते से सऊदी अरब को अपने नागरिक परमाणु कार्यक्रम के लिए यूरेनियम संवर्धन की क्षमता मिल सकती है। मीडिया रिपोर्टों में यह दावा किया जा रहा है। मामले की जानकारी रखने वाले दो लोगों ने बताया कि इस फैसले की आधिकारिक घोषणा बुधवार को हो सकती है। यह समझौता 30 साल तक चलेगा और कार्यक्रम को विकसित करने में अमेरिकी कंपनियां भी शामिल होंगी। अमेरिका और सऊदी अरब के एक संयुक्त अध्ययन के बाद इस समझौते के तहत सऊदी अरब में यूरेनियम संवर्धन सुविधा बनाने की अनुमति मिल सकती है। वाल स्ट्रीट जर्नल ने सबसे पहले इस फैसले की जानकारी दी थी। हालांकि, व्हाइट हाउस ने इस पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस सबके बीच, वाशिंगटन से जारी बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सख्त चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि ईरान एक नया परमाणु ठिकाना बनाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ऐसा करता है, तो अमेरिका उस ठिकाने पर हमला करेगा। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने अमेरिका के खिलाफ युद्ध में अन्य देशों की भूमिका पर बयान दिया है। हेगसेथ ने कहा कि रूस और चीन अमेरिका के खिलाफ युद्ध में ईरान की मदद कर रहे हैं। इस तरफ, अमेरिकी सीनेट में सुनवाई के दौरान रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को विरोध का सामना करना पड़ा। युद्ध विरोधी प्रदर्शनकारियों ने सुनवाई में बार-बार बाधा डाली। प्रदर्शनकारियों ने ईरान और फलस्तीन में बच्चों पर बमबारी बंद करो के नारे लगाए।

# सीजेपी के प्रदर्शन की गूंज विदेश तक

**वाशिंगटन।** अमेरिका स्थित अधिकार समूह हिंदूस फॉर ह्यूमन राइट्स के कार्यकर्ताओं ने न्यूयॉर्क और सैन जोस में प्रदर्शन किए। ये

- सोनम वांगचुक के समर्थन में सड़क पर उतरे लोग

प्रदर्शन सोनम वांगचुक के समर्थन में आयोजित किए गए। सोनम वांगचुक नीट परीक्षा में हुई कथित धांधली के विरोध में नई दिल्ली में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। सोमवार शाम कार्यकर्ता न्यूयॉर्क शहर के यूनियन स्क्वायर और सैन जोस में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास इकट्ठा हुए। वे हाथों में सोनम वांगचुक के समर्थन में लिखे बैनर और तख्तियां लिए हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग रखी। संस्था ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि लंदन में भारतीय उच्चायोग और डबलिन में भारतीय दूतावास के बाहर भी ऐसे ही प्रदर्शन हुए। संगठन ने कहा कि न्यूयॉर्क, लंदन, सैन जोस या डबलिन से एक साफ संदेश गया है कि भारत के छात्र सम्मान और निष्पक्ष व्यवहार के हकदार हैं। संगठन के अनुसार, भारत के युवाओं को ईमानदार जवाब और भरोसेमंद भविष्य मिलना चाहिए। भारत के नागरिकों को खुलकर बातचीत और सुधार की जरूरत है। अब समय आ गया है कि भारत सरकार अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करे। इससे पहले भी इस संस्था ने भारत सरकार से अपील की थी कि सरकार वांगचुक और नीट परीक्षा धांधली के खिलाफ भूख हड़ताल कर रहे अन्य लोगों से बातचीत करे।

## जेलेंस्की ने यूक्रेन का सेना प्रमुख बदला

**कीव।** यूक्रेन की राजनीति में अचानक बहुत बड़ा उलटफेर हो गया है। राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने यूक्रेन के सेना प्रमुख जनरल ओलेक्जेंडर सिरस्की को पद से हटा दिया है। यह फैसला मंगलवार को लिया गया। पूरे देश में सिरस्की के खिलाफ भारी प्रदर्शन हो रहे थे। राजधानी कीव और कई अन्य शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए थे। लोग सिरस्की को हटाने की मांग कर रहे थे। जेलेंस्की ने मिखाइलो द्रपाती को नया सेना प्रमुख बनाया है। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करके दी। जेलेंस्की ने कहा कि सभी की एक ही इच्छा है। वह इच्छा दुश्मन पर जीत हासिल करना है। सीमा पर ऐसे हालात बनाना है कि रूस शांति के लिए मजबूर हो जाए। उन्होंने आगे कहा कि देश ने एक बड़ा रास्ता तय किया है।

## एक नज़र

### जॉर्डन : ईरानी हमले में अमेरिका के तीसरे सैनिक की मौत

अब तक 18 अमेरिकी सैनिक मारे जा चुके

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने पुष्टि की है कि जॉर्डन में एक बेस पर शुक्रवार को हुए हमले में तीसरे सैनिक के मारे जाने की आशंका है। हालांकि उन्हें मृत माना जा रहा है। सैनिक की पहचान न्यूयॉर्क की रहने वाली 28 वर्षीय सार्जेंट एंजेल एस रामपरसाद के रूप में हुई है। इससे युद्ध की शुरुआत से अब तक कुल 18 अमेरिकी सैनिक मारे जा चुके हैं। सोमवार को पेंटागन ने जॉर्डन हमले में मारे गए दो अन्य सैनिकों की पहचान बताई थी। इनमें हवाई के रहने वाले 25 वर्षीय फर्स्ट लेफ्टिनेंट टायलर जेम्स फोहान और टेक्सस की रहने वाली 19 वर्षीय प्राइवेट इसाबेला गोंजालेस शामिल थे। ये सैनिक इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अमेरिकी मिशन में तैनात थे। ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों से इन सैनिकों की मौत हुई। हमले के बाद सेना ने बताया था कि दो सैनिक मारे गए हैं और एक लापता है। अब पेंटागन का कहना है कि रामपरसाद ही वह लापता सैनिक हैं। उनका आधिकारिक दर्जा कर्तव्य स्थिति-स्थान अज्ञात है और उन्हें मृत माना जा रहा है। रामपरसाद और गोंजालेस जर्मनी में तैनात 10वीं आर्मी एयर एंड मिसाइल डिफेंस कमांड की एक ही यूनिट से थीं।

### पाकिस्तान में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 12 लोग मरे

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भारी मानसून की बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण हुई विभिन्न घटनाओं में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है और 18 अन्य घायल हो गए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, हताहतों में घरों की छतें और दीवारें गिरने से मारे गए लोग तथा अचानक आई बाढ़ में बह गए लोग शामिल हैं। मृतकों में छह पुरुष, पांच बच्चे और एक महिला शामिल है। घायलों में आठ पुरुष, दो महिलाएं और आठ बच्चे शामिल हैं। यह घटनाएं पेशावर, खैबर, मर्दन, बुनेर, बाजौर, लोअर चित्रा, एबटाबाद, मनसेहरा, तोरघर और कुर्रम जिलों से बताई गई हैं।

### वियतनाम : बस में आग लगने से सात की मौत

**हनोई।** वियतनाम के दक्षिणी शहर डोंग नाई के पास एक भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। सोमवार तड़के एक यात्री बस सड़क से उतरकर किनारे बने तटबंधों से टकरा गई और बाद में उसमें आग लग गई। यह हादसा एक स्लीपर बस में हुआ, जो लंबी दूरी की यात्रा के लिए इस्तेमाल की जाती है और इसमें सीटों की जगह आरामदायक बिस्तर लगे होते हैं। स्थानीय समाचार एजेंसी वीएन एक्सप्रेस के अनुसार, दुर्घटना तड़के लगभग 2:30 बजे हुई, जब बस नियंत्रण खो बैठी और पहले एक तटबंध से टकराई। थोड़ी दूर और चलने के बाद वह दूसरे तटबंध से टकराकर रुक गई। इसके तुरंत बाद बस के निचले हिस्से से आग की लपटें उठने लगीं और देखते ही देखते पूरी यात्री केबिन आग की चपेट में आ गई।

### ममता से तीखी बहस के बाद कल्याण बनर्जी ने मंच छोड़ा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने ममता बनर्जी गुट की शहीद दिवस रैली में लगभग 23 मिनट का भाषण देने के तुरंत बाद गुस्से में रैली छोड़ दी। भाषण में लिए गए समय को लेकर पार्टी प्रमुख के साथ उनकी तीखी बहस हो गई थी। बाद में, सेरामपुर के सांसद ने कहा कि जो कुछ हुआ, उससे उन्हें बहुत दुख पहुंचा है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उस जगह पहुंचीं जहां कल्याण बनर्जी भाषण दे रहे थे। उन्होंने उनका स्वागत करने के लिए थोड़ी देर के लिए भाषण रोका और फिर अपना संबोधन जारी रखा। क्योंकि प्रोग्राम तय समय से पीछे चल रहा था, इसलिए कल्याण से अपना भाषण खत्म करने को कहा गया। फिर भी, वह लगभग साढ़े 22 मिनट तक बोलते रहे।

## पश्चिम अफ्रीका में नौका पलटने के हादसों में 150 से अधिक की मौत या लापता

**जोहानिसबर्ग।** संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने मंगलवार को पश्चिम अफ्रीका के तट पर हुई दो अलग-अलग घटनाओं में लगभग 150 प्रवासियों के मारे जाने या लापता होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। ये लोग पिछले सप्ताह यूरोप पहुंचने के प्रयास में नावों पर सवार होकर यात्रा कर रहे थे। एजेंसी के अनुसार, 14 से 18 जुलाई के बीच हुई इन घटनाओं में 144 लोग या तो मृत पाए गए या लापता हो गए, जबकि 387 लोगों को बचाया गया। मॉरिटानिया के तटरक्षक बल ने बताया कि राजधानी नौआकत के पास तट से 122 लोग लापता हुए। एक नाव, जिसमें गाम्बिया से 160 लोग कैनरी द्वीप की ओर जा रहे थे, ईंधन खत्म होने के कारण 25 दिनों तक समुद्र में फंसी रही।

## वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति मादुरो पर चलेगा ड्रग तस्करी का केस

**वॉशिंगटन।** वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर अमेरिका में ड्रग तस्करी के संगीन आरोपों के तहत मुकदमा चलाने की तैयारी तेज

- अमेरिकी कोर्ट में जून 2027 से ट्रायल का प्रस्ताव

हो गई है। मादुरो और अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) के वकीलों ने मिलकर अदालत में एक प्रस्ताव दिया है, जिसमें मुकदमे की शुरुआत जून 2027 से करने की मांग की गई है। बता दें कि यह संयुक्त प्रस्ताव मैनहट्टन फेडरल कोर्ट में होने वाली सुनवाई से ठीक पहले एक अदालती दस्तावेज के जरिए सामने आया है। इस हाई-प्रोफाइल मामले को अमेरिका के हालिया इतिहास के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण मुकदमों में से एक माना जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों ने जून 2027 की तारीख का प्रस्ताव तो दिया है, लेकिन अंतिम फैसला अमेरिकी जिला न्यायाधीश अल्विन हेलरस्टीन को लेना है। शेड्यूल में आगे बदलाव भी संभव है। गौरतलब है कि इसी साल जनवरी में अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज ने वेनेजुएला की राजधानी काराकास में एक रात के दौरान बड़ा ऑपरेशन चलाया था। इसमें मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर सीधे न्यूयॉर्क लाया गया था। इसके बाद 5 जनवरी को कोर्ट में पेशी के दौरान मादुरो ने खुद को युद्धबंदी करार दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका वेनेजुएला के विशाल तेल भंडारों पर कब्जा करने के लिए उन्हें सत्ता से हटाना चाहता है।

## नेतन्याहू का गिरफ्तारी वारंट लागू हो : ममदानी

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने मंगलवार देर रात कहा कि शहर इस्राइल के बेंजामिन नेतन्याहू के लिए दुनिया की शीर्ष युद्ध अपराध

- ट्रंप बोले अमेरिका में नहीं होगी गिरफ्तारी



अदालत के ओर से जारी गिरफ्तारी वारंट को लागू करने में सक्षम नहीं होगा, लेकिन उन्होंने संघीय सरकार से ऐसा करने का आग्रह किया। वीडियो में ममदानी ने इस्राइली प्रधानमंत्री को युद्ध अपराधी बताया। इसके साथ ही कहा कि न्यूयॉर्क शहर में उनका स्वागत नहीं है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय का जिक्र करते हुए कहा यह साफ है कि हमारे पास इस वारंट को लागू करने का स्वतंत्र कानूनी अधिकार नहीं है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि हालांकि, संघीय सरकार के पास यह अधिकार है और मैं उनसे आईसीसी में शामिल होने और इस वारंट को लागू करने का आह्वान करता हूं ममदानी ने इस महीने की शुरुआत में न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया था कि वह और शहर का कानूनी विभाग इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि अगर नेतन्याहू सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए न्यूयॉर्क शहर आते हैं तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में नेतन्याहू से कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में रहते हुए उन्हें किसी भी तरह से गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। इस पोस्ट में ममदानी का सीधा जिक्र नहीं किया गया था। पिछले साल अपने मेयर चुनाव अभियान के दौरान ममदानी ने कहा था कि वह गाजा युद्ध में नेतन्याहू की भूमिका को लेकर आपराधिक अदालत के वारंट के तहत शहर की पुलिस को उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश देने की कोशिश करेंगे।

## विरासत

### महिला को सम्राट बनने का अधिकार नहीं मिला

# जापान में राजा अब दूर के रिश्तेदारों को गोद लेंगे

**टोक्यो।** जापान की संसद ने शाही परिवार के उत्तराधिकार से जुड़े कानून में बड़ा बदलाव किया है। नए कानून के तहत अब शाही परिवार


- सिर्फ 3 उत्तराधिकारी बचे तो नियम बदला




15 साल या उससे अधिक उम्र के दूर के पुरुष रिश्तेदारों को गोद लेकर दोबारा शाही परिवार में शामिल कर सकेगा।

इसके अलावा, अब शाही परिवार की महिलाएं किसी आम नागरिक से शादी करने के बाद भी अपना शाही दर्जा और आधिकारिक जिम्मेदारियां नहीं खोएंगी। हालांकि, सबसे अहम नियम नहीं बदला गया। जापान में अब भी सिर्फ पुरुष ही सम्राट बन सकते हैं। यानी सम्राट नारुहितो की इकलौती बेटी राजकुमारी आइको भविष्य में भी सिंहासन की उत्तराधिकारी नहीं बन सकेंगी। जापान का शाही परिवार दुनिया का सबसे पुराना लगातार चला आ रहा राजवंश माना जाता है, लेकिन आज वह उत्तराधिकार के गंभीर संकट से जूझ रहा है। मौजूदा सम्राट की सिर्फ एक बेटी है। वह उत्तराधिकारी नहीं बन सकती, क्योंकि कानून सिर्फ पुरुषों को ही सिंहासन का अधिकार देता है। शाही परिवार में सिंहासन के सिर्फ 3 उत्तराधिकारी हैं। उत्तराधिकार की कतार में पहले नंबर पर सम्राट के छोटे भाई प्रिंस फुमिहितो, दूसरे नंबर पर उनके 19 वर्षीय बेटे प्रिंस हिसाहितो और तीसरे नंबर पर 90 वर्षीय प्रिंस हिताची हैं। अगर भविष्य में पुरुष उत्तराधिकारी नहीं बढ़े, तो शाही परिवार के सामने उत्तराधिकार का संकट और गहरा सकता है। सरकार के सामने दो ही रास्ते थे- महिलाओं को भी सम्राट बनने की अनुमति दी जाए।दूसरे विश्व युद्ध के बाद शाही परिवार से अलग किए गए पुराने शाही वंश के पुरुषों को वापस लाया जाए। जापान में महिला को सम्राट बनाने का मुद्दा कई वर्षों से चर्चा में है। जनमत सर्वेक्षणों में अधिकांश जापानी नागरिक महिला सम्राट के पक्ष में रहे हैं। 2024 में क्योडो न्यूज के सर्वे में 90 प्रतिशत जापानी नागरिकों ने महिला सम्राट का समर्थन किया था। लेकिन सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के परंपरावादी नेता इसका विरोध करते रहे हैं। इन नेताओं का तर्क है कि जापान का शाही परिवार करीब 2,000 वर्षों से पुरुष वंश के आधार पर चला आ रहा है। उनके अनुसार, अगर किसी महिला को सम्राट बनाया गया और उसके बच्चे भविष्य में सिंहासन पर बैठे, तो शाही परिवार की पितृवंश परंपरा टूट जाएगी। उनका मानना है कि यही परंपरा जापान की राजशाही की पहचान है और इसे नहीं बदला जाना चाहिए। इसी वजह से सरकार ने महिला सम्राट या महिलाओं की संतान को उत्तराधिकारी बनाने का कानून बदलने के बजाय दूसरा रास्ता चुना। सम्राट को उत्तराधिकारी चुनने के लिए गोद लेने का अधिकार मिला है। लेकिन वे किसी भी बच्चे को गोद नहीं ले सकते। वे केवल 11 पूर्व शाही शाखाओं के वंशज के पुरुषों को ही गोद ले सकेंगे।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर

डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089